डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 06 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-289, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10

'माइंड ट्रेनिंग की कमी' से हारे भारतीय ...

सेंसेक्स
78,759.40 -2,222.55

डॉलर
84.038 +0.269

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 69,200
01 किलो 79,940

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

बाढ़ में फंसे लोहरगड़ा गांव के 17 ग्रामीणों को एनडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला

नवीन मेल संवाददाता

केतार। भारी बारिश के बाद सोन नदी के जल स्तर में अचानक आई बाढ़ में फंसे लोहरगड़ा गांव के सभी 17 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार की सुबह काफी मसक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। अहले सुबह सोमवार को रेस्क्यू कर बाढ़ में फंसे लोगों को बिहार के मथकुपिया में रखा गया है। दूसरे टीले पर फंसे करीब सात लोगों को भी सुरक्षित निकाल लिया गया। उसके बाद लोहरगड़ा गांव की ओर से वहां फंसे मवेशियों को निकालने के लिए बड़ी नाव भेज कर रेस्क्यू किया गया। फिलवक्त सोन नदी का जल स्तर घटने से सोन के तटीय गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब हो कि पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के बाद सोन नदी का जल स्तर बढ़ गया था। बताया गया कि कनहर नदी, रिहंद सागर बांध सहित अन्य जलाशयों में पानी

बढ़ने के बाद बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई थी। केतार प्रखंड के मेरौनी गांव के सामने सोन नदी में फंसे लोहरगड़ा गांव के लोगों ने रविवार करीब आठ बजे सोन नदी की जल स्तर बढ़ने के बाद भयभीत होकर बचाव कार्य के लिए ग्रामीणों को फोन कॉल कर मदद की गुहार लगाई थी। उसके बाद गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप चौधरी ने स्थानीय प्रशासन व पत्रकारों को सोन नदी में लोगों को फंसे होने की सूचना दी। उसके बाद हरकत में आई प्रशासन ने लोहरगड़ा पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त शेखर जमुआर एसपी दीपक कुमार पांडेय, बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्घा, डीएसपी सत्येंद्र सिंह, केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार, ओपी प्रभारी रजनी रंजन सहित पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव सहित अन्य ने लोहरगड़ा गांव

बाढ़ की सूचना पर सुरक्षित रहें लोग : उपायुक्त

रविवार देर रात बाढ़ की सूचना पर लोहरगड़ा पहुंचे उपायुक्त शेखर जमुआर ने स्थानीय लोगों से कहा कि जब स्थानीय प्रशासन की ओर से बाढ़ की सूचना दी जाती है तो सोन नदी में काम करने वाले लोग निकल जाएं। साथ ही सोन नदी किनारे बसे गांव के लोग नदी से दूर रहें। लापरवाही से आपात स्थिति उत्पन्न होती है। जिससे सभी के मुश्किलें बढ़ जाते हैं। साथ ही उपायुक्त ने ओपी प्रभारी रजनी रंजन को निर्देश दिया कि बाढ़ की सूचना होने पर सोन तटीय गांवों में प्रचार प्रसार करा कर लोगों को सतर्क किया जाय।

में कैंप कर पल-पल की स्थिति की जानकारी लेते रहे। उपायुक्त की सूचना पर करीब साढ़े 11 बजे एनडीआरएफ की टीम बिहार के बिहटा से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

स्वच्छ, त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सभी की प्राथमिकता : आयुक्त

■ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग कीअपील

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा सोमवार को गढ़वा समाहरणालय सभागार में जिले के 80 गढ़वा, 81 भवनाथपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर द्वितीय मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों व अबतक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही मतदाता

आयुक्त ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

बैठक उपरांत प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा गढ़वा के मतदान केंद्र संख्या 117 के वार्ड नंबर-9 के दीपुआ मुहल्ला पहुंचकर बीएलओ से मिले और उनसे पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। साथ ही घर-घर भ्रमण कर कार्य का सत्यापन किया। घरों पर बीएलओ द्वारा चिपकाए गये स्टीकर का भी अवलोकन किया। साथ ही मतदाताओं से बात कर मतदाता सूची में उनका नाम जुड़ने संबंधी जानकारी प्राप्त की। साथ में गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि पदाधिकारी शामिल थे।

सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एक नजर

मुख्यमंत्री ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलने पर दी सहमति

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पलामू जिला के अंतर्गत डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है, ताकि इसे अग्रतर कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय, केंद्र सरकार को प्रेषित किया जा सके।

झारखंड हाई कोर्ट ने डीवीसी में नियुक्ति प्रक्रिया पर लगाई रोक

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी), कोलकाता द्वारा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी एवं मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए निकल गए विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को तीन सप्ताह में पूरक शपथ पर दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले को लेकर भूपेंद्र सिंह की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। डीवीसी, कोलकाता ने एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के सात पदों और मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर (हेल्थ सर्विसेज) के 21 पदों लिए 18 जुलाई को विज्ञापन निकाला था। सात अगस्त तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका चयन पूर्व में एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के पद पर हुआ था। मेरिट लिस्ट में वह द्वितीय नंबर पर था लेकिन उसका अंतिम रूप से चयन यह कहते हुए नहीं किया गया कि उसपर विभागीय कार्रवाई चल रही है, जिसको लेकर याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट भी याचिका दाखिल की गई है।

राज्य में मादक पदार्थों की बिक्री पर हो कठोर कार्रवाई : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के डीजीपी से मौखिक कहा कि झारखंड में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री हर हाल में रोकने के लिए कठोर कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करे। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों में जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस और एनसीबी को-ऑर्डिनेशन से इसका पता लगाकर इन्हें नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करें। खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम ,चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान डीजीपी एवं रांची एसएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। कोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया कि अफीम, चरस, गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए पुलिस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाए। कोर्ट ने रांची एसएसपी से भी मौखिक कहा कि रांची शहर में स्कूल एवं मंदिरों के निकट किसी भी स्थिति में शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। मंदिरों के निकट बार एवं रेस्टोरेंट खोला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि उत्पाद विभाग के साथ-साथ पुलिस की भी यह जिम्मेवारी है कि रांची शहर में अवैध ढंग से शराब की बिक्री ना हो। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उठाए जा रहे समुचित कदम : सीएम

- मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पोर्टल को किया लॉन्च

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी चिकित्सकों, पारा कर्मी, संविदा पर कार्यरत कर्मी तथा अन्य कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने करने के लिए 'उपस्थिति पोर्टल' का सोमवार को शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा दर्ज की जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य

की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा झारखंड राज्य के सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी सुलभ और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

सभी श्रेणी के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र को मजबूत करने की हो रही पहल : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों को सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को रखरखाव, मरम्मत, चिकित्सा संसाधन, जांच सुविधा और दवाइयां की व्यवस्था

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तकनीकी समस्याओं का करें त्वरित समाधान : हेमंत

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) की शुरूआत पर एक्स हैंडल पर पोस्ट कर झारखंड की बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरूआती परेशानी के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए उन्होंने निर्देश दिया है तथा इस मामले को लेकर वरीय पदाधिकारियों की भी बैठक हुई है। योजना को लेकर दिख रहे उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर जांच और चिकित्सा सुविधा मिले, इसे स्वास्थ्य विभाग सुनिश्चित करे।

जिला अस्पतालों को 247 ऑपरेशनल बनाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों को 247 ऑपरेशनल बनाने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। इसके तहत इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ सभी तरह की सर्जरी की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मरीजों को किसी दूसरे अस्पताल के लिए रेफर करने की नौबत नहीं आए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों के ओपीडी में भी मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श मिल सके इस दिशा में भी पहल करें। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आज कल

आरक्षण की आग में झुलसी बांग्लादेश की सत्ता

इस्तीफा दे दिल्ली पहुंचीं शेख हसीना, इंग्लैंड से मांगी शरण

- सैन्य विमान से सोमवार शाम 5.30 बजे गाजियाबाद स्थित वायु सेना के हिंडन एयरबेस पहुंचीं हसीना
- पीएम के सरकारी आवास में घुसे उग्र प्रदर्शनकारी, देश के नाम संदेश भी रिकार्ड नहीं करा सकीं प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। बांग्लादेश में पहले आरक्षण और फिर अपने नेताओं की रिहाई की मांग को लेकर चल रहे छात्र प्रदर्शन के बीच सोमवार दोपहर प्रधानमंत्री शेख हसीना के आधिकारिक निवास में उग्र प्रदर्शनकारी घुस आए। उसके बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान को

अपना इस्तीफा सौंप दिया। वह देश के नाम संदेश रिकार्ड करना चाहती थीं लेकिन प्रदर्शनकारियों की उग्रता के कारण उन्हें इसका अवसर नहीं मिला। उन्होंने तत्काल भारत सरकार से मदद मांगी जिसे स्वीकार करते हुए भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने के लिए सुरक्षित रास्ता देने को मंजूरी दे दी गई। मंजूरी मिलते ही शेख हसीना अपने परिजनों के साथ बांग्लादेश के सैन्य विमान से सोमवार शाम 5.30 बजे गाजियाबाद स्थित वायु सेना के हिंडन एयरबेस पहुंची। शेख हसीना को ला रहे सी-130जे विमान को हिंडन में उतरने के लिए प्राथमिकता दी गई। माना जा रहा है कि शेख हसीना अब नई दिल्ली से लंदन जाने की तैयारी कर रही हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इंग्लैंड की सरकार से शरण मांगी है। जानकारी के मुताबिक शेख हसीना कभी भी नई दिल्ली से लंदन के लिए रवाना हो सकती हैं।

सेना प्रमुख बनाएंगे अंतरिम सरकार : वहीं, बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने देश के सभी दलों की भागीदारी से अंतरिम सरकार के गठन की बात कही है। रविवार शाम से ही पूरे देश में तत्काल क्फर्यू लग दी गई थी लेकिन कहीं इसका असर देखने को नहीं मिला। बांग्लादेश के सेना प्रमुख का कहना है, वे अंतरिम सरकार बनाएंगे और देश को संभालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बांग्लादेश में आंदोलन-हिंसा -राजनीतिक अस्थिरता से भारत पर व्यापारिक व सामरिक असर

-ब्यूरो

नई दिल्ली। पड़ोसी देश बांग्लादेश में छात्रों व जनता के आंदोलन , हिंसा के हालात में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना इस्तीफा देकर भारत भाग आईं हैं, और सेना ने कमान सम्भाल लिया है । क्या असर कुछ असर भारत पर पड़ेगा? चूँकि भारत बांग्लादेश के साथ में बड़ी मात्रा में व्यापार करता है। इसलिए वहाँ फैली हिंसा की वजह से भारत के कारोबार पर भी असर पड़ेगा ही पड़ेगा। दोनों देश कई सारी चीजों का इंपोर्ट और एक्सपोर्ट करते हैं। प्रदर्शन व हिंसा के कारण बांग्लादेश के उद्योग लंबे समय से बंद है। वे दूसरे देशों में किसी भी सामान को भेजने से बच रहे हैं। यदि लंबे समय तक ऐसी ही स्थिति बनी रही तो भारत में कई सारे प्रोडक्ट की कीमतों पर भी बहुत असर पड़ेगा। हाई क्वालिटी के रेडीमेड गारमेंट को तैयार करने के लिए बांग्लादेश प्रसिद्ध है। यहां पर सस्ते मजदूर व कच्चा माल मिल जाता है। इसीलिए वहां पर तैयार होने वाले कपड़ों की फिनिशिंग व क्वालिटी दुनिया में बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत के बड़े-बड़े ब्रांड या तो बांग्लादेश में कपड़े तैयार करवाते हैं या फिर वहां से कच्चा माल मंगवाते हैं । फिर उसे अपने देश में तैयार करवाते हैं। बांग्लादेश से भारत केवल कपड़ो के माल का ही आयात नहीं करता है, बल्कि जूट, रबर, खाद्य तेल और सब्जी तेल का भी आयात करता है। वहीं भारत भी काफी कुछ निर्यात करता है। इसमें चावल, रुई, सूती कपड़ा, गेहूं और गेहूं से बने प्रोडक्ट, मसाले, सब्जी, चीनी, फल और दूसरे प्रोडक्ट्स शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने बांग्लादेश को 1220 करोड़ डॉलर का निर्यात किया है।और बांग्लादेश से भारत आने वाले सामानों 1154 सामानों का आयात किया गया। यह लगभग 2.02 अरब डॉलर का था। वहीं, इससे पिछले फाइनेंशियल ईयर में यह आंकड़ा महज 1.97 अरब डॉलर ही था।भारत और बांग्लादेश के बीच में मजबूत संबंधों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोनों देशों ने भारतीय रुपये में ट्रेड शुरू किया है। भारत में मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने भारत का दौरा किया था और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया

भ्रष्ट तंत्र को भी दंडित करने से रुकेगा अतिक्रमण

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आजकल पूरे देश में सौंदर्यीकरण, कोर्ट के आदेश के बाद अवैध निर्माण हटाने और शहरों को विकसित करने के नाम पर अतिक्रमण रोधी अभियान चलाए जा रहे हैं जिसका दंश वे झेल रहे हैं, जिनकी आवाज सुनाई नहीं पड़ती है। आर्थिक रूप से कमजोर और किसी तरह आजीविका चलाने वाले ये लोग शहरी अतिक्रमण हटाओ दस्ते के दायरे में आ रहे हैं। जिनके पास साधन हैं, वे न्यायालय से स्थगन ले कानूनी लड़ाई लड़ते रहते हैं। एक बहुत बड़ा शक्तिशाली लोगों ' समूह सब कुछ जानते-समझते हुए भी नियम-कानून तोड़ता रहता है, क्योंकि उसके पास बचाव के संसाधन उपलब्ध हैं।नियम-कानून की अवहेलना से सरकारी प्रतिष्ठान भी अछूते नहीं हैं। सरकार की ओर से विकसित की जा रही सुविधाओं में भी विधि सम्मत प्रावधान नहीं पाए जाते हैं। अधिकांशतया सार्वजनिक उपयोग के स्थल, जैसे स्वच्छ भारत अभियान या अन्य योजनाओं की हड़बड़ी में बने मॉड्यूलर शौचालय, उद्यान, सामुदायिक केंद्र और सड़कों के निर्माण में पूरी तरह से कानून का पालन नहीं किया जाता, जिसके कारण पैदल चलने वाले, खासकर दिव्यांग, महिलाएं एवं वरिष्ठजन इनके उपयोग से वंचित रह जाते हैं।उचित देखरेख की कमी और बिना बिचारे स्थापित ये काम बाद में तोड़ कर फेंक दिए जाते हैं । वैसे भी शहरी और महानगरीय व्यवस्थाओं के विकास पर ग्रामीण इलाकों की तुलना में प्रति व्यक्ति व्यय अधिक हो रहा है और उसका लाभ भी हर व्यक्ति की पहुंच से दूर है। शहरों के विकास हेतु विभिन्न मदों में व्यय के प्रावधान किए गए हैं और शहरों के इर्द-गिर्द ही विशेष सुविधाओं का निर्माण भी किया जाता है। शैक्षणिक हों अथवा चिकित्सकीय संस्थान या कोई अन्य उत्कृष्टता केंद्र, सभी की स्थापना नगरीय सीमा में ही की जाती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम ने

अपने दृष्टि पत्र में शहरों के समान ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं विकसित करने का मंत्र दिया था। उसके पीछे तर्क यही था कि इससे पलायन रुकेगा, सतत विकास के साथ नए अवसर पैदा होंगे, लेकिन अब भी प्राथमिकता शहरी क्षेत्रों को ही मिलती है। कई बार यह तर्क भी दिया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान कम है, किंतु बीते कुछ वर्षों में उनके द्वारा व्यय में बढ़ोतरी के कारण ग्रामीणों द्वारा अप्रत्यक्ष कर अदा किया जा रहा है, अतः उस दृष्टि से भी देखा जाए, तो अनुपातिक विकास के प्रावधान नहीं रहते हैं। विडंबना तो यह है कि शहरों में निर्माण के साथ विनिर्माण पर भी सामाजिक व्यय हो रहा है।अधिकांश शहर अव्यवस्थित, अनियोजित, अस्त- व्यस्त विकास से ग्रस्त हैं। संभवतः शहर निर्माण और नियम-कानून की अनदेखी के पर्याय बन गए हैं। किसी भी बजट या आय-व्यय के ब्योरे में इसका उल्लेख नहीं रहता कि अवैध निर्माण हटाने में कितने संसाधन खर्च हुए। उसका सांख्यिकीय आकलन किए बिना जवाबदेही तय करना दुष्कर हो जाता है।

अवैध निर्माण या अतिक्रमण रातों-रात नहीं होते, इसलिए इसके उत्तरदायी मात्र कानून तोड़ने वाले नहीं होते हैं, बल्कि वह पूरा सरकारी तंत्र होता है, जिसे कानून की पालना करवाने के लिए वेतन-भत्ते दिए जाते हैं। शायद ही कभी अतिक्रमण के मामले में महकमे के किसी कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई हुई हो। अतिक्रमण के मामले में सभी पक्षों- अवैध निर्माणकर्ता, पर्यवेक्षक एवं जिम्मेदार महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। अगर सख्ती से सेवा दोष के तहत उन जिम्मेदार कर्मियों और अधिकारियों पर कार्रवाई होती, तो अवैध निर्माण या अतिक्रमण पर विराम लग गया होता।

अनेक शहरों में नेताओं और शक्तिशाली अधिकारियों के आवास के बाहर फुटपाथ और रास्तों पर अवैध रूप से हो रहे विस्तार को देखा जा सकता है। न्यायालयों के स्व-संज्ञान से गाड़ियों द्वारा ट्रैफिक जाम से लेकर मानवता की रक्षा तो हो जाती है पर यह मूलतः सरकारों का काम है । नगर नियोजन में एक अहम कड़ी वास्तुकार और नगर नियोजक विशेषज्ञ भी होते हैं। लेकिन ये भी अंधाधुंध तरीके से निर्माण की स्वीकृति दे देते हैं। आजतक किसी भी नगर नियोजक या वास्तुकार को दोषी नहीं ठहराया गया है।ऐसा लगता है कि शहरों को विकृत करने में सभी लगे हुए हैं और 'सब चलता है' या 'जब कोई आवाज उठेगी, तब देखा जाएगा' के सिद्धांत पर सभी चल रहे हैं। मात्र सरकार के भरोसे अनुशासन स्थापित नहीं किया जा सकता। आम आदमी को भी सरोकार रखना होगा, अन्यथा इस चुप्पी का खामियाजा सबको भुगतना होगा।

मलेरिया पीड़ित बच्ची की इलाज के दौरान मौत, माता-पिता व बहन रेफर

चंदवा। बारिश का मौसम शुरू होते ही प्रखंड क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। रविवार को एक मलेरिया पीड़ित बच्ची उर्मिला कुमारी 11 वर्ष की मौत सीएचसी में इलाज के दौरान हो गई। उसके माता पिता व बहन अभी भी सदर अस्पताल लातेहार में इलाजरत हैं। सभी को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया है। उक्त मामला माल्हन पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती सेकलेतरी गांव का है। सेकलेतरी निवासी मलेरिया पीड़ित एक ही परिवार के चार सदस्यों में से उर्मिला कुमारी (11 वर्ष) की मौत रविवार की रात हो गयी। आक्रांत चार मरीजों में उर्मिला व उसकी मां सोनी देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए रविवार की देर रात्रि सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया था, लेकिन रास्ते में ही उर्मिला ने दम तोड़ दिया। इधर मलेरिया पीड़ित उर्मिला कुमारी की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। मलेरिया विभाग भी पूरी तरह से सक्रिय हो गयी। विभाग द्वारा सीएचसी प्रभारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के उपरांत गांव में मलेरिया से बचाव को लेकर चलाये जा रहे अभियान को तेज कर दिया गया है। सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने बताया कि मलेरिया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एक नजर

फाइलेरिया उन्मूलन पर बैठक कल

हैदरनगर। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के सभागार में सात अगस्त को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर बैठक बुलाई गई है। इस संबध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने सोमवार को पत्र जारी कर बताया है कि उच्चाधिकारी के दिशा निर्देश के तहत इस प्रखंड क्षेत्र में 10 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन का उन्मुखीकरण किया जायेगा। इस अभियान में सभी जन समुदायों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाना है। जिसमें एक वर्ष से आयु के बच्चे, गर्भवती माताओं और गंभीर रुप से बीमार लोगों को शामिल नहीं किया जायेगा। इस कार्यक्रम की सफलता के लिये सूचना की प्रति सांसद व विधायक प्रतिनिधि, जिला पार्षद, प्रमुख व उपप्रमुख, सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य, बीस सूत्री अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को देकर बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

भारी संख्या में गौवंशीय पशु जब्त

चैनपुर। थाना की पुलिस ने भारी संख्या में अवैध मवेशी को जब्त किया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि 4 अगस्त को समय करीब 12 बजे चैनपुर थाना को गुप्त सूचना मिली कि कुछ पशु तस्करों द्वारा किन्नी पहाड़ के बगल से गुजरने वाले कच्चे रास्ते से भारी संख्या में गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस बिक्री करने के उदेश्य से पैदल तस्करी की जा रही है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को देते हुए निर्देशानुसार टीम गठन कर प्राप्त सूचना के आलोक में सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु किन्नी पहाड़ के पास पहुंचे। जहां पुलिस टीम को आते देख कर सभी पशु तस्कर पशुओं को छोड़ कर भाग गये। वहीं 94 गौवंशीय पशुओं को बरामद कर विधिव जब्त करते हुए सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में 11 नामजद एवं अन्य अज्ञात गोवंशीय पशु तस्करों के विरूद्ध चैनपुर थाना मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

चेकिंग अभियान में स्टोन चिप्स लगे चार ट्रक जब्त

हरिहरगंज। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार द्वारा सोमवार की अहले सुबह 3 बजे वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान चार स्टोन चिप्स लोड ट्रक को जब्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि छतरपुर की ओर से स्टोन चिप्स लदे हरिहरगंज के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा था, जिसे मेदिनीनगर- औरंगाबाद एनएच 139 दुबटिया मोड़ के पास छापेमारी कर पकड़ लिया गया है। चार ट्रकों में स्टोन चिप्स ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस बलों की मदद से छापेमारी अभियान चलाया गया। ट्रक जब्त की सूचना तत्काल डीएमओ को दे दी गयी। जानकारी में थाना प्रभारी ने कहा कि चारो गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया है। इसका प्रतिवेदन डीएमओ के पास भेजा जा रहा है। डीएमओ के प्रतिवेदन के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कैंप में सर्वर फेल के कारण नहीं हो पा रहा ऑनलाइन आवेदन

सरकार इस योजना को लागू करा कर अपना पीठ थपथपाना चाहती हैं : जिप सदस्य

वहीं सोमवार को तीसरे भी हुसैनाबाद उतरी जिप सदस्य राजू मेहता ने अपने क्षेत्र के कई कैम्पों में दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि देवरी कला व देवरी खुर्द पंचायत में अभी तक नेटवर्किंग साइट्स नहीं खुली हैं। वही जनता अपने कृषि कार्यो को छोड़कर कैम्प में चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार बिना किसी तैयारी के आनन- फानन में इस योजना को लागू करा कर अपना पीठ थपथपाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कैम्प में कोई अधिकृत अधिकारी या नोडल अधिकारी नहीं है। ऑपरेटर के भरोसे सिस्टम को ठीक कराया जा रहा है। वहीं फार्म भरने का अंतिम तिथि अब 15 अगस्त हो गयी है। उन्होंने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर सरकार वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती हैं तो यह योजना लालीपॉप योजना बन कर रह जायेगी।

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत होते ही हुसैनाबाद में टांय- टांय फिस्स होने लगी हैं । दरअसल सरकार ने इस योजना के लाभ के लिए 21 वर्ष से 50 वर्ष के आयु की योग्य महिलाओं के सम्मान में प्रत्येक महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार प्रति माह व एक वर्ष में कुल 12 हजार रुपए देने की घोषणा करते हुए उसके क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर बैठक व सभी बिंदुओं पर तैयारी तो भारी भरकम की हैं । साथ ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हर गतिविधि की जानकारी अपने सोशल हैंडल के माध्यम से लोगों को दे रहे है। साथ ही इसको लेकर अखबार व न्यूज चैनलों में सूचना प्रसारित कर 3 अगस्त से 10 अगस्त तक कैम्प लगा कर प्रत्येक पंचायत व शहरी क्षेत्रों के वार्डो में फार्म को अधिक से अधिक संख्या में भरने का निर्देश दिया है, लेकिन सबसे गौरतलब बात है कि 3 अगस्त से 5 अगस्त तक कई कैम्पों में इसको लेकर भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गयी, परन्तु किसी भी कैम्प में एक दिन में 10 लोगों का फार्म भरने की सूचना नहीं मिली हैं। इसका कारण नेटवर्क व सर्वर प्रॉब्लम बताया जा रहा हैं।

आवेदन अपलोड नहीं होने निराश लौटी महिलाएं

हैदरनगर। झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत गत तीन अगस्त से जारी पंचायत सचिवालयों में सोमवार को तीसरे दिन भी प्रखंड के सभी 12 पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं का तांता तो लगा, पर इनके आवेदन अपलोड नहीं होने से उल्टे पांव घर लौटना पड़ा है। वर्तमान स्थिति यह है कि इस योजना के क्रियान्वयन में मिला लगातार विफलता से अब पंचायत सचिवालयों में वीरानगी छाने लगी है। वहीं लाइलाज झेलती साइट के नहीं खुलने के बाद पूरे दिन जूझ रहे प्रज्ञा केन्द्र के ऑपरेटरों सहित प्रतावित लाभुक व पंचायत प्रतिनिधि भी एक बाद शिविर का भ्रमण करने के बाद थक और उबकर अपने घर जाकर दैनिक कामों में लगते नजर आये हैं। हालांकि समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया है कि तकनीकी गड़बड़ी को देखते हुए अब केवल स्व - घोषणा ही अपलोड किया जायेगा। अन्य दस्तावेजों को अपलोड करने की जरुरत नहीं है। आधार कार्ड और बैंक पास बुक की फोटोकॉपी अनिवार्य रुप में आवेदन के साथ ऑफलाइन जमा किया जायेगा। किन्तु आधार, राशन कार्ड, ईपीआईसी व पैन कार्ड, बैंक पासबुक से संबंधित अन्य विवरण पोर्टल में दर्ज किये जायेंगे। आवेदक की लाइव फोटो की अनिवार्यता भी खत्म कर दी गई है। अब सवाल उठता है कि पोर्टल जब खुलेगा, तभी तो जारी निर्देशों के अनुसार दस्तावेज अपलोड होंगे। पोर्टल यदि खुल ही जाये तो सभी दस्तावेज क्यों नहीं अपलोड होंगे। वहीं पंचायत भवनों में वीएलई नियमित काम करते रहने के साथ ही सीएससी प्रतिष्ठान से भी आवेदनों को डिजिटल बनाने का निर्देश दिया गया है। इस कार्य में जुटे ऑपरेटरों का कहना है कि उक्त दिशा निर्देश से लाभुकों, प्रतिनिधियों के बाद अब उनकी भी रात की नींद उड़ने वाली है।

झारखंड में जनसंख्या हो आरक्षण का आधार : ओबीसी एकता अधिकार मंच

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। ओबीसी एकता अधिकार मंच का न्याय रथ विश्रामपुर प्रखंड के गुरहाकला पंचायत के मुरमाकला गांव में पहुंचा। साथ ही वहां एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए ओबीसी. एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय सदस्य अमर प्रसाद ने कहा कि देश के समस्त आर्थिक गतिविधियों तथा सेना के ऊंच्च पदों, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति, सड़क भवन निर्माण के ठेकों में, सप्लाई, डीलरशिप, आउटसोर्सिंग-परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद आदि में जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी चाहिए । साथ ही बताया कि आज की स्थिति में ओ.बी.सी. समाज की हकदारी हर क्षेत्र में जरूरी है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो खेल का क्षेत्र हो ओबीसी. के लोग हर जगह आगे आए और बढ़ चढ़कर हर क्षेत्र में हिस्सा लें। ओबीसी को बिहार में 30 प्रतिशत आरक्षण है, लेकिन झारखंड में मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण है। हमें झारखंड में जनसंख्या के अनुसार आरक्षण चाहिए। राज्य में अनुसूचित जाति, जनजाति का -आरक्षण आबादी के अनुपात में 10 प्रतिशत व 26 प्रतिशत है। वहीं अगड़ी जाति को भी आरक्षण अपनी आबादी से ज्यादा 10 प्रतिशत दिया गया है। ऐसे में झारखंड में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत है मगर इन्हें आरक्षण मात्र 14 प्रतिशत ही दिया जा रहा है। यह इस समाज के साथ सरासर अन्याय है। मौके पर अन्य कई लोग मौजूद थे।

समीक्षा बैठक में हुसैनाबाद से कांग्रेस पार्टी को चुनाव लड़ने पर चर्चा

राजद से किसी भी कीमत पर नहीं हो गठबंधन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। जपला दुर्गा बाड़ी परिसर में हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक जिला उपाध्यक्ष व विस प्रभारी नवल किशोर पाठक के नेतृत्व में हुई। जिसमें हुसैनाबाद मे राजद से गठबंधन किसी भी कीमत पर नहीं होने पर दिया जोर। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक , झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ,प्रदेश महासचिव सतनारायण सिंह, धनंजय तिवारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को चुनाव लड़ना चाहिए। वहीं दूसरी ओर सर्व समिति से पास हुआ कि राजद से कांग्रेस का गठबंधन नहीं होना चाहिए । राजद से गठबंधन से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होता है,यहां कांग्रेस का गढ़ रहा हैं उसके बावजूद राजद से गठबंधन होना अच्छी बात नहीं है। कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि कार्यकर्ता की भावनाओं को सुनने के बाद यह सुनिश्चत किया गया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस की पहचान है, मेरी पूरी कोशिश होगी कि कांग्रेस यहां से चुनाव लड़े। इस बैठक में जो रेगुलेशन पास हुआ है इसको प्रदेश प्रभारी जनाब गुलाम अहमद मीर साहब एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को बताएंगे। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड के अध्यक्षों एवं प्रखण्ड पदाधिकरियों ने अपनी भावनाओं से अवगत कराया। बड़े गंभीरता से नेताओं ने बातों को सुना। झारखण्ड राज्य अल्पसंख्क आयोग के सदस्य डॉ, एम तौसीफ ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व को चाहिए कि हुसैनाबाद के कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं की भावनाओं को सुनना चाहिए और हुसैनाबाद से कांग्रेस को चुनाव लड़ना चाहिए।

297 महिलाओं के बीच किया गया सिलाई मशीन का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर। पांकी विधानसभा के विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता द्वारा विधायक मद की राशि से स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने मौर्या फॉर्म हॉउस नीलांबर-पीतांबरपुर में सिलाई मशीन और अंगवस्त्र का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम पांकी प्रखंड के चार पंचायतों के प्रथम पाली केकरगढ़ एवं केलहवा एवं द्वितीय पाली में तेतराई एवं हुरलौंग पंचायत के 297 महिला समूहों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप समाजसेवी रामदास साहू का पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता को जेएसएलपीएसके हिंदू-मुस्लिम के बहनों ने संयुक्त रूप से बुके देकर सम्मानित किया। मशीन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी रामदास साहू ने कहा कि इस सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा अवसर है। सावन के पावन महीने में महिलाओं को सम्मान देने के लिए पांकी विधायक को बधाई । महिलायें सिलाई मशीन से सिलाई कर रोजगार करे। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता ने कहा कि बाकी बचे पांकी प्रखंड के सभी पंचायत का 9 अगस्त तक जेएसएलपीएस से जुडी महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया जाएगा। डॉ. मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा के 72 हजार सखी मंडल कि बहनों को आजीविका संवर्द्धन के लिए ये सम्मान विधायक मद कि राशि से देकर विधायक मद कि राशि क्या होती है, उससे अवगत कराया है। उन्होंने आगे कहा कि आपलोगों ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर विजय कराया है। ठीक उसी प्रकार विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी को कमल छाप पर बटन दबाकर विजय बनायें। सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम के मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, अधिवक्ता लाल प्रसाद यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष मनदीप मेहता, संजय चंद्रवंशी अजय पासवान, सुनील कुशवाहा, शत्रुघ्न सिंह, सुरेंद्र सिंह ,अरविंद यादव ,कमेश यादव, अजय उरांव ,सुजीत राम, आदि जेएसएलपीएस के सैकड़ों बहनें दीदी उपस्थित थी।

रामगढ़ प्रखंड बुनियादी सुविधाओं से है वंचित : चंद्रशेखर

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। प्रखंड के सभी गांवों में सड़क बिजली और पेयजल सुविधाओं का घोर अभाव है। पूरे प्रखंड के सभी गांव की स्थिति चिंता जनक बनी हुई है और जनप्रतिनिधि को इनसे कोई सरोकार नहीं है। आजादी के 77 वर्ष बाद भी आम जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कर पाने वाले पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि आज तक जनता को ठगने का काम ही सिर्फ किया है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य एवं डाल्टनगंज विधानसभा के नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू ने रामगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांव में जनसंपर्क एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि रामगढ़ प्रखंड के चौरहट पंचायत के ग्राम नावा में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा सौर ऊर्जा आधारित ग्रामीण जलापूर्ति योजना में विभाग के पदाधिकारी के घोर लापरवाही के कारण आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय ग्रामीण वर्तमान एवं पूर्व साथ ही भूतपूर्व जनप्रतिनिधि तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसी ने भी उनके पीने के पानी की समस्या के ऊपर ठोस कदम नहीं उठाया। छोटू ने इस समस्या के निदान हेतु हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया और कहा कि बहुत जल्द विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित अभियंता के समक्ष मामले के गंभीरता को रखते हुए इस कार्य को पूरा कराया जायेगा। जनसंपर्क के कार्यक्रम के तहत सामाजिक सुरक्षा के तौर पर पार्टी के दिवंगत नेता प्रेम सिंह के ग्राम आदर जाकर उनकी पत्नी एवं बच्चों से मिलकर हाल-चाल जाना तथा परिवार के मदद के लिए हर संभव प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पाार्टी द्वारा आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम रामगढ़ प्रखंड के नावा, आदर, डाटम,चोरहट, उलडडा, और रामगढ़ के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जनसंपर्क में चंद्रशेखर सिंह छोटू के साथ पार्टी नेता सुरेश सिंह परमानंद चंद्रवंशी ,सतीश तिवारी प्रमोद प्रजापति ,अख्तर अली राजीव पांडे के साथ स्थानीय ग्रामीण संजय प्रसाद ,कमलेश कमलापुरी , ब्रजेश मेहता, पवन यादव ,पप्पू कुमार ,मिथिलेश मेहता, हरेंद्र प्रजापति ,श्यामलाल मेहता आदि सक्रिय रूप में उपस्थित थे।

डॉ. कौशल ने दिल्ली में केन्द्रीय महिला व बाल शिक्षा मंत्री को किया पौधा भेंट

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस अधीक्षक के आग्रह पर सोमवार को उनके आवासीय परिसर में पौधा रोपण किया गया जबकि नई दिल्ली तीन मूर्ति 11 लाइन स्थित केंद्रीय महिला ,बाल विकास एवं शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलकर वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत हिमाचल का कपूर का पौधा भेंट किया। केंद्रीय मंत्री से बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि विश्व के पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण उनके पैतृक गांव छतरपुर के डाली बाजार में अंतिम चरण में है । उन्होंने मंदिर का फोटो समर्पित करते हुए कहा कि वे अपनी निजी लागत पर पिछले 58 वर्षों से देश दुनिया के लोगों को पर्यावरण बचाने का अभियान चला रखा है। डॉ कौशल ने कहा कि झारखंड के वन विभाग द्वारा संचालित स्थाई और अस्थाई नर्सरी विकसित करना लगभग बंद हो गया है । जिससे लोगों को पर्याप्त पौधा नहीं मिल पा रहे हैं । ऐसी स्थिति में लोगों को पौधे बाजारों में ऊंचे दामों में लेना मजबूरी हो गयी है। उन्होंने सरकार से पुनः नर्सरी विकसित कर लोगोंको पौधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

महिला समूह पौधा देकर किया सम्मानित

नई दिल्ली से लौटने के दौरान झारखंड स्तरीय महिला समूह कोडिनेटर राजस्थान से ट्रेडिंग कर लौट रही झारखंड स्तरीय महिला समूह कोऑर्डिनेटर रांची ककि की मेघा मैडम, खूंटी जिला की ललिता मैडम, रामगढ़ गोला के ज्योति मैडम और दुमका के लक्की मैडम को डाल्टनगंज स्टेशन पर नेपाल के रुद्राक्ष,थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधा देकर उन्हें सम्मानित करते हुए विदा किया। वहीं सोमवार को पलामू पुलिस अधीक्षक के विशेष अनुरोध पर उनके आवास प्रांगण में नेपाल का रुद्राक्ष और कर्नाटक का फल लगा हुआ चीकू का पौधा लगाया। मौके पर सूरज कुमार जायसवाल पुलिस कर्मी संजय कुमार,संतोष प्रजापति, सत्य सिंह व रामू उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

सोमवारी पर भक्तों ने किया जलाभिषेक, निकाली शोभायात्रा

हुसैनाबाद। सावन की तीसरी सोमवारी को हुसैनाबाद के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा अर्चना की।शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान भोले की लिंग पर भांग, धतूरा, बिल्वपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम व कुम्हार टोली शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही श्रद्धालुओं ने बाजे गाजे के साथ कांवर व कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुआं ने देवरी सोन नदी से जलभर कर विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पुजारी गोपाल पाठक ने बताया कि सावन मास पवित्र माह होता है। आध्यात्मिक मायने में यह पवित्र माह बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसमें भगवान की साधना का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस मानव में भगवान शंकर की पूजा करना काफी फलदायी होता है। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

एके सिंह कॉलेज में माय भारत पोर्टल पर युवाओं को पंजीयन के लिए प्रेरित किया

हुसैनाबाद। सोमवार को एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में माय भारत पोर्टल जागरूकता कार्यक्रम 2024 विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह विचार गोष्ठी महाविद्यालय के एसीएस डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए माय भारत पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माय भारत पोर्टल युवाओं के लिए एक ऐसा डिजिटल पोर्टल है, जो प्रत्येक युवाओं के कौशल विकास को और उनके करियर से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां केंद्र सरकार के द्वारा दी जाती है। इस पोर्टल पर प्रत्येक एनएसएस के वालंटियर और विद्यार्थी एक युवा के रूप में माय भारत पोर्टल से जुड़े और अपना पंजीयन कराए ताकि सरकार के द्वारा युवाओं के प्रति सभी प्रकार की जानकारियां उन्हें समय से मिल सके। प्रो. राहुल कुमार सिंह ने उपस्थित स्वयंसेवकों और अन्य विद्यार्थियों को माय भारत पोर्टल पर जाकर एक युवा के रूप में पंजीयन करने के लिए प्रेरित किया और व्यावहारिक रूप से बताया। उपस्थित विद्यार्थियों को एक युवा के रूप में पंजीयन करने के लिए शुभम प्रकाश ,किरण कुमारी और आलोक कुमार ने विशेष रूप से सहयोग किया। अन्य स्वयंसेवकों में गौरव कुमार, कुंदन कुमार शर्मा, अंजली कुमारी,पूनम कुमारी,दीपांजलि कुमारी ,गायत्री कुमारी, हर्ष कुमार कश्यप ,राजा कुमार सिंह, रूपम कृति ,हीरालाल शर्मा ,प्रिया कुमारी ,रिंकी कुमारी,खुशबू कुमारी, अहिल्या कुमारी सहित कई छात्र- छात्राएं उपस्थित हुए।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम व पल्स पोलियों कार्यक्रम की सफलता को लेकर हुई बैठक

हुसैनाबाद। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के सभागार में सभी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहियाओं के साथ आयोजित बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं पल्स पोलियों कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम को सफल बनाने का दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि आगामी पल्स पोलियो अभियान जो 25 अगस्त 2024 से 27 अगस्त 2024 तक चलाया जाएगा, जिसमें शून्य से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो के दो खुराक पिलाई जाएगी। जिसके लिए सभी सहिया, आंगनबाड़ी सेविका को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कोई भी 0 से 5 साल का बच्चा पोलियो के टीका से छूट न जाए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है तथा माइक्रो प्लान की तैयारी अंतिम चरण में है। साथ ही, मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को भी प्रशिक्षित किया गया, उनको बताया गया कि जो भी योग्य व्यक्ति हैं, वह हर हाल में फाइलेरिया रोधी दवा खाएं, साथ ही, कार्यक्रम का प्रचार प्रसार भी करने पर जोर दिया गया। इस बैठक में कई लोग मौजूद थे।

लोजपा जिला अध्यक्ष बनने पर सब्जी-फल विक्रेता संघ ने किया राकेश सिंह को सम्मानित

मेदिनीनगर। झारखंड सब्जी फल थोक विक्रेता महासंघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रोशन नाग, संगठन सचिव मो० दानिश, पलामू जिला अध्यक्ष इमामुद्दीन राइन, अब्दुल मन्नान, सनी चौरसिया, सफीक, अनीश, मुस्तफा कमाल, मो० गौस, राजेंद्र प्रसाद, शमी अख्तर, सिराज, लियाकत, शहजाद, मुन्ना, इस्लाम सहित सैकड़ो सब्जी फल विक्रेताओं द्वारा महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह को केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग मंत्री भारत सरकार सह लोक जनशक्ति पार्टी (रा०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान द्वारा लोजपा पलामू के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर आभार प्रकट करते हुए टेंपो स्टैंड के प्रांगण में स्वागत समारोह आयोजित कर फूल गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि नवनियुक्त लोजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह सदैव मजदूर किसान नौजवान, ऑटो चालक परिवहन चालक एवं अन्य वर्गों के लिए आज विगत 22 वर्षों से शोषण मुक्ति अभियान चलाते हुए कानूनी अधिकार की हर लड़ाई निरंतर लड़ते आए हैं । हम आशा करते हैं पलामू जिला में चौमुखी विकास हेतु राकेश सिंह सदैव आगे रहेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए लोजपा पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि हमारी हर उपलब्धि पलामू के मजदूर किसान नौजवानों एवं हर वर्गों के आशीर्वाद, विश्वास तथा साथ का परिणाम है। मैं निश्चित रूप से पलामू जिला सहित सब्जी फल थोक विक्रेता भाइयों के समस्या के निदान हेतु कानून अधिकार उनके हाथों तक दिलाने हेतु जान की भी बाजी लगाकर संघर्ष करेंगे एवं अंजाम तक पहुंचाएंगे। मौके पर लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पासवान, विवेक कुमार उर्फ लड्डू, यासीन अंसारी, बिट्टू खान नागेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

एक नजर

तीन घरों से दो लाख रूपये नगद सहित 27 लाख की चोरी

मेदिनीनगर। शहर में चोरी की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। पुनः एक बार चोरों ने तीन घरों में खिड़की तोड़कर लाखों की चोरी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने दो लाख रूपये नगद सहित कुल 27 लाख रूपयों की चोरी की है। बताया जाता है कि शहर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली के दो तथा हमीदगंज के बीएन कॉलेज रोड स्थित एक घर को अपना निशाना बनाया है। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। कुम्हार टोली स्थित राजेन्द्र प्रसाद के घर से लगभग पांच लाख के जेवर तथा चालीस हजार नगद जबकि उसी मोहल्ले के उदयनाथ के घर से पांच लाख के गहने आलमारी तोड़कर गायब कर दिया। वहीं हमीदगंज बंगाली मोहल्ले के रहने वाले संतोष कुमार के घर बड़ी चोरी करते हुए 15 लाख के जेवर और डेढ़ लाख नगद पर हाथ साफ कर लिया। चोरी के वक्त उदयनाथ पाठक नहीं थे। जबकि बाकी दोनों घरों के रहते हुए चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। शहर में बढ़ती हुई घटना के कारण शहरवासियों में दहशत का माहौल है और वे रात में चोरी के अंदेशा के कारण ठीक से सो नहीं पा रहे हैं।

मशहूर टीवी कलाकार मनोज पंडित का निधन

मेदिनीनगर। भूमिका फिल्मस की लगभग हर फिल्म में खलनायक की भूमिका अदा करने वाले मशहूर कलाकार, कार्टूनिस्ट और टीवी कलाकार मनोज पंडित अब दुनिया में नहीं रहे। अपनी बेहतरीन अदाकारी के जरिए श्री पंडित ने बहुत कम समय में लोगों के दिलों में जगह बना ली थी। उन्होंने सोमवार की सुबह अंतिम सांस ली। भूमिका फिल्म के बैनर तले बनी कई फिल्म में उन्होंने दमदार अभिनय किया था। भूमिका फिल्म के कलाकारों ने एक शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखा और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राचार्य और प्रोफसरों के समझाने का नहीं हुआ असर

मेडिकल कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के लिए छात्र-छात्राओं का धरना प्रदर्शन

छात्रों ने कहा कि वह इन समस्याओं से कई दिनों से त्रस्त हैं, जब तक इन समस्याओं का हल नहीं होता वे धरना प्रदर्शन करते रहेंगे।

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अपने स्थापना काल से ही समस्याओं से घिरा हुआ है। यहां छात्र आए दिन समस्याओं को लेकर आंदोलन और धरना देने के लिए बाध्य हो जा रहे हैं। सोमवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल लाइब्रेरी, सफाई, लिफ्ट, बिजली, पानी समेत अन्य मांगों को लेकर मेडिकल कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के मेन गेट में ताला लगाकर धरना दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना मिलने के बाद प्राचार्य डॉ. कामेन्द्र प्रसाद और प्रोफेसर डॉ. आरके रंजन और शिक्षकों ने आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं को शांत करने का प्रयास किया। वहीं छात्रों का कहना था कि वह इन समस्याओं कई दिनों से त्रस्त हैं। जब तक इन समस्याओं का हल नहीं होता है हम धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। दोपहर ढाई बजे तक उनका आन्दोलन चल रहा था। आंदोलन में सभी ईयर के छात्र शामिल थे। छात्रों के प्रदर्शन से इमरजेंसी सेवा के लिए एमआरएमसीएच जाने वाले जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों को अस्पताल से निकलने में परेशानी हुई। हालांकि, कुछ देर बाद दूसरे गेट से सारे डाक्टर निकले एवं एमआरएमसीएच पहुंचे।

उपायुक्त की पहल पर धरना खत्म

मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्रा अपनी मांग पर अड़े रहे और सब की बातों को अनसुना कर दिया, तब पलामू उपायुक्त शशि रंजन मौके पर पहुंचे जहां छात्र 12 मांगों को उनके समक्ष भी रखा, जिनमें कक्षा में माइक स्पीकर और प्रोजेक्टर का चालन,केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना फॉरेंसिक मेडिसिन के प्रोफेसर की नियुक्ति, बिजली हेतु जनरेटर की व्यवस्था, उमेश की साफ-सफाई तथा उसमें टेबल कुर्सी की व्यवस्था, खराब पड़े लिफ्ट का संचालन शुरू करना, एकेडमिक बिल्डिंग एवं हॉस्टल में वाटर फिल्टर लगाना, कॉलेज में जगह-जगह पर डस्टबीन की व्यवस्था के साथ-साथ हॉस्टल के चारों और नाली को ढकने का प्रबंध करने की मांग रखी। छात्रों की बातें पूरी तरीके से सुनने के बाद पलामू आयुक्त ने छात्रों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि वह अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखें। उनकी सारी मांगे पूरी की जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि छात्रों की मांगे जायज है और उनके जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

कॉलेज में बिजली-पानी तक मुहैया नहीं : प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राएं

छात्र-छात्राओं का कहना है कि उन्हें बिजली और पानी तक मुहैया नहीं हो पा रहा है। यहां लाइब्रेरी, लिफ्ट आदि भी नहीं है। बिल्डिंग पर चढ़ने-उतरने में उन्हें काफी भारी परेशानी होती है। लाइब्रेरी के अभाव में उनकी पढ़ाई नहीं हो पाती। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी। प्राचार्य डॉ. कामेन्द्र प्रसाद ने कहा कि छात्र-छात्राओं के द्वारा पूर्व में मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया था। आन्दोलन खत्म करने के लिए काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी मांग पूरी होने तक धरना-प्रदर्शन पर उतारू हैं। प्रोफेसर डॉ. आरके रंजन ने कहा कि मामला प्रशासनिक स्तर का हो गया, इसलिए प्रशासनिक अधिकारी ही अब छात्र-छात्राओं को समझाए तो बेहतर। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मनाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शाम होने तक जब छात्रछात्राएं अपनी मांग पर अड़े रहे तब पलामू उपायुक्त मौके पर पहुंचे एवं छात्रों को उनकी सभी समस्याओं पर विचार करते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया तब जाकर छात्र शांत हुए और धरना खत्म किया।

बीडीओ ने छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखण्ड के कालोनी विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के बीच प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अमित कुमार झा, सिरमा पूर्व मुखिया राकेश दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह एवं कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार मिश्रा के द्वारा साइकिल वितरण किया गया। साथ ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाटन के द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु सरकारी लाभ देने के लिए आश्वस्त किया गया। सैकड़ो छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे।

पैक्स अध्यक्ष के घर से नगद सहित डेढ़ लाख की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौदर गांव में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने पैक्स अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह उर्फ गुड्डू के घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. पैक्स अध्यक्ष के घर से नगद 50 हजार, सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग डेढ़ लाख की चोरी कर चोर फरार हो गये। पीड़ित गृहस्वामी धनंजय सिंह ने बताया कि चोर घर के छत पर से सीढ़ी के रास्ते आंगन में प्रवेश किया था. जिस घर में लोग सोए थे, उस घर के दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। शेष घर में रखे हुए बक्सा, अटैची में रखे नगदी सहित गहने लेकर फरार हो गए। रात्रि करीब 1 बजे पूर्वाह्न गुड्डू सिंह का नींद खुल तो, बाहर से दरवाजा बंद पाया। आवाज लगाने पर बरामदे में सोई मां ने दरवाजा खोला तो देखा कि घर में रखे सामान चोरी हो गयी है। सुबह में घर से पूर्व दिशा की ओर खेत में तीन बक्सा और कपड़े बिखरे पड़े हुए थे। इधर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर गृह स्वामी की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से गश्ती तेज कर दी गयी है। चोरों को पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया गया है। शीघ्र ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

जिला स्तरीय साधन सेवियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

6 से 12वीं कक्षा तक का अध्ययन कराने वाले विद्यालयों में चलाया जायेगा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू जिला के 65 जिला साधन सेवियों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन डायट मेदिनीनगर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट के प्राचार्या अमृता सिंह ने की। डायट प्राचार्या ने विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संचालन हेतु सभी जिला साधन सेवी को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम को सभी विद्यालय जहां कक्षा 6 से 12 तक विद्यार्थीगण अध्ययनरत हैं, उन सभी विद्यालय में मंगलवार के दिन स्वास्थ्य कल्याण दिवस के रूप में कक्षाओं में या सुबह की प्रार्थना सभा में मनाया जाए। इस अवसर पर जिला कार्यालय से एपीओ जॉन मुत्थू एवं अमोद सिन्हा उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम का संचालन ओर विषय प्रवेश विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के मेंटर जया रानी ने किया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के प्रत्येक विद्यालय जहां कक्षा

6 से 12 तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई होती है, कार्यक्रम चलाया जाना है। जिसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, मानसिक विकास आदि के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवम बाल विवाह, मानव तस्करी, दहेज प्रथा, आदि जैसे बुराइयों के प्रति सजगता बरतने को लेकर जागरूकता फैलाना है। विद्यालय स्तर पर साझा किए जाने वाले विषयों को लेकर सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि आकाश कुमार ओर जिला साधन सेवियों में दिनेश कुमार शुक्ला, श्वेता मिश्रा, अमरेंद्र नारायण,गौतम प्रसाद, अर्पण गुप्ता, प्रियेश कुमार,पूजा सिन्हा, अभिषेक राज,अभिषेक पांडेय,लाल कृष्ण भारद्वाज, मंजू पांडेय आदि ने अपने स्वास्थ्य एवम कल्याण कार्यक्रम से संबंधित मॉड्यूल की चर्चा की। एपीओ जॉन मुथू ने सभी डीआरजी से अनुरोध किया कि सभी विषयों पर बच्चों को व्यवहार में उतारने के लिए आप सभी जागरूकता फैलाएं। इससे बच्चे एक बेहतर इंसान बन सकेंगे। यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संयोजन से चलाया जा रहा है। इस विषय में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि आकाश कुमार ने बताया कि पलामू में स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम का क्रियान्वयन का रिपोर्टिंग राज्य के दिशा निर्देश के अनुसार सभी को मिलकर इस कार्यक्रम को विद्यालय स्तर पर सफल करना है तथा गूगल लिंक से रिपोर्टिंग भी करना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन आकाश कुमार ने किया।

मंईयां सम्मान योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखण्ड' मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान' योजना की शुरूआत पर एक्स हैंडल पर पोस्ट कर झारखंड की बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरूआती परेशानी के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए उन्होंने निर्देश दिया है तथा इस मामले को लेकर वरीय पदाधिकारियों की भी बैठक हुई है। योजना को लेकर दिख रहे उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी बहनों को यह बताना चाहता हूं कि यह हमेशा चलने वाली योजना है। योजना का लाभ लेने हेतु कोई समय सीमा नहीं है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी जरूरतमंद बहनें कभी भी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले, इसलिए 10 अगस्त तक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसे और 5 दिन बढ़ाने का निर्देश दिया है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी आप जब भी चाहें, अपनी सुविधानुसार योजना का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी मिली है कि योजना में बहनों को मिल रहे लाभ को देखते हुए कहीं-कहीं कुछ बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी को बताना चाहते हैं कि इस योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है, इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उनपर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह बहनों की योजना है। राज्य की लाखों बहनों को हर साल 12 हजार रुपए मिलेगा। यही झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लक्ष्य है, यही उनका भी लक्ष्य है।

न्यूज बॉक्स

नये जिला शिक्षा अधीक्षक ने पदभार ग्रहण किया

मेदिनीनगर। पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर के तबादले के पश्चात सोमवार को नये जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने अपना पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि संदीप कुमार इससे पूर्व क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के पश्चिमी सिंहभूम के जगरनाथपुर में पदस्थापित थे। इसके अलावा अतिरिक्त प्रभार में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बिनसई में प्राचार्य के रूप कार्यरत थे। वहाँ से स्थानांतरण के बाद वे पलामू में जिला शिक्षा अधीक्षक के रूप में कार्य करेंगे। वहीं रणधीर कुजूर जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रेहला में प्राचार्य के रूप में कार्य करेंगे। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के तरफ से संदीप कुमार को शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया । वही पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर को शाल और माला देकर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के लिपिक राजीव पांडे , रामलखन सिंह, ईश्वरी राम,शशि पांडेय , विनय सिंह, प्रशांत, बलराम, अभिषेक, मीरा कुमारी एव समस्त शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और कर्मी सम्मान सह विदाई समारोह शामिल थे।

प्राकृतिक आपदाएं और हमारा जीवन विषय पर परिचर्चा का आयोजन

मेदिनीनगर। वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं और पलामू के जल संकट को देखते हुए घटनाओं को देखते हुए इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 50 वीं कड़ी में 'प्राकृतिक आपदाएं और हमारा जीवन ' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा की अध्यक्षता एवं संचालन ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने की। परिचर्चा के प्रारंभ में प्रेम प्रकाश ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाएं जन जीवन के स्वास्थ्य, शिक्षा, संपत्ति के साथ भौगोलिक संरचनाओं को भी प्रभावित करती है। प्राकृतिक आपदा भौगोलिक परिघटनाओं का एक चक्र होता है, परंतु इस चक्र में गड़बड़ी आ जाने के कारण लगातार प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं घटित हो रही है। गोविंद प्रसाद ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के बाद भी विज्ञान ने हमारे जीवन को संवारने में काफी मदद की है, परंतु दूसरी तरफ मानव को केंद्र में न रखकर विकास के लिए पूंजीवादी अवधारणा के तहत विकसित विकास की नीतियां प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे रही है। अनुभव मिश्रा ने कहा प्राकृतिक आपदाओं को कम करना चाहते हैं तो पेड़ लगाना होगा और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ पर रोक लगाना होगा। घनश्याम कुमार ने कहा प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में कमी लाने के लिए प्राकृतिक दोहन पर रोक लगाना होगा और प्रकृति की सुरक्षा करनी होगी। इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा प्राकृतिक आपदाओं की मार सबसे पहले किसानों के साथ पूरे जीव जगत पर पड़ता है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण कृषि चक्र में भी परिवर्तन हुआ है। प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने प्राकृतिक आपदाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं में अकाल और सुखाड़ भयावह होती है ,परंतु बाढ़ के सकारात्मक पक्ष भी होते हैं। बाढ़ के कारण नई उपजाऊ मिट्टी खेतों को मिल जाती है। अपने अध्यक्षीय के वक्तव्य के दौरान शिव शंकर प्रसाद ने सभी वक्ताओं के विचारों को समेकित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाएं ना सिर्फ मानव जीवन को तबाह करती है, बल्कि पूरा जीव जगत तबाह हो जाता है। जीवो की विविधता भी नष्ट होती है। विकास होगा तो विनाश तय होता है परिचर्चा के क्रम में संजीव कुमार संजू, सौरभ कुमार, शशि पांडे, कुलदीप राम सहित अन्य लोगों ने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में रविशंकर ने मधु मंसूरी के गीत 'गांव छोड़ब नहीं, जंगल छोड़ब नहीं...' प्रस्तुत करते हुए प्रकृति की सुरक्षा के लिए संघर्ष के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की और धन्यवाद प्रेषित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने विस क्षेत्र का किया दौरा



मेदिनीनगर। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवारों ने दौरा तेज कर दिया है। सोमवार को भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने अपने गृह क्षेत्र विश्रामपुर, मझिआंव में भ्रमण के दौरान विश्रामपुर, बसना, पड़वा, कांडी, मझिआंव समेत दर्जनों गांव का दौरा किया। उन्होंने जनता के समक्ष केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई ।साथ ही राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सरकार संवेदनहीन है। आज राज्य में जो आराजकता की स्थिति बनी हुई है, आए दिन, चोरी, डकैती, हत्या के मामले सामने आ रहे हैं। स्थानीय नौकरी के झूठे वायदे किए गए जिसका सरकार को जवाब देना होगा। नरेंद्र पांडेय ने कहा कि जनता अब इस सरकार की मंशा को अच्छे तरह से समझती हैं। प्रदेश में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं जिसका जवाब राज्य सरकार को निश्चित ही मिलेगा।नरेंद्र पांडेय ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार दुबारा बनने जा रही है। जनता मुखर होकर इस बार एनडीए को वोट करेगी और मोदी जी के सपनों को हकीकत में बदलने में पूर्ण सहयोग करेगी ।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने किया प्रोमोशन और ओपीएस के लिए प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रोमोशन और ओल्ड पेंशन योजना आदि लागू करने में हो रही देरी के विरोध में जीएलए. कॉलेज के शिक्षको व नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों ने काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। साथ ही और झारखंड यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (जुटान)के राज्यव्यापी आंदोलन का समर्थन किया।

शिक्षकों का कहना है कि 16 और 32 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने वाले शिक्षको की प्रोन्नति का मामला राज्य सरकार और जेपीएससीके टाल मटोल और अपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण अभी तक लंबित है और पदोन्नति की फाइलें धूल फांक रही है

शिक्षकों का कहना है कि 16 और 32 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने वाले शिक्षको की प्रोन्नति का मामला राज्य सरकार और जेपीएससीके टाल मटोल और अपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण अभी तक लंबित है और पदोन्नति की फाइलें धूल फांक रही है । इससे शिक्षकों में भारी रोष है। प्रमोशन की आस में कितने शिक्षक दिवंगत हो गए और कितने रिटायर। इस कारण राज्य में शोध के लिए गाइड नहीं मिल रहे हैं । शिक्षकों के लिए आगे के सारे रास्ते भी बंद हो रहे हैं पड़ोसी राज्य बिहार में 2018 में नियुक्त होने वाले शिक्षकों की प्रोन्नति मिलने की खबर से झारखंड के विश्वविद्यालय शिक्षकों का आक्रोश बढ़ रहा है। प्रदर्शन में प्राचार्य डॉ. आईजे खलखो, डॉ दिलीप कुमार, डॉ. अवध किशोर पांडे, डॉ. एस के मिश्रा, डॉ. आरके झा, डॉ.ऋचा सिंह, डॉ.भीमराव, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ.मृत्युंजय कुमार, खुर्शीद आलम, विभा शंकर, सुनीता कुमारी, मंजू सिंह, राघवेंद्र सिंह, विकास टोप्पो, संजय बारा, वीरेंद्र कुमार, नीलम पांडे, अन्ना हांसदा सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया।

धरना

मनरेगा कर्मी सरकार से लोहा लेने के लिए तैयार

मुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारी गुमराह कर रहे हैं: पंकज

चुनाव पूर्व यदि मनरेगा कर्मियों की मांगे पूरी नहीं हुई तो सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारी गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में अभिभाषण के दौरान विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मनरेगा कर्मियों का 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की गई है तथा राज्य सरकार इसके लिए 30 करोड़ रुपए वार्षिक बजट का भार वहन कर रही है। उक्त बातें झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने

धरनास्थल पर कहीं। उन्होंने कहा कि ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में मनरेगा कर्मियों के मानदेय में आंशिक बढ़ोतरी की गई थी, जिस पर मनरेगा कर्मियों ने तत्काल असंतोष प्रकट किया था, तब तत्कालीन विभागीय मंत्री द्वारा यह स्वीकार किया गया था कि मानदेय में संतोषजनक बढ़ोतरी नहीं हुई है, जल्द ही हम लोग फिर से मानदेय बढ़ोतरी करेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा कर्मचारी संघ मांग करता है कि सदन में ऐसे भ्रामक और झूठे आंकड़े प्रस्तुत करने वाले और मुख्यमंत्री को गुमराह करने वाले अधिकारियों पर नियम संगत कार्रवाई की जाय। चुनाव पूर्व यदि मनरेगा कर्मियों की मांगे पूरी नहीं हुई तो सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। राज्य के सभी मनरेगा कर्मी वादा खिलाफी का मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि हड़ताल मांग पूरी होने तक अनवरत जारी रहेगा। मनरेगा कर्मी चट्टानी एकता के साथ सरकार से लोहा लेने के लिए तैयार है। धरना स्थल पर मुख्य रूप से देवेंद्र उपाध्याय, विकास पांडे, रामाकांत तिवारी, नारद यादव, अख्तर हुसैन, अरविंद सिंह, प्रभात कुमार, प्रिय रंजन शुक्ला, अमित कुमार मेहता, राहुल सोनी, जनेश्वर राम, उत्तम प्रवीण मिंज, शकील अहमद, गोल्डन तिवारी, मनोज चौबे, अनिकेत दुबे, अमित रंजन, आफताब आलम, दिनेश कुमार, कुंदन ठाकुर, शेर अली सहित सैकड़ो मनरेगा कर्मी उपस्थित हुए।

सदन में कही गई दोनों बातें सरासर झूठ

जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने आगे कहा कि यह भी ज्ञात हो कि मनरेगा कर्मियों को मिल रहे मानदेय में राज्य सरकार अपनी ओर से एक रुपया भी नहीं देती है। केंद्र सरकार से प्राप्त राशि के प्रशासनिक मद से मनरेगा कर्मियों का मानदेय भुगतान किया जाता है। अतएव मुख्यमंत्री द्वारा सदन में कही गई दोनों बातें सरासर झूठ तथा तथ्य से परे हैं। मुख्यमंत्री के मिथ्याभाषण से सदन का घोर अपमान हुआ है। स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारियों द्वारा गलत जानकारी देकर गुमराह किया गया है।

अपराधियों ने 15 सौ रुपये व मोबाइल लूटा

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के पास एक युवक और युवती को रोक कर दो अपराधियों ने एक मोबाइल और 15 सौ रूपया लूट लिया। घटना को लेकर भवनाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के बाद त्वरित जांच पड़ताल में जुट गई है। बताया जाता है कि सोमवार को श्री बंशीधर नगर से संतोष मेहता का पुत्र आकाश मेहता अपने एक पड़ोसी की लड़की के साथ श्री बंसीधर नगर से अपने स्कूटी से टाउनशिप दो बजे दोपहर आ रहा था। इसी बीच कड़िया धाम के पास दो अपराधियों ने पत्थर और डंडा के बल पर रोक कर गाली गलौज करते हुए हुए युवती से 15 सौ रूपया और उसका मोबाइल लूट लिए। घटना के बाद युवती के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने बताया की घटना की जानकारी वरीय प्राधिकारी की देते हुए पुलिस छानबीन में जुट गई।

तीसरे दिन भी नहीं हो पाया मंईयां सम्मान योजना का पंजीकरण

नवीन मेल संवाददाता

केतार। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सम्मान को लेकर झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फार्म तीन दिनों से आन लाइन भरा नहीं जा सका है। इस कारण प्रखंड के सभी सातों पंचायतों के महिला लाभुकों में निराशा है। बता दें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत योग्य लाभुकों के खाते में प्रतिमाह 1000 रूपया देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 3 अगस्त से 15 अगस्त तक पंचायत सचिवालय में कैंप लगाकर प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से आवेदन ऑन लाइन जमा किया जायेगा। लेकिन अभी तक प्रखंड में 50 लाभुकों का भी आवेदन जमा नहीं हो सका है। पंचायत सचिवालय में आवेदन लेकर महिलाएं सुबह 10 बजे से देर शाम तक रूक रही है। सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने मुकुन्दपुर, बलिगढ़. और केतार पंचायत सचिवालय में आयोजित कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया की पोर्टल खुल रहा है, सर्वर डाउन होने के कारण आवेदन फार्म अप्लाई करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा की आप सभी लोग संयम बनाएं सर्वर ठीक होते ही सभी योग्य महिला लाभुकों को 15 अगस्त तक कैंप लगाकर आवेदन लिया जायेगा।

वीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

अभी तक प्रखंड में 50 लाभुकों का भी आवेदन जमा नहीं हो सका है। पंचायत सचिवालय में आवेदन लेकर महिलाएं सुबह 10 बजे से देर शाम तक रूक रही है।

वीडीओ के निरीक्षण में बंद मिला आंगनबाड़ी केंद्र

मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन पांच दिनों से बंद

सेविका-सहायिका को चयन मुक्त करने की अनुशंसा

राशि के अभाव में मिड डे मील एक अगस्त से बन्द कर दिया गया है : प्रधानाध्यापक

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ राकेश सहाय ने सोमवार को प्रखण्ड के एक आंगनबाड़ी केंद्र व एक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कई अनियमितता पाई गयी। अंगनबाड़ी केन्द्र राणाडीह का निरीक्षण में केंद पर एक भी बच्चा नही पाया गया। सहायिका व सेविका से पूछने पर की बच्चे क्यों नहीं पर तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। सेविका तुरंत आयी तो उसके साथ एक भी बच्चा नही था। बीडीओ ने बताया कि यह केंद्र केवल कागज पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि सेविका प्रेमशीला देवी व सहायिका को चयनमुक्त करने की सिफारिस कर दी गयी है। सेविका रानाडीह में नहीं रहकर गढ़वा में रहती है। इस आरोप को कई ग्रामीणों ने सही बताया। है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र राम ने बताया कि राशि के अभाव में मिड डे मील एक अगस्त से बन्द कर दिया गया है। जब उनसे भंडारगृह खोलने के लिए कहा गया तो उन्होंने भंडार गृह की चाबी अपने पास नहीं होने की बात कही।अंत तक वह भंडार गृह नहीं खोल पाए। विद्यालय में कार्यरत चार शिक्षकों में से दो शिक्षक उपस्थित थे, जबकि दो शिक्षक आकस्मिक अवकाश में थे। विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर सुरेन्द्र राम से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीडीओ ने स्पष्टीकरण पूछा है कि किन कारणों से पिछले पांच दिनों से मध्याह्न भोजन बन्द रखा है। हेडमास्टर सुरेन्द्र राम ने बताया कि बीडीओ के जांच के बाद सोमवार से मध्याह्न भोजन चालू कर दिया गया है। मौके पर राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा भी उपस्थित थे।

किसी भी स्थिति में मिड डे मील बन्द नही करना है : कैसर रजा

उधर मध्य विद्यालय मोखापी के निरीक्षण में मध्याह्न भोजन बन्द पाया गया। विद्यालय में नामांकित 154 बच्चों को पिछले 1 अगस्त से ही मध्याह्न भोजन नहीं मिल पा रहा है। बीडीओ ने स्कूल से नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा से जब इस सम्बन्ध में जानकारी हासिल करने पर उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में मिड डे मील बन्द नहीं करना है।

एसएमसी चुनाव के बाद तत्काल उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। प्रखंड के गड़ाखुर्द पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सुंडीपुर में सोमवार को विद्यालय के एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन में अनियमितता को लेकर चुनाव के एक घन्टा के बाद ही नव चयनित उपाध्यक्ष अनिता देवी पति संतोष कुमार सिंह कुशवाहाअपने पद से इस्तीफा दे दी। उन्होंने अपना इस्तीफा विद्यालय के हेडमास्टर को लिखित रूप से सौंपते हुए कहा कि एसएमसी के चुनाव में कुछ दबंगो द्वारा बलपूर्वक किया गया है। अभिभावकों व वार्ड सदस्यों को बिना सूचना दिए चुनाव कराया गया है। चुनाव परिक्रिया में पंचायत मुखिया आरती सिंह भी उपस्थित थीं, लेकिन किसी भी कागजात पर मुखिया से हस्ताक्षर नहीं कराया गया। साथ ही बहुत ही कम संख्या में चुनाव प्रक्रिया में अभिभावक उपस्थित थे। एसएमसी के पुनर्गठन में अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी,उपाध्यक्ष अनिता देवी व संयोजिका सुनीता देवी चुनी गयी है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह व अभिभावक उपस्थित थे।

सोमवारी को शिवमंदिर में भक्तों की लगी भीड़

कांडी। प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में तीसरी सोमवारी को पूजा अर्चना करने वालों श्रद्धालुओं व भक्तों की भीड़ लगी रही। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों की सुबह से भीड़ देखी गयी। पूरे दिन लोग पूजा करने के लिए शिवालयों में आते रहे। भक्तों ने सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के सभी मंदिरों में घूम-घूम कर पूजा किया। साथ ही प्रखण्ड के चोका, भिलमा, गरदाहा, खरौंधा,अधौरा, शिवपुर, सुंडीपुर,कांडी सहित सभी गांव व टोलों के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना सम्पन्न हुआ।

दो फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता

चिनिया। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या व मारपीट के दो वारंटी को उसके ही घर से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिगसीगा खुर्द निवासी अभियुक्त सुरेश साव पिता स्वर्गीय लंगा साव 2013 में मारपीट का आरोपी था। उस पर न्यायलय से वारंट निर्गत किया गया था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। दूसरा अभियुक्त थाना क्षेत्र के खुरी गांव निवासी राजेश पासवान पिता तुलसी पासवान 2019 में हत्या का आरोपी था। बीते वर्षों से फरार चल रहा था। अभियुक्त की तलाश पुलिस काफी दिनों से कर रही थी। दोनों अभियुक्त को उसके ही घर से ही गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

सेविका पद पर संध्या कुमारी का चयन

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखण्ड क्षेत्र के सिसरी पंचायत अंतर्गत बैतरी टोला महागोडाइ आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन के लिए ग्राम सभा आयोजित किया गया। सेविका का चयन सीडीपीओ नंद जी राम की अध्यक्षता में की गई। ग्राम सभा मे दो आवेदन प्राप्त हुए जिसमे प्राप्त दोनों आवेदन को लेकर अधिकतम अंक लाने वाले आवेदक का सेविका पद पर चयन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र महागोडइ में सेविका के लिए संध्या कुमारी को चयनित किया गया। सीडीपीओ नंदजी राम ने चयनित सेविका संध्या कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर उपस्थित उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, मुखिया श्वेता देवी,पर्यवेक्षिका सुचिन्ता कुमारी,एएनएम चंचल कुमारी, प्रधानाध्यापक सुनील ठाकुर, मुखिया पति उदय अलबेला, पूर्व मुखिया महेंद्र साह, श्यामतुला सिंह,रमेश शाह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजा शिवालय, भक्तों ने किया जलाभिषेक

नवीन मेल संवाददाता

मेराल। प्रखंड क्षेत्र के हासनदाग गांव में तीसरी सोमवारी को केवाल टोला शिव मंदिर के परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जल यात्रा निकाल जलाभिषेक किया। जल यात्रा में हजारों की संख्या में आसपास के कई गांव के महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए। जल यात्रा का शुभारंभ पंडित किशोर मिश्रा ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश, ध्वज श्रद्धालुओं के हाथ में देकर प्रारंभ किया। कलश यात्रा का प्रारंभ ढोल बाजे गाजे साथ सभी श्रद्धालुओ ने बोल बम के नारा है बाबा एक सहारा है, हर हर महादेव के नारे लगा रहे थे शिव मंदिर से बाजार चौक होते, डीहवार बाबा ,देवी धाम, करकोमा नहर चौक के रास्ते कोरवाडीह स्थित दानरो एवं उरीया नदी के संगम तट पहुंच लोगों ने संगम तट पर डुबकी लगाकर गंगा आरती किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोचार के साथ सभी श्रद्धालुओं ने कलश में जल भर कर शिव मंदिर पहुंच बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं के लिए शिव मंदिर समिति द्वारा शीतल पेयजल शरबत की व्यवस्था की गई थी।

सेवानिवृत्त शिक्षकों की विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने आठ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सामूहिक विदाई सह सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अमरेश कुमार राम की अध्यक्षता में हुई। सेवानिवृत्त शिक्षकों में राजनंदन राम, यशवंत प्रसाद, राघवेंद्र कुमार बिहारी, मोतीचंद जायसवाल, विपिन विहारी मिश्रा, मोती सिंह, मुसन पासवान, राजेंद्र सिंह का नाम शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक शिक्षा के भगवान होते हैं। आज हम जो भी हैं इसके पीछे हमारे शिक्षक का हाथ है। अगर हमारे शिक्षक हमें शिक्षा नहीं देते तो हमलोग इस स्थान पर नहीं होते। विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास ने कहा कि शिक्षक मेरे दिल में हैं, जिसके कारण वह शिक्षकों को विदाई नहीं दे सकते। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक रामकिशुन बैठा, अम्बिका बैठा समाजसेवी बृजबिहारी द्विवेदी, कृष्णा चन्द्रवंशी, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव, राज्यप्रतिनिधि आलोक कुमार संगठन सचिव चन्द्रदेव सिंह, मुकेश शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, नीरज कुमार द्विवेदी, शिक्षक अनिल कुमार तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

विशुनपुरा शिविर से मायूस लौट रहीं महिलाएं

नेटवर्क फेल होने से बढ़ी परेशानी, फार्म नही हो पाया अपलोड

ऑनलाइन इंट्री नहीं होने से सरकारी कर्मी, जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि के अलावा महिलाएं काफी परेशान है।

नवीन मेल संवाददाता

विशुनपुरा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सर्वर डाउन रहने के कारण लाभुक महिलाओं की ऑनलाइन इंट्री नहीं हो पा रही है। लाभुक दिन भर शिविर में बैठ कर अंत में मायूस होकर वापस अपने घर लौट जा रहे हैं। योजना का आवेदन 3 अगस्त से लेने की घोषणा राज्य सरकार ने की है। इसके बाद से ही प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र में लोगों से फॉर्म समेत सभी दस्तावेज लिए जा रहे हैं, हालांकि इन दस्तावेजों की ऑनलाइन इंट्री नहीं हो पा रही है। ऑनलाइन इंट्री नहीं होने से सरकारी कर्मी, जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि के अलावा महिलाएं काफी परेशान हैं। महिलाओं का कहना है कि वह अपने घर का काम छोड़ कर दिन भर शिविर में फार्म भरने चक्कर में परेशान रह रही हैं।

क्या हो रही है दिक्कत

पिछले तीन दिनों से महिलाएं सभी कागजात को लेकर शिविर में पहुंच रही है। ऑपरेटर को कागजात दिया जाता है लेकिन ऑपरेटर जैसे ही साइट पर सभी कागजातों को अपलोड करते हुए इंटर करने का प्रयास करता है तब सर्वर डाउन हो जाता है। कहा जा रहा है कि सर्वर पर लोड बढ़ने की वजह से यह परेशानी हो रही है। जल्दबाजी में लॉन्च हुई इस योजना में इस कारण परेशानी आर रही है। विशुनपुरा पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी कहा कि योजना तो बेहतर है, लेकिन काफी हड़बड़ी में लॉन्च कर दिया गया। योजना धरातल पर उतारने से पहले पूरी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए था, ताकि किसी को परेशानी नहीं हो, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

जल्द निकलेगा समस्या का समाधान

शिविर में भ्रमण कर रहे हैं विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार मधेसिया का कहना है कि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार सर्वर क्रैश करता है। इसकी सूचना जिला स्तर पर दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का हल निकल जाएगा और लोगों का फॉर्म फिल अप होने लगेगा।

एक नजर

अनियंत्रित बाइक नाली में गिरा, एक घायल

गढ़वा। एनएच 75 बाइपास सड़क पर गढ़वा थाना क्षेत्र के जुटी मोड़ के समीप सोमवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल सड़क किनारे नाली गिर गई। घटना में मोटरसाइकिल सवार मुस्तजा खान उर्फ राजन खान पिता कुतुबुद्दीन खान गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मुस्तजा अंसारी अपनी मोटरसाइकिल से कल्याणपुर से जाटा गांव की ओर जा रहा था। इस दौरान जुटी मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर उसकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे नाली में गिर गई। इस घटना में उसके सिर एवं शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है।

सोन नदी के बाढ़ में बही भैंस

केतार। केतार प्रखंड के लोहरगाडा.गांव निवासी कमलेश चौधरी सोन नदी के टीला पर अपने पत्नी के साथ रहते है। रविवार की सुबह सोन नदी में अचानक आई बाढ़ से उनकी एक दुधारू भैंस व उसका बच्चा बाढ़ में बह गया है। भुक्तभोगी कमलेश ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

मारपीट में युवक घायल

गढ़वा। पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के डंडीला गांव निवासी अजय कुमार पिता देवेंद्र राम सोमवार को मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि अजय कुमार के छोटे भाई रवि कुमार ने घर में ताला बंद कर दिया था। जब अजय कुमार ने कुछ सामान निकालने के लिए उससे चाबी मांगा। रवि कुमार ने अजय कुमार को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल अजय कुमार के सिर में चोट लगी है।

सर्प दंश से महिला की मौत

केतार। केतार थाना क्षेत्र के कधवन गांव में सोमवार को जहरीले सांप के काटने से बासमतियां देवी (40) पति विनय यादव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बासमतिया देवी घर के समीप ही धान की खेत में धान रोपनी करने जा रही थी। इस क्रम में घर के कुछ ही दूरी पर किराना दुकान के समीप महिला को सांप ने काट लिया।

न्यूज बॉक्स

पंडा नदी में डूबने से यूपी के व्यक्ति की मौत

खरौंधी(गढ़वा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की दोपहर में ग्रामीणों को राजी बस्ती के पीछे पंडा नदी में वृद्ध व्यक्ति का शव तैरता मिला। लोगो ने पंडा नदी में शव को बहकर आने का अनुमान लगाया है। पंडा नदी में वृद्ध व्यक्ति की शव तैरने की खबर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में आग की तरह फैल गई। सूचना पर एएसआई निरंजन सिंह पहुंचे। शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया। मृतक का बेटा राजकिशोर सिंह, जमुना सिंह, भाई राम टहल सिंह, नाती हृदय नारायण सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर शव की पहचान किया। मृतक की पहचान यूपी कोन थाना के घघिया निवासी मानिकचंद सिंह के रूप में की गई। मृतक का बेटा राजकिशोर सिंह ने बताया मृतक मानिकचंद सिंह रविवार की सुबह में पंडा नदी में स्नान करने गए थे। लगातार बारिश की वजह से पंडा नदी में बाढ़ आई थी इस कारण नदी का बहाव तेज था। अंधेरा होने की वजह से उन्हें पता नही चला। सूचना पाकर शव को देखने के लिए मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, अशोक पटेल, भगवान दत्त मेहता, रामचंद्र मेहता, विजय कुमार मेहता, संतोष कुमार मेहता, कृष्ण प्रसाद साव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

जन्मदिन पर फलदार व छायादार पोधरोपण किया

मेराल। पाराडाईज पब्लिक स्कूल के निदेशक इंजीनियर इमाम ने अपने जन्म दिवस केअवसर पर विद्यालय के परिसर में पौधा रोपण किया। विद्यालय परिसर में एक दर्जन फलदार एवं छायादार पौधा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मनुष्य को पेड़ पौधो से ही शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त करता है। जिस तेजी से जंगल नष्ट हो रहा है। निश्चित रूप से अधिक मात्रा में पेड़ नहीं लगाया गया तो आने वाले समय में लोगों के जीवन में ऑक्सीजन की कमी हो जाएगी। जिससे स्वास्थ्य जीवन के लिए काफी कठिनाइ होगी। सरकार युद्ध स्तर पर पौधा लगाने का अभियान चला रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को कम से कम एक-एक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों को भी एक-एक पेड़ लगाने का सुझाव दिया। प्राचार्य लालजी पाल ने भी परिसर क्षेत्र में एक पेड़ लगाया। मौके पर तैयब अंसारी, मोहन, महेंद्र प्रसाद ने भी अपने यहां पौधा लगाकर बचाने का संकल्प लिया। शिक्षक दीनानाथ चौधरी, केके ठाकुर, सरफराज अंसारी, प्रिया कुमारी, प्रतिमा भारती, हाजरा खातून, अहमद अंसारी, अंचला कुमारी मधु तिवारी, आरती कुमारी आदि उपस्थित थे।

अप्सरा लाइट होम डेकोरेट का शुभारंभ

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत क्षेत्र में हेंहो मोड़ के समीप अप्सरा लाइट होम डेकोरेट का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, भोजपुर गढ़ प्रमुख व झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सिद्धनाथ प्रसाद, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा अप्सरा लाइट होम डेकोरेट खुल जाने से यहां लोगो को लाइट दूसरे शहरों से लेने नहीं जाना पड़ेगा। पहले लाइट लेने के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब नगर ऊंटरी में सभी तरह का लाइट उपलब्ध है। इसके लिये प्रोपराइटर बबलू खान को उन्होंने धन्यवाद दिया। झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि अप्सरा लाइट होम डेकोरेट खुल जाने से यहां के लोगों को घर के होम डेकोरेट के लिये अब रांची एवं वाराणसी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, मुक्तेश्वर पाण्डेय, अमरनाथ पांडेय, राकेश विश्वकर्मा, बिरेन्द्र कमलापुरी, इंदल सिंह, बंगाली सिंह, पप्पू सिंह,आनंद प्रकाश कमलापुरी, पूर्व सरपरस्त तस्लीम खान, सरपरस्त शमीम खान, सदर तौहीद खान, छोटेलाल सिंह, मनदीप कमलापुरी, भरत प्रसाद, मुन्ना खान, छोटन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सर्वर फेल, एक भी आवेदन नहीं हुआ ऑनलाइन

मेराल। झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना प्रखंड के सभी 20 पंचायत में तीसरे दिन प्रज्ञा केंद्र का सर्वर फेल रहने के कारण योजना के लाभुकों को पंचायत भवन से निराश होकर लौटना पड़ा। मालूम हो कि 3 अगस्त से ही झारखंड सरकार के द्वारा सभी पंचायत भवन में शिविर लगा कर योजना का फॉर्म भर कर ऑनलाइन किया जा रहा है। विडंबना यह है कि सर्वर फेल होने के कारण तीसरे दिन भी संगबरिया पंचायत भवन में एक भी लाभुकों का आवेदन फॉर्म ऑनलाइन नही हुआ है। प्रज्ञा केंद्र संचालक राकेश कुमार ने बताया कि सर्वर फेल रहने के कारण एक भी आवेदन पत्र ऑनलाइन नहीं हो सका है। प्रत्येक दिन सैकड़ो महिलाएं सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के अपने अपने पंचायत भवन जाकर आवेदन पत्र ऑनलाइन करने के लिए बैठी रही है। आलम यह है कि सर्वर फेल होने के वजह से लाभुक शाम को निराश होकर घर लौट जाती हैं। इस समय मुख्य फसल धान की रोपाई का कार्य जोरों पर है। काम छोड़ महिलाएं योजना के लाभ लेने के लिए पंचायत भवन का चक्कर लगा रही है। किसानों के लिए बरसात के मौसम में धन रोपनी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए बीडीओ जागो महतो से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

सर्वर डाउन, 6155 मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना आवेदनों में मात्र 13 ऑनलाइन

भवनाथपुर। भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत लाभुकों का ऑनलाईन आवेदन करने में इंटरनेट सर्वर डाउन होने से कंप्यूटर ऑपरेटरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन देने के लिए महिलाओं की भीड़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत सचिवालयों पर उमड़ रही है। जानकारी के अनुसार, प्रखंड के 9 पंचायतों में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत ऑनलाईन इंट्री के लिए कुल 6155 आवेदन पड़े हैं, जिनमें दो दिनों के अंदर मात्र 13 आवेदनों का ही ऑनलाईन निष्पादन हो सका है। इंटरनेट सुविधा की कमी और ऑनलाइन पोर्टल के सर्वर डाउन होने के कारण 4 अगस्त को मात्र सात आवेदन का ही ऑनलाइन इंट्री व निष्पादन हो सका। शिविर में सुबह से इंतजार के बाद महिलाओं और युवतियों को निराश होकर घर लौटना पड़ रहा है, साथ ही उनके साथ आए बच्चों और वृद्ध अभिभावकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सर्वर डाउन के चलते शिविर में आवेदनों का त्वरित ऑनलाईन निष्पादन नहीं हो पाने से प्रखंड क्षेत्र में धान रोपनी का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। बीडीओ नंदजी राम ने लाभुकों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि तकनीकी कारणों से ऑनलाईन फॉर्म भरने में काफी परेशानी हो रही है। आगामी 10 अगस्त तक शिविर का आयोजन होना है, और शिविर में छूटे लाभुक शिविर के बाद भी फॉर्म भर सकते हैं। उन्होंने लाभ दिलाने के नाम पर बिचौलियों से सावधान रहने और किसी को पैसा नहीं देने की अपील की है।

ऑटो टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल

गढ़वा। चिनियां थाना क्षेत्र के मसरा गांव के समीप सोमवार को ऑटो के धक्के से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विकास कुमार पिता हरिशंकर पासवान चिनियां थाना क्षेत्र के बिलैतीखैर गांव का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि विकास कुमार ने अपनी मोटरसाइकिल से धान रोपनी के लिए खेत जुताई कराने जा रहा था। इस दौरान वह बिलैतीखैर एवं मसरा गांव के बीच अपनी मोटरसाइकिल को रोक कर किसी से मोबाइल फोन पर बात करने लगा। इस बीच पीछे से आए एक अज्ञात ऑटो ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इस घटना में विकास कुमार के दायां पैर में गंभीर चोट लगी है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : विशेष शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, कहा-

15 तक सभी पंचायत भवनों व वार्डों में लगेगा शिविर

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिले में सफल संचालन सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को उपायुक्त गरिमा सिंह ने नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड 11 के लिए सामुदायिक भवन अंबाकोठी, वार्ड 15 के लिए सब्जी मार्केट भवन में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित आवेदिकाओं से संवाद करते हुए विधि व्यवस्था से अवगत हुई। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचने वाली आवेदिकाओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हों यह सुनिश्चित करने को निर्देश दिया। शिविर में प्रयाप्त संख्या में बैठने के लिए कुर्सी, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने फॉर्म ऑनलाइन अपलोड करने में आ रही तकनीकी समस्या की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को सुव्यवस्थित तरीके से आवेदन जमा करने का निर्देश दिया। उपायुक्तने बताया गया कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत जिले की सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए आगामी 15 अगस्त तक सभी पंचायत भवन व शहरी क्षेत्र के वार्ड में शिविर लगाया जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शिविर के सफल संचालन का निर्देश दिया। साथ ही शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का आदेश दिया। तीसरे दिन आयोजित विशेष कैम्प में काफी संख्या में महिलाएं निःशुल्क फॉर्म प्राप्त कर उत्साहित और अपनी प्रशन्नता जाहिर करती दिखी। बता दें कि जिला अंतर्गत प्रखंडों के सभी पंचायत भवन व शहरी क्षेत्रों के वार्ड में आयोजित शिविर में 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना से जोड़ा जा रहा है। मौके पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अंचल अधिकारी लातेहार, अरविंद देवाशीष टोप्पो उपस्थित थे।

क्या है योजना

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

किसे मिलेगा लाभ

लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्ववित्का प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

फरार चल रहे चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

गिद्धौर (चतरा)। थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों में फरार चल रहे चार अभियुक्तों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर समकालीन अभियान चलाकर किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में द्वारी गांव के चेतलाल यादव के पुत्र मनोज यादव, रोहमर गांव के राजेश यादव की पत्नी रिंकी देवी, मंझगांवा तरी के अब्दुल करीम के पुत्र महबूब आलम व सुभान मियां के पुत्र मोहम्मद शमशाद शामिल हैं। समकालीन अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह,सोनी खालखो, अशोक कुमार पांडेय सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

वनाधिकार समिति की बैठक वन पट्टा के 33 प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक समाहरणालय स्थित वेश्म में हुई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के कुल 33 प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों पर सामुदायिक दावा की स्वीकृति पर विचार विमर्श के उपरांत सामुदायिक दावा के 1 प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। तथा अन्य प्रस्ताव को जांच के लिए कमेटी को भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार प्रवेश अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

कराटे खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन

बरवाडीह। रेलवे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में कराटे खिलाड़ियों को बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेल्ट ग्रेडिंग सोतोकान कराटे स्टाईल ऑफ क्लासिकल मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया रांची के तत्वावधान में आयोजित किया गया। एसकेसीएमएफ आईके झारखंड के मुख्य कराटे प्रशिक्षक सेन्सेई मदनलाल ने बेल्ट ग्रेडिंग का परीक्षा लिया। जिसमें संत क्लारेट स्कूल लेदगाई, ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल चपरी,आरडी पब्लिक स्कूल लेदगाई के 20 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में येलो बेल्ट,औरेन्ज बेल्ट,व ग्रीन बेल्ट के लिए शामिल बच्चों ने प्रदर्शन किया। सफल प्रतिभागियों को को ग्रेडिंग किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कराटे कोच सेंसुई जग बहादूर सिंह, संगीता टोपनो, रमेश कुमार, सीनियर कराटेकार चन्दन कुमार, कृष कुमार, नीतीश यादव, शर्मिला, आयूशी कुमारी ने सहयोग किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों समेत लोग शामिल थे।

मुख्यमंत्री मंईया योजना के शिविर का बीडीओ ने किया निरिक्षण

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र मे मुख्यमंत्री मंईया योजना के लिए लगाए गए शिविर में बीडीओ सह सीओ ने निरिक्षण किया। बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने बारियातू, टोटी, गोनिया, साल्वे, बालूभांग, शिबला, डाढ़ा व फूलसु के शिविर मे पहुंच कर मंईया योजना की लाभ के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन करने को लेकर कहा की किसी भी ग्रामीण महिला को परेशानी नहीं हो इसके लिए आवेदन भरने मे सहयोग करें। वेबसाईट का सर्वर धीमी गति से चल रहा है, जिसे देखते हुए सभी लाभुकों को टोकन सिस्टम से आवेदन जमा कर लें। आवेदन को अपलोड करने समय लाभुक को फोन कर बुला लें ताकि सभी लोग परेशानी से बच सके। जो भी लाभुक महिला आवेदन ऑनलाइन करवाने आते हैं उनका आवेदन भरकर जमा ले लें और उनका मोबाइल नंबर भी अंकित कर लें। सर्वर काम करने लगे तो नंबर सिस्टम से उन्हें बुलाकर फॉर्म अपलोड करें। मंईया योजना का लाभ दिलाने और इसे और बेहतर सेवा देने के उदेश्य से बीडीओ ने बारियातू प्रखंड कार्यालय मे सभी प्रखंड कर्मी और पंचायत कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक मे कई बिन्दूओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर कई प्रखंड कर्मी भी उपस्थित थे।

नाग पंचमी पर शिव-गुरु परिचर्चा का किया जायेगा आयोजन

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय स्थित बारियातू बस्ती मे नाग पंचमी व रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर शिव गुरु चर्चा और अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विशुनदेव प्रसाद ने बताया कि नाग पंचमी के शुभ अवसर पर परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के बगल में दिनांक 9 अगस्त दिन शुक्रवार को 11 बजे पुर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक व रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर बारियातु बस्ती स्थित देवी मंडल मे दिनांक 19 अगस्त को 11 बजे पुर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक शिव चर्चा व अखंड कीर्तन का आयोजन किया जायेगा।

मोबाइल दुकान में चोरी

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर मोड़ स्थित पांच दुकानों में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा अलौदिया निवासी संतोष ठाकुर के मोबाइल दुकान का एस्बेस्टस तोड़कर लगभग 15 से 20 हजार रुपये के सामानों की चोरी कर ली। सोमवार की सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा, तो देखा की दुकान का एसबेस्टस टूटा है। दुकान में रखा सामान गायब हैं। इस दौरान बगल के करिमन अंसारी,टुन्नू ठाकुर,विक्रम गंझू व जॉन लकड़ा के दुकानों के एस्बेस्टस भी टूटे मिले। हालांकि उन दुकानों से किसी प्रकार की संपति चोरी होने से दुकानदारों ने इंकार किया है। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर भुक्तभोगी दुकानदार से मामले की जानकारी ली।

एक नजर

कंरट से किसान की मौत

गिद्धौर (चतरा)। थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव में कंरट से किसान की मौत सोमवार की सुबह हो गई। बताया जाता है कि किसान सुबह करीब 3:30 बजे धान रोपनी को लेकर खेत पटवन के लिए गया था। खेत पटवन के क्रम में विद्युत तार के संपर्क में आने से किसान की मौत मौके पर ही हो गई। मृतक किसान हुलास महतो के पुत्र रविंद्र कुमार(32) बताया जाता है। मौत की घटना से गांव में शोक वयाप्त है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत शिविर का आयोजन

हेरहंज। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से सभी महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए प्रखंड के सभी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला और अन्य महिला बहनों को आवेदन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पंचायत में लगे शिविर में सुबह से ही महिला की कतार लगने लगी और एक एक करके सभी ने आवेदन दिया। बता दें कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना अंतर्गत प्रतिमाह ?1000 की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा। योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण सभी महिलाओं को निराश होकर लौटना पड़ा।

बाबा गणिनाथ की पूजा समारोह को लेकर कमेटी गठित

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय में बाबा गणिनाथ गोविंद की जयंती समारोह सह सम्मेलन का आयोजन सात सितंबर को रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में मनाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम को लेकर अखिल भारतीय अवदेशी सभा हलवाई समाज की बरवाडीह इकाई की बैठक महेंद्र प्रसाद के आवास पर हुई। बैठक में लातेहार जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद नंदू सहित कई लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान पिछले वर्ष के पूजा समारोह के आय-व्यय की जानकारी दी गयी। साथ ही इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि बाबा गणिनाथ की पूजा पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। इसके लिए कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष संजय प्रसाद संजू(सरईडीह), उपाध्यक्ष अजीत कुमार बरवाडीह व संतोष प्रसाद छेंचा को बनाया गया। सचिव रामनाथ प्रसाद बरवाडीह को, उवसचिव अंकित कुमार मंगरा को, कोषाध्यक्ष सिद्धनाथ प्रसाद को, उपकोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद को बनाया गया है। बबन प्रसाद ,महेंद्र प्रसाद सहित कई लोगों को चंदा प्रभारी बनाया गया। समाज के कई वरिष्ठ लोगों को संरक्षक व युवाओं को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है।

स्वतंत्रता दिवस तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रूप रेखा तैयार की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास व ध्वजारोहण के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम लातेहार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान, परेड किया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई,रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेवारी सौंपी। साथ ही विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देश दिया।

साफ-सफाई कराने का दिया निर्देश : उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शहर के सभी चौक-चैराहों एवं सभी प्रतिमा व मूर्तियों की साफ-सफाई आदि कार्य का 14 अगस्त से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारीको दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत,लातेहार राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य गण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए कर्मचारियों ने की पूजा, 7 को करेंगे हवन

लातेहार। झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड सरकार का हृदय परिवर्तन करने को लेकर सोमवार को शिवालय में जाकर पूजा किया। जिला अध्यक्ष सूरजा कुजूर ने कहा कि कर्मचारियों के पास अब कोई विकल्प नहीं रह गया है। वह झारखंड सरकार की हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना और पूजा-पाठ कर रहे हैं। सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एक सप्ताह में हृदय परिवर्तन सप्ताह मनाया जा रहा हैं। एक अगस्त को सरना स्थल व दो अगस्त को मस्जिद में प्रार्थना की गयी। तीन अगस्त को चर्च व गिरजाघर में प्रार्थना किया। पांच अगस्त को मंदिर में पूजा किया गया। छह अगस्त को गुरूद्वारा जाकर सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना की जायेगी। सात अगस्त को हड़ताली कर्मचारी झारखंड सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए हवन कार्यक्रम करेंगे। शायद सरकार की हृदय परिवर्तन हो जाए और उन लोगों की मांग मान ले।

मुखिया व पंचायत सचिव का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

प्रशिक्षण में मनरेगा योजना के संचालन के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा योजना के संचालक को लेकर गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड के मुखिया व पंचायत सचिव का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने दीप जलाकर किया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को हंटरगंज प्रखंड के लेजवा पंचायत के मुखिया योगेंद्र कुमार यादव व कान्हाचट्टी के मदगड़ा मुखिया सुप्रिया कुमारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मनरेगा योजना के संचालन की विस्तृत जानकारी दिया गया। मुखिया व पंचायत सचिव को मनरेगा योजना के संचालन में आ रहे तकनीकी खामियां की भी जानकारी दी गई। तकनीकी खामियां को कैसे दूर किया जा सकता है, इसकी भी जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में मुखिया निर्मला देवी,बेबी देवी, डेगन गंझू, सुमीरा कुमारी, सरिता देवी,जगदीश यादव,संदीप सुमन, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय,प्रियंका प्रिया, लखन यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

चाइल्ड रेस्क्यू बाल मजदूरी पर पर तेजी से होगा काम : उपायुक्त

दस साल बाद हुई 11 लोगों की नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। 10 वर्षों से बाल संरक्षण इकाई में लटका नियुक्ति प्रक्रिया सोमवार को पूर्ण हो गया। उपायुक्त गरिमा सिंह ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में सभी 11 सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र के वितरण के बाद उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि जिला बाल संरक्षण इकाई में इन 11 लोगों की नियुक्ति होने से बाल संरक्षण का मानव तंत्र मजबूत होगा। बालकों का देखभाल अच्छी तरह किया जा सकेगा। बाल मजदूरी पर रोक लगेगा। साथ ही चाइल्ड रेसक्यू तेजी से किया जा सकेगा। इस अवसर पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई,उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह,अपर समाहर्ता रामा रविदास, समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेम्ब्रम, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी मौजूद थी।

इनकी हुई नियुक्ति

विकास कुमार : संरक्षण पदाधिकारी, संस्थाग देखरेख
मिनटाजुर रा : संरक्षण पदाधिकारी, गैर संस्थाग देखरेख
पुनम कुमारी : सामाजिक कार्यकता, सामान्य
रामकुमार सिंह : सामाजिक कार्यकता, एसटी
राहुल कुमार : लेखापाल
सन्नी कुमार : आंकड़ा विश्लेषक
हिना कुमारी : सहायक सह डाटा इंट्री कम्प्यूटर ऑपरेट
सुरेंद्र उरांव : आउटरचीप वर्कर एसटी
मुकेश बैठा : आउटरचीप वर्कर सामान्य
राजेश कुमार रवि : सहायक सह डाटा इंट्री ऑपरेटर जेजेबी
याशमीन खातुन : सहायक सह डाटा इंट्री ऑपरेटर

सावन के तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों मे सावन की तीसरी सोमवारी को सभी शिवालय में शिवभक्तों का जलाभिषेक को लेकर काफी भीड़ भाड़ रही। सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर सोमवार सुबह से ही पहाड़ी शिव मंदिर में भक्तों की जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को लेकर काफी भीड़ लगी रही। पहाड़ी शिव मंदिर में मुख्यालय समेत दूर दराज क्षेत्र के काफी संख्या में शिव भक्त पूजा अर्चना किये। मंदिर के पुजारी गिरधारी मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा बल्लू ने भक्तों कों पूजा-अर्चना करवाया। कई भक्त केचकी, कोयल, औरंगा, संगम से जल उठा कर 15 किलोमीटर बोल बम का नारा लगाते हुए पैदल चल कर पहाड़ी शिव मंदिर में जल चढ़ाये। इसके अलावा बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर में जलाभिषेक को लेकर भक्तों की भीड़ देखी गई। यहां पर पुजारी राकेश मिश्रा ने भक्तों से पूजा-अर्चना करवाया। प्रखंड के थाना परिसर शिव मंदिर, बस स्टैंड मंदिर, पैरा विश्वनाथ शिव मंदिर,छिपादोहर शिव मंदिर, लाभर शिव मंदिर, सरईडीह शिव मंदिर,खुरा शिव मंदिर, समेत सभी शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज आदि जयकारा के साथ भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया।

लोहरसी में ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान है उपभोक्ता

चंदवा। प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी अखरा टोली में ट्रांफर्मर खराब होने से विद्युतापूर्ति बाधित है। जिससे उपभोक्ता परेशान है। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के मौसम में बिजली नहीं रहने से काफी परेशानी होती है। सांप, बिच्छू का खतरा बना रहता है। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही हैं, वहीं विद्यालय में भी पठन पाठन बाधित हो रही है। सूचना के बाद पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने ग्रामीणों मुलाकात कर संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग से यथा शीघ्र समस्या के समाधान की बात की। विभाग ने कहा कि जल्द ही ट्रांसफार्मर को ठीक करा दिया जायेगा। मौके पर कई ग्रामीण व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश संख्या–3563 दिनांक 15.09.2023 एवं पत्रांक 3863 दिनांक 10.10.2023 के आलोक में जिलान्तर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू में कक्षा 01 से 10 में विषयवार शिक्षक एवं शिक्षिकेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु इच्छुक पुरूष अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों के विवरण के साथ सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से अवसर देते हुए पुनः सूची आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिला लातेहार के बेवसाइट www.latehar.nic.in पर जारी की जा रही है। प्रकाशित सूची–सह–विवरणी से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 09.08.2024 तक की जा सकती है।

अतः प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में अभ्यर्थी अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक 09.08.2024 तक संध्या 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय लातेहार में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 331836 Human Resource Developement(24-25)#D

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(उद्यान प्रभाग)
कार्यालयः– जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार।

किसानों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–43 दिनांक–24.07.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य उद्यान विकास योजना अन्तर्गत उप योजना "मधुमक्खी पालन की योजना" के तहत लातेहार जिला के सभी कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि जिला में निम्नांकित रूप से योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का कार्यान्यवन किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयववार सरकार द्वारा अनुदान देय होगी। इच्छुक कृषक/कृषक समूह/लाभुक समिति/महिला समूह कार्यालय अवधि में आवेदन–प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 14.08.2024 तक कार्यालय अवधि में अपना आवेदन जमा एवं योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

क्र०सं०	कार्य अवयव	जिला – लातेहार	
		वित्तीय लक्ष्य	भौतिक लक्ष्य (ईकाई)
01	मधुमक्खी कॉलोनी (बक्सा)	मधुमक्खी कॉलोनी प्रति इकाई लागत रू० 2000/– मात्र का अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान रु० 1600/–	25
02	मधुमक्खी हिव्स (छत्ता)	मधुमक्खी हिव्स प्रति इकाई लागत रू० 2000/– मात्र का अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान रु० 1600/–	25
03	कन्टेनर 30 कि.ग्रा. (ड्रम)	कन्टेनर 30 कि०ग्रा० प्रति इकाई लागत रू० 20000/–मात्र का अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान रु० 16000/–	25

नोटः–
1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लाभुकों/कृशकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।
3. योजना कार्यान्वयन में SC, ST लघु एवं सीमांत कृशक, कृशक समूह, FPO, महिला स्वंय सहायता समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. योजना के संदर्भ में विशेश जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 331821 Agriculture(24-25)D

एक नजर

भंडरा में तीन अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी, भेजे गए जेल

भंडरा। भंडरा थाना द्वारा चलाए गए समकालीन अभियान के तहत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रांची न्यायालय से वारंटी भंडरा निवासी वीरू उरांव पिता उतील उरांव, डायन बिसाही के मामले में भंडरा थाना क्षेत्र के मलंग टोली गांव निवासी बिरसा उरांव पिता स्वर्गीय मडुवा उरांव एवं मसमानो गांव निवासी रामावतार भगत पिता बिनु भगत को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इन तीनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट प्राप्त था।

नशे की हालत में एक व्यक्ति ने नदी में लगाई छलांग, मौत

गुमला। गुमला जिला अंतर्गत स्थित मिलमिली नदी में डुबने के कारण छत्तीसगढ़ लोदाम बरटोली निवासी 45 वर्षीय परमेश्वर राम की मौत हो गई, मृतक के परिजन अर्पण राम ने बताया की परमेश्वर राम ने बताया की परमेश्वर राम बरगी टांड़ ग्राम में गुड्डू झोरा के घर एक परिजन मृत्यु के क्रिया क्रम में आए हुए थे, और उसी श्राद्ध क्रम में वह पीकर नशे से धूत होकर वह अपने घर वापस जा रहा हैं और रास्ते में पड़ने वाले मिलमिली नदी में जलस्तर काफी बड़ा हुआ था , यह देख परमेश्वर राम उक्त नदी में पहुंचकर और पानी में छलांग लगाकर नदी पार करना चाह पर वह पानी में बह गया, और उसकी मौत हो गई बाद में उसका शव बरामद हुआ तो पुलिस को उक्त सूचना दी गई उक्त सूचना मिलते ही संबंधित थाना के एस आई गनवरी प्रसाद ने अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन समय से हो : राकेश कुमार तिवारी

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ राकेश कुमार तिवारी द्वारा नव नियुक्त सेविका साहियकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया.नियुक्ति वितरण के उपरान्त उन्हनो कहा की नियुक्त पत्र लेने के पश्चात बाल विकास कार्यकाल सेन्हा में योगदान दें तथा योगदान के बाद केंद्र का संचालन समय से करें आंगनबाड़ी केंद्र समाज की सेवा के लिए है.समाजिक सेवा के साथ साथ पोषण क्षेत्र में गर्भवती माताएं तथा बच्चे बच्चियों का सेवा करें और समाज से कुपोषण और बुराइयों को दूर करने मे योगदान दें.वही आंगनबाड़ी केंद्र आदिवासी मुंहल्ला सेन्हा की सेविका संतोषी मिंज,साहियका मोनिका उरांव,आंगनबाड़ी केंद्र दतरी की साहियका रितु उरांव, महादेव टोली बदला की साहियका संपति कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया गया है.वही मौके पर बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी,अंगनी बेक,विजय कुमार, इकबाल अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

संघ के स्वयंसेवकों ने गुरुदक्षिणा उत्सव आयोजित किया

लोहरदगा। लोहरदगा के सेन्हा दुर्गा मंदिर मंडप परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा रविवार को गुरूदक्षिणा उत्सव आयोजित किया गया। गुरु के रूप में भगवा ध्वज को प्रणाम करते हुए स्वयंसेवकों द्वारा गुरूदक्षिणा समर्पित की गई। मौके पर स्वयंसेवक विजय सोनी ने कहा कि संघ द्वारा मनाये जाने वाले छह उत्सवों में एक गुरुदक्षिणा उत्सव भी शामिल है। जिसकी शुरूआत 1928 में की गई थी।

शिव-पार्वती झांकी के साथ लोहरदगा से निकली विशाल कांवर यात्रा

30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में किया जलार्पण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर कांवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवाकी बाबाधाम के लिए रवाना हुए। काँवर यात्रा की शुरूआत मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से हुई। शिवभक्तो की टोली बरवाटोली से निकलकर महावीर चौक, गुदरी बाजार, राणा चौक, मिशन चौक होते हुए देवाकी के लिए प्रस्थान किया। फूलो से सजी पालकी में भगवान शिव की प्रतिमा को लेकर शिवभक्त पैदल नंगे पैर देवाकी पहुचे। पालकी के पीछे पीछे शिवभक्तों की टोली भक्तिमय गीतों पर नाचते गाते हुए देवाकी पहुचे। लगभग 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण किया। कांवर यात्रा का उद्घाटन उपायुक्त डा. बाघमारे प्रसाद कृष्ण, गौरव आरपी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सूरज सिंह, शैलेश अग्रवाल, स्नेहिल गोयल, राजेश अग्रवाल, अभय अग्रवाल, राजीव रंजन, अजातशत्रु, शुभम मित्तल व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत साफा पहनाकर किया गया। सभी अतिथियों ने गंगा जल लेकर मंदिर परिसर में विराजमान भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के बाद मां दुर्गा की पूजा अर्चना किए। सुल्तानगंज से लाये गए गंगाजल को भक्तो के बीच बांटा गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कांवरियों को शुभकामनाएं दिया। कहा कि हम ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर सबकी मनोकामना पूरी करे।

जगह-जगह हुआ कांवरियों का स्वागत, हुई पुष्प वर्षा

लोहरदगा। लोहरदगा से घाघरा देवाकी जाने वाले सभी भक्तों का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। बरवाटोली से निकलकर घाघरा पहुँचने के बीच मार्ग पर भक्तो का जगह जगह स्वागत सत्कार किया गया। महावीर चौक, गुदरी बाजार, सेन्हा चौक, अरु चौक समेत अन्य जगहों पर स्वागत किया गया। घरो से निकलकर लोग झांकी के दर्शन किया। वही कांवरियों के जलपान और फल की व्यवस्था लोगो ने किया था। हर जगह पेयजल की व्यवस्था की गई थी। लोग यदि थक जा रहे थे तो उनके लिए गाड़ी की भी व्यवस्था थी।

बोल बम के जयकारे से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा

सावन मास की तीसरी सोमवारी को शिव भक्तों द्वारा मंदिरों में सुबह 5 बजे से ही पूजा अर्चना प्रारम्भ हो गया था.वही बोल बम और हर हर महादेव के जयकारा से वातावरण गुंजायमान हो रहा था. इस मौके पर बदला, सेरेंगहातु, कोराम्बे, चौकनीअरु, सेन्हा, सीठीयो, बक्सीडीपा बांधटोली सेन्हा शिव मंदिर के अलावे 1200 फिट ऊंचाई पर महादेव मंडा चंदवा गढ़गांव के गुफा में स्थित भगवान महादेव शंकर को जल अर्पण किया गया.वही भक्तों ने फूल अक्षत, बेलपत्र,रोली सिन्दूर से भगवान शहर और माता पार्वती का पूजन कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये कामना किया गया.वही बच्चे नवजवान, महिला पुरुष,बालिकाएं श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान महादेव शंकर और माता पार्वती का पूजा अर्चना करते दिखाई दिये। साथ सावन मास के तीसरे सोमवारी के मौके पर कांवरिया संघ लोहरदगा द्वारा शिव भक्तों का जत्था लोहरदगा से पैदल गुमला जिला अन्तर्गत घाघरा प्रखंड के देवाकी बाबा धाम जल अर्पण के लिये रवाना हुआ.वही शिव भक्तों महिलाएं पुरुष और युवक युवतियां उमंग व उत्साह के साथ शामिल थे।

कांवर यात्रा के सफल आयोजन में रही इनकी भूमिका

कांवर यात्रा के सफल संचालन में आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल, रमेश साहू, सुषमा सिंह, अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सचिव आलोक अग्रवाल (निखिल), विक्रम सिंह, राहुल कौशल, राजेश महतो, रोहित साहू, चंदन गोयल, प्रवीण ठाकुर, पीयूष अग्रवाल, सम्भव तमेड़ा, प्रमोद प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, दीपक कुमार, अमित यादव समेत अन्य की अहम भूमिका रही।

कांवरिया संघ बरवाटोली ने भक्तों का आभार व्यक्त किया

कांवरिया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने अयोजन की सफलता के लिए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज का यह काँवर यात्रा लोहरदगा के लिए ऐतिहासिक पल है। ऐसे ही सभी सामूहिकता का भाव रखकर हर भक्ति आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। कांवरियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही किया गया था।

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त निष्कर्ष को ज्यूरी पैनल के समक्ष रखा गया

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाईल्ड हेल्पलाईन, होप बालिका गृह, समर्पण बालक गृह, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण का सामाजिक अंकेक्षण यूनिट के द्वारा अलग-अलग तिथियों को किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त निष्कर्ष को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता वाली ज्यूरी पैनल के समक्ष रखा गया। बैठक में होप बालिका गृह, समर्पण बालक गृह, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण, चाईल्ड हेल्पलाईन, सीडब्ल्यूसी, जिला बाल संरक्षण ईकाई समेत संबंधितों को प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर विभिन्न बिंदुओं पर निदेश दिये गये और उनका अनुपालन तय समय के अंदर किये जाने का निदेश दिया गया। सोशल ऑडिट टीम की ओर से सरस्वती देवी के द्वारा निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया।

उपायुक्त ने किया मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। गुमला



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइंया सम्मान योजना के तहत जिले के सभी पंचायतों एवं वार्डों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है, कैंप में उपस्थित सीएससी केंद्र के श्छए के द्वारा शिविर में सभी आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड करने का कार्य निः शुल्क किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने टोटो पंचायत एवं पंचायत सचिवालय में लगे शिविर का औचक निरीक्षण किया । बताते चले कि मुख्यमंत्री मंइंया सम्मान योजना के तहत जिले के सभी योग्य लाभुकों को योजना से आच्छादित किया जा सके इसके लिए दिनांक 3 अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक सभी वार्डों एवं पंचायतों में शिविर लगाए गए हैं। शिविर के माध्यम से सभी आवेदन फार्म को ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। इस योजना के तहत 19 वर्ष से 49 वर्ष तक की महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया जाएगा ।

टोटो स्थित लैम्पस का डीसी ने किया निरीक्षण

गुमला। गुमला आज सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा टोटो लैम्पस का निरीक्षण किया गया। वहीं टोटो लैंपस के सचिव द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 24- 25 में लगभग 71 क्विंटल धान का बीज किसानों को 50% अनुदान पर दिया गया है. साथी किसानों के लिए सभी प्रकार का उर्वरक मिलता है।

मौसेरे भाई की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय कच्छ में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मीडिया कर्मियों को बताया की 04 /07/2024 को एक सूचना मिली कि सिसई थाना स्थित सोगड़ा ग्राम के समक्ष एक पुरुष का शव जिसका सर कुदाल से कटकर हत्या किया गया है और वह उक्त स्थान पर पड़ा हुआ हैं, उक्त सूचना मिलने ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर सिसई थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, पुअनि अजय कुमार, पुअनि प्रमोद कुमार, रिजर्व गार्ड के जवान आरक्षी नरेंद्र सरदार और आरक्षी सुबोध गोप उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पुछताछ शुरू करते हुवे, उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, उन्होंने बताया की मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने उक्त शव का पहचान सिसई थाना स्थित सोगड़ा ग्राम के 24 वर्षीय पारस साहू , (पिता लालधर साहू) के रूप में किया गया और मृतक के पिता पिता लालधर साहू के लिखित आवेदन पर सिसई थाना में एक प्राथमिक की दर्ज की गई। और अनुसंधान के क्रम में उक्त घटना के रात में ही प्राथमिक की दर्ज की गई और सिसई पुलिस ने समय पर उक्त अभियुक्त को दबोच लिया , और विधिवत्त गिरफ्तारी कर ली गई।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की प्रगति की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रगति की समीक्षा हेतु सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता हेतु बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों और नगर परिषद क्षेत्र में दिनांक 03.08.2024 से लेकर अब तक प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई और उन आवेदनों की ऑनलाईन इंट्री ससमय कर लिये जाने का निदेश दिया गया। स्टॉल में ऑनलाईन इंट्री हेतु प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर्स की उपस्थिति पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर प्रशासक नगर परिषद व सभी सीएससी मैनेजर उपस्थित थे।

छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है : मंत्री डॉ रामेश्वर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखंड के मिडिल स्कूल खेल मैदान में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव एवं अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया. मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार में विकास की गंगा बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। वहीं छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पर साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर की। संबोधन के दौरान मंत्री ने कहा कि बच्चों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मरांग गोमके जयपाल सिंह? मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना आदि झारखंड सरकार द्वारा? छात्र-छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। आप छात्र? इन सब योजनाओं? का लाभ उठा सकते हैं।इसके साथ ही वर्तमान में 21 से 50 वर्ष ऊपर सभी महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत हर माह 1000 रूपया के तहत सालाना 12 हजार देने का काम करेगी। हमारी सरकार जिसका लाभ आप सभी महिलाएं ले सकते है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, रौनक इकबाल इकबाल, जफर इमाम, सेराज अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

यातायात नियमों का सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाए

जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक झारनेट सभागार में हुई। बैठक में जुलाई माह तक सड़क दुर्घटना में मृत, गंभीर रूप से घायल और हल्के रूप से घायलों की संख्या पर चर्चा की गई। ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, ड्रंक एण्ड ड्राइव को लेकर लगातार थाना स्तर से हेल्मेट जांच अभियान चलाये जाने, हिट एण्ड रन में लंबित दस्तावेज को प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करने, राष्ट्रीय उच्च पथ को गड्ढों को भरे जाने, विभिन्न स्थानों पर रंबल स्टिप लगाये जाने, पथ प्रमण्डल द्वारा विभिन्न पथों के समतलीकरण, शिक्षा विभाग द्वारा यातायात नियमों का सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाये जाने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुड सैमेरिटन के लिए व्यक्तियों को नामित किये जाने समेत अन्य विभागों को दिये गये अनुपालन की समीक्षा की गई।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दी सलाह

लोहरदगा। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु लोहरदगा रेलवे स्टेशन से भक्सो मुक्तिधाम पथ में कई जानलेवा गड्ढे में जल जमाव,किस्को प्रखंड कार्यालय से कोचा गांव की जर्जर सड़क,दो वर्षों से हिसरी बोंगा पथ में टूटी पुलिया,पेसरार प्रखंड के सांगोडीह अंबवाटीकर की खस्ता सड़क, सांगोडीह पुल का एप्रोच रोड,बाइक के साइलेंसर को मॉडिफाई कर के 110 डेसीबल से ज्यादा ध्वनि उत्पादित करने,दुर्घटना को आमंत्रित करते बेकार पड़े टेलीफोन के पोल,कुडू पेट्रोल पंप से रांची की ओर तकरीबन एक किलोमीटर तीखा व संकीर्ण सड़क का निर्माण छोड़ दिए जाने से बढ़ती दुर्घटना,कचहरी मोड/ ब्लॉक चौक को अतिक्रमण मुक्त व सौंदर्य करण हेतु बात रखी गई,जिसे समिति ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देश दिए।

न्यूज बॉक्स

राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में लोहरदगा की बेटियों का रहा दबदबा, जीते चार पदक

कुडू - लोहरदगा। रांची के धुर्वा सेक्टर 4 स्थित वाईबीएन पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय झरखंड स्टेट कैडेट एवं जूनियर जुडो चंपियनशिप प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का एक बार फिर दबदबा कायम रहा। चार कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाने में सफल हुए हैं। इस प्रतियोगिता में एक खास बात यह रही कि सभी पदक जिले की बेटियों की झोली में आये हैं। जिस्में कुडू प्रखण्ड की गायत्री कुमारी ने 62 किलो भार वर्ग, आरती 48 किलो भार वर्ग, तृषा 44 किलो भार वर्ग एवं सेन्हा प्रखण्ड की अंजली ने 52 किलो भार वर्ग में पदक जीते है। कोच अमित सिंह के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में जिले के आठ खिलाड़ी शामिल हुए थे। गौर तलब है कि देश विदेश में आयोजित कराटे, गतका, साइकलिंग में भी जिले के खिलाड़ी नाम रौशन कर चुके हैं।

सावन की तीसरी सोमवारी पर उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

भंडरा। सावन की तीसरी सोमवारी को प्रखंड मे शिव भक्तों का सैलाब शिव मंदिरों में उमड़ा. सुबह 5बजे से ही बोल बम के नारे से वातावरण गुंजायमान हुआ.बोल बम का नारा लगाते हुए शिव भक्त शिव मंदिरों की ओर प्रस्थान करने लगे. इस मौके पर शिव मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. इसके साथ ही धार्मिक गाने बजाए जा रहे थे. अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर में विशेष सजावट की गई थी. इसके साथ ही ध्वनि विस्तार की यंत्र से शिव भक्ति की गाना बजाया जा रहा था. सुबह 5 बजे से ही भौरो स्थित शिव मंदिर मसमानो स्थित बुढ़वा महादेव शिव मंदिर चट्टी में स्थित महादानी शिव मंदिर के साथ अन्य शिवालयों में भी शिव मंदिरों में भक्तों की कतार लग गई थी. अखिलेश्वर धाम मंदिर परिसर में दिन के 12 बजे तक लंबी कतार लगी रही. शाम 4 बजे तक भीड़ कुछ कम हुई .इस मौके पर क्षेत्र के कई जगह से शिव भक्त बाबा भोले की पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे. मौके पर अखिलेश्वर धाम परिसर में मेला सदृश्य बना हुआ था. इस मौके पर योगी सेना के द्वारा भंडारा का आयोजन अखिलेश्वर धाम परिसर में किया गया।

लगातार हो रही बारिश के कारण डायवर्सन बह गया, गांव का संपर्क टूटा

गुमला। गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर प्रखंड में डायवर्सन बहने के कारण नरमा पंचायत और संबंधित पंचायत के आसपास के सभी गांव टापू बन गया हैं, और उक्त पंचायत एवं गांव के लोगों का आवा गमन पूर्णतः बाधित होने के कारण विशेषकर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित हो रही है, और गंभीर रूप से पीड़ित रोगियों को अस्पताल ले जाने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है , जबकि जनप्रतिनिधियों द्वारा संबंधित संवेदक को डायवर्सन बनाते वक्त मजबूत डायवर्सन बनाने की हिदायत दी गई थी , फिर भी प्लास्टिक के बोरे में रेत और मिट्टी डालकर डायवर्सन बना दिया गया जो बरसात के पानी को झेल नहीं पाया और उक्त डायवर्सन बह गया।

ईसीजी जांच सुविधा उपलब्ध कराएगी सेवा भारती : दीपक

लोहरदगा। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को लगातार 112 वें सप्ताह फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल की अगुवाई में किया गया। इसमें 50 लोगों ने इलाज कराया।न्यू रांची पैथोलॉजी थायरोकेयर के सहयोग से हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप,ब्लड शुगर आदि की निःशुल्क जांच की गई।दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देना चाहिए। जल्द ही इसीजी जांच के अलावा स्वास्थ्य संबंधित अन्य सभी जांच भी आधे ही खर्च पर कराई जाएगी। हमारा प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा प्रदान कर सकें। डा कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए। घर के आसपास पानी का जमाव न होने दें।

जुआ खेलते आधा दर्जन से अधिक सफेदपोश गिरफ्तार

लोहरदगा। लोहरदगा पुलिस ने जुआ अड्डे में छापेमारी कर शहर के सम्मानित कहे जाने वाले कई प्रतिष्ठित शख्सियतों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ गैंबलर एक्ट और उत्पाद अधिनियम के खिलाफ लोहरदगा थाने में फिर दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार लोगों के पास से छह लाख रुपए से अधिक की नकदी, एक पेटी शराब, मोबाइल और ताश बरामद किया गया है। एसपी हारिश बिन जमां के आदेश पर कार्रवाई हुई है। गिरफ्तार लोगों में समाजसेवी कहे जाने वाले आजसू पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राम लखन प्रसाद, मो सोनू अंसारी शामिल हैं।

उषा महतो ने धान रोपाई कर किसानों का बढ़ाया हौसला

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

गोविंदपुर प्रखंड के मरिचो तिलैया जैसे पंचायतों में विगत कई दिनों से अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों के हौंसला अफजाई के लिए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव महिला मोर्चा सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो, केंद्रीय सचिव महिला मोर्चा कुंती देवी, कुड़मी समाज के साधोबाद निवासी रोशना महतो अपनी महिला टीम के साथ रंजीत कुमार महतो के मरिचो पंचायत बेहराडीह गांव के रानी डुबा नामक बहियार खेतों में जाकर धान रापाई करके क्षेत्र के सभी किसानों से मिलकर हौंसला अफजाई किया। बलियापुर जिला परिषद उषा महतो के मरिचो पंचायत आगमन पर बेहराडीह गांव में कुड़मी समाज के पुरखों से चली आ रही है। पारंपरिक संस्कृति रीति-रिवाजों के अनुसार कांसा के लोटी पानी से धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो की पत्नी अंजू देवी के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। क्षेत्र के सभी महिला किसानों से मिलकर उनके जन समस्याओं से अवगत हुए। धान रापाई के दौरान उषा महतो, कुंती देवी, रोशना महतो, रंजीत कुमार महतो, मीना देवी आदि सभी किसान महिलाओं के द्वारा दर्जनों सुप्रसिद्ध कुड़माली धान रोपनी गीत गाये। केंद्रीय महासचिव सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो के द्वारा धान रापाई शुभारंभ से सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के किसानों के बीच एक नया ऊर्जा का संचार हुआ। मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव महिला मोर्चा सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो, धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार महतो, महिला मोर्चा के केंद्रीय सचिव कुंती देवी, रोशना महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाईगर, छोटू रजक, राहुल रवानी, अंजू देवी, मीना देवी, उषा देवी, संजीत कुमार महतो, निताई महतो आदि कई ग्रामीण किसानों की उपस्थिति हुई।

शिक्षक की हुई नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

गांडेय जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में सोमवार को संविदा के आधार पर जीव विज्ञान विषय में शिक्षक नियुक्ति के लिए गांडेय जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की और से साक्षात्कार का आयोजन किया गया ।

मौके पर गिरिडीह के एडिशनल कलेक्टर विजय सिंह बिरुआ और डीईओ मो वसीम अहमद , जामताड़ा जवाहर नवोदय विद्यालय के उप प्राचार्या प्रीति श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

एडिशनल क्लेक्टर और डीईओ के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सभी का स्वागत गुलदस्ता देकर किया ।

बता दें कि बता दें कि गांडेय जवाहर नवोदय विद्यालय गांडेय ने संविदा के आधार पर जीव विज्ञान के लिए एक शिक्षक का विज्ञापन प्रकाशित किया था ।

साक्षात्कार के लिए दो उम्मीदवार पहुंचे हुए थे । दोनों उम्मीदवारों का कागजी दस्तावेज जांच करने के बाद साक्षात्कार किया गया ।

इस विषय में गांडेय के प्राचार्य उपेन्द्र नाथ चौबे ने कहा कि चयन प्रकिया के नियमों का पालन करते हुए एक उम्मीदवार का चयन शिक्षक के रुप में किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 28/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 31.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331456 द्वारा प्रकाशित किया गया था, में आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 17.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
PR 331820 (Rural Work Department) 24-25 (D) कार्य प्रमंडल, गढ़वा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(जिला कृषि कार्यालय, लातेहार)

दाल उत्पादक किसानों के लिए आवश्यक सूचना

लातेहार जिला के दाल (तुर, उरद और मसूर) उत्पादक किसानों को सूचित किया जाता है कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय नोडल एजेंसियों NAFED एवं NCCF के माध्यम से किसानों से तुर (अरहर), उरद और मसूर पर खरीद की सीमा को हटाने का निर्णय लिया गया है, ताकि दालों में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जा सके। NAFED एवं NCCF के एजेंसियों के द्वारा किसानों से उत्पादित तुर (अरहर), उरद और मसूर की 100% खरीद किया जाना है।

अतः लातेहार जिला के इच्छुक दाल उत्पादक किसान (तुर, उरद और मसूर) NAFED एवं NCCF के ई–समृद्धि पोर्टल पर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि सरकार द्वारा निर्धारित MSP दर पर दालों का क्रय किया जा सके।

जिला कृषि पदाधिकारी
लातेहार

PR 331818 (Agriculture)24-25*D

तृतीय सोमवारी पर लोक समर्पण ने महाभोग का आयोजन किया

जमशेदपुर। शहर की सामाजिक संस्था लोग समर्पण की ओर से सावन माह के तृतीय सोमवारी पर महाभोग का आयोजन किया गया. भालूबासा मेन रोड स्थित काली मंदिर प्रांगण में आयोजित महाभोग में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास समेत शहर के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई लोग शामिल हुए. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ललित दास की अगुवाई में संस्था के सदस्यों ने आगन्तुक अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश संख्या–QU/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हेरहंज में कक्षा 06 से 08 एवं कक्षा 09 से 12 में विषयवार शिक्षिकाओं के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों के विवरण के साथ सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से अवसर देते हुए पुनः सूची आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिला लातेहार के बेवसाइट www.latehar.nic.in पर जारी की जा रही है। प्रकाशित सूची–सह–विवरणी से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 09.08.2024 तक की जा सकती है।

अतः प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में अभ्यर्थी अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक 09.08.2024 तक संध्या 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय लातेहार में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 331835 (Human Resource Developement)24-25*D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम
ज्ञापांक ..... दिनांक .....

इच्छा की अभिवृति Expression of Interest (EOI) 06/2024–25

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत जर्जर भवन (कंडम बिल्डिंग) को निःशुल्क सुरक्षित Dismantle किया जाना है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी कार्यालय के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता से सम्पर्क स्थापित करते हुए स्थल जाँचोपरान्त Dismantle करने हेतु **दिनांक 13.08.2024 को 1:00 बजे अपराह्न** तक लिखित सहमति पत्र सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में जमा कर सकते है। उसी दिन **अपराह्न 3:00 बजे** नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष बन्द लिफाफा खोली जाएगी। लिफाफा समर्पित करने वाले संवेदक/एजेन्सी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ससमय उपस्थित रह सकते है। जर्जर भवन की सूची निम्नवत् है :–

क्र0	स्थल का नाम	क्र0	स्थल का नाम
1.	बंगला कॉलोनी FCI क्वाटर।	6	जिला शिक्षा अधिकक्षक कार्यालय कचहरी परिषर।
2.	सिंचाई कॉलोनी DSO आवास के पीछे।	7	समाहरणालय के सामने का जर्जर भवन।
3.	टाउन हॉल के पास पुराना शौचालय जर्जर स्थिति है।	8	महिला शीशु कल्याण केन्द्र स्वास्थ्य विभाग सदर अस्पताल (सेन्टर के पास)
4.	डॉ0 आर0पी0 सिन्हा के नर्सिंग होम के सामने का जर्जर भवन।	9	मलेरिया कार्यालय (संस्कृति महाविद्यालय के सामने)।
5.	नई मुहल्ला रोड़ सरकारी स्कूल	10	शाहपुर मिशन रोड़ में पानी हाउस।

प्रतिलिपि :– नगर निगम कार्यालय सूचना पट पर साट कर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ/जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, मेदिनीनगर को विज्ञापन के रूप में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 331859 District(24-25)#D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 08/वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 13.08.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 14.08.2024 को 11.00 बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 14.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Extension of 11KV Line & LT Line 1X200 D/S/S to provide at PM awas yojan Aghor Ashram road sudna in ward no. 02 Daltonganj	926176	18525	5000	तीन माह
2	Extension of 11KV Line & LT Line 1X200 D/S/S to provide at PM awas yojan Aghor Ashram road sudna in ward no. 02 Daltonganj	886584	17740	5000	तीन माह

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 331863 District(24-25).D

जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 12 वर्ष 2024–25, D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 12.08.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 13.08.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 13.08.2024 को 03:30 बजे अपराह्न, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की तिथि
1	2	3	4	5	6
1	प्रखण्ड लातेहार पंचायत जालिमखूर्द ग्राम जगलदगा में बिशुनदेव सिंह के घर से राजकुमार सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	34,90,200.00	70,000.00	5000	03 माह
2	प्रखण्ड लातेहार पंचायत जालिमखूर्द ग्राम जगलदगा में इन्द्रदेव उरांव के घर से शिव कुमार उरांव के घर होते हुए प्रदीप टोप्पो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	31,88,700.00	64,000.00	5000	03 माह

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक भाग ले सकेंगे।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 331825 Rural Development(24-25)#D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 09/वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 **20.08.2024** को **11.00** बजे पूर्वाह्न से **1.00** बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 21.08.2024 को **11.00** बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 21.08.2024 को 03:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Construction of PCC road from Umesh Baitha house to Alok Ranjan house to Kamla Nagar with Drain Slab in ward no. 10 under mediningar municipal corporation	655480	13110	5000	तीन माह
2	Construction of RCC drain from Salim Miya house to Akhilesh Tiwari house in ward no. 16 under mediningar municipal corporation	598490	12000	5000	तीन माह

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 331862 District (24-25)_D

कार्यालयः कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड़, लातेहार–829206
Website :- www.atmalatehar.in Email :- atmalatehar@gmail.com
Phone No.06565-297030

कृषक मित्रों हेतु महत्त्वपूर्ण सूचना

निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–529 राँची, दिनांक 22.07.2024 के द्वारा विभागीय संकल्प संख्या–210 दिनांक 31.07.2010 एवं ATMA Guidelines, 2018 under Krishonnati Yojana के अनुसार प्रखण्डवार अभियान चलाकर शत–प्रतिशत कृषक मित्र का चयन करने का निदेश प्राप्त है। आत्मा योजना अन्तर्गत प्रत्येक 02 राजस्व ग्राम में एक कृषक मित्र का चयन किया जाना है।

जिन कृषक मित्र का चयन पूर्व में किया गया है परन्तु निष्क्रिय हैं एवं कार्य नहीं रहें हैं, वैसे इच्छुक कृषक मित्र को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 03.08.2024 से 20.08.2024 तारीख तक** प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी (BAO), प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) को अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं। **अंतिम तिथि 20.08.2024 के बाद** प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं उनके स्थान पर नये कृषक मित्र का चयन कर लिया जाएगा।

परियोजना निदेशक
आत्मा, लातेहार

PR 331816 Agriculture(24-25)#D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 13.08.2024 से 14.08.2024 को अपराह्न 4:00 बजे तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 16.08.2024 (अपराहन 1:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 16.08.2024 (अपराहन 2:00 बजे से)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6. निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र0	प्रखण्ड	ग्राम पंचायत	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सतबरवा	बोहिता	पंचायत भवन बोहिता का मरम्मति।	953000.00	19500	2500.00	3 माह
2	सतबरवा	धावाडीह	पंचायत भवन धावाडीह का मरम्मति।	982000.00	20000	2500.00	3 माह
3	सतबरवा	दुलसुलमा	पंचायत भवन दुलसुलमा का मरम्मति।	982000.00	20000	2500.00	3 माह
4	सतबरवा	रबदा	पंचायत भवन रबदा का मरम्मति।	982000.00	20000	2500.00	3 माह
5	सतबरवा	बकोरिया	पंचायत भवन बकोरिया का मरम्मति।	982000.00	20000	2500.00	3 माह
6	सतबरवा	बारी	पंचायत भवन बारी का मरम्मति।	511000.00	10500	2500.00	3 माह

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
PR 331878 District(24-25)D जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता/दुग्ध मित्र एवं देशी/उन्नत लस्ल की बछिया पालको के लिए आम सूचना)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) का राज्यादेश सं० 17 रा० (वि०) दिनांक– 16.07.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य, जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता/दुग्ध मित्र एवं देशी/उन्नत नस्ल बछिया पालाकों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किये जाने की योजना है। उक्त योजना हेतु लातेहार जिला के इच्छुक दुग्ध उत्पादक/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता/दुग्ध मित्र एवं देशी/उन्नत नस्ल बछिया पालाकों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन निम्न विहित प्रपत्र में पूर्ण बायोडाटा, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल अपने डेयरी फार्म में करने, मौसमी हरा चारा का उत्पादन, जीविकोपार्जन एवं आर्थिक स्थिति मजबूत होने संबंधी सफलता की कहानी तथा निर्मित गौशाला का स्वयं के साथ रंगीन फोटोग्राफ सहित (दो प्रतियों में) दिनांक– 30.08.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में समर्पित कर सकते हैं ताकि अंतिम चयन हेतु प्रस्ताव गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची को भेजा जा सके।

निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रपत्र

क्र. सं.	पशुपालक का नाम /पिता/पति का नाम	ग्राम	प्रखण्ड	जिला	जाति	पशु स्वास्थ्य अति उत्तम/संतोषप्रद / सामान्य	योजना की स्थिति		प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक द्वारा बैंक ऋण वापसी की स्थिति
							स्वयं से	बैंक सहयोग से प्रारंभ (बैंक एवं शाखा का नाम)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

दुधारू देशी/संकर नस्ल की गाय/भैंसों की सं०	वर्त्तमान में दूध देनेवाली गाय/ भैंस की सं०	उत्पादित दुग्ध की मात्रा (ली० में)	प्रति दुधारू मवेशी दूध उत्पादन (ली० में)	दूध बिक्री की व्यवस्था	मौसमी हरा चारा का उत्पादन (एकड़ में)	डेयरी फार्म का साफ–सफाई	डेयरी फार्म में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल	अभ्युक्ति
11	12	13	14	15	16	17	18	19

नोटः–1. आवेदक अपना आवेदन के साथ बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की स्व–हस्ताक्षरित छाया प्रति अवश्यक संलग्न करेंगे।
2. वैसे पशुपालक जिन्हें इस योजना के तहत पूर्व में पुरस्कार प्रदान किया गया है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं होगें।

विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार

PR 331831 Animal Husbandry(24-25).D

संपादकीय

विकास के लिए राजनीति नहीं, समन्वय चाहिए

केंद्र और राज्य सरकारों का संघर्ष भारतीय राजनीति में नया नहीं है पर अब स्थिति और भी जटिल हुई है। 27 जुलाई को हुई नीति आयोग की बैठक में गैर-भाजपा शासित राज्यों के करीब दस मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। इंडिया गठबंधन से अलग होकर ममता बनर्जी जरूर इसमें शामिल हुईं, लेकिन वह भी यह आरोप लगाकर बाहर निकल गईं कि उन्हें अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। हालांकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्हें नियमानुसार बोलने का पर्याप्त समय दिया गया। साथ ही बारी से पहले बोलने के उनके आग्रह को भी स्वीकारा गया। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने माइक बंद करने के आरोप को भी गलत बताया। इससे प्रधानमंत्री ने जो एजेंडा तय किया कि राज्यों के कल्याणकारी एवं विकासोन्मुख प्रशासन के वह कैसे वाहक बनेंगे, इस पर कोई विशेष चर्चा न होकर राजनीतिक चर्चा के रूप में ऋणात्मक संदेश गया। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने यह कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया है कि झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों को मिलाकर नया केंद्रशासित प्रदेश बना देना चाहिए। इस बयान को भी ममता बनर्जी ने आड़े हाथों लिया और कहा कि वह बंगाल का विभाजन नहीं होने देंगी। इससे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आग-बबूला हो सकते हैं। निशिकांत के बयान को इतनी गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। वह एक संसदीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधि यानी सांसद के अलावा अन्य किसी जिम्मेदार पद पर नहीं हैं। लेकिन राजनीति में तिल का ताड़ बनते देर नहीं लगती। विपक्ष पहले से ही इस बात को लेकर हमलावर है कि भाजपा सरकार संविधान बदलना चाहती है। इस बयान को आधार बनाकर विपक्षी नेता आगामी कुछ महीनों में झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे राज्यों में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों में भाजपा को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव की खबरें भी राष्ट्रीय समाचारों की सुर्खियां बनती रही हैं। इनमें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल की सरकारों के राज्यपालों से टकराव तो अदालतों तक पहुंच चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद संसद में विपक्ष के मजबूत होने से संघवाद बनाम क्षेत्रवाद की लड़ाई कम होने के बजाय बढ़ती दिख रही है। लोकसभा चुनाव में एक तरफ सत्ताधारी दल भाजपा प्रभावशाली थी, तो दूसरी तरफ उसके विरोध में कई प्रांतों में क्षेत्रीय दल उठ खड़े हुए। यानी प्रतिस्पर्धा द्विदलीय न होकर भाजपा बनाम क्षेत्रवाद बन गई। दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में द्रमुक ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी। चुनाव के पहले से ही मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और राज्यपाल आरएन रवि के बीच टकराव था। यहां तक कि राज्यपाल ने राज्य के संयुक्त विधानसभा सत्र की बैठक में अभिभाषण (जो राज्य सरकार द्वारा लिखित एवं अनुमोदित होता है) पढ़ने से इन्कार कर दिया था। समय की मांग है कि राजनीति जनहित में राज चलाने की हो।

2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद संसद में विपक्ष के मजबूत होने से संघवाद बनाम क्षेत्रवाद की लड़ाई कम होने के बजाय बढ़ती दिख रही है।

सतत हथकरघा पुनरुद्धार के लिए गुणवत्ता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण

10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

हम 7 अगस्त, 2024 को 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत 7 अगस्त 1905 को टाउन हॉल, कोलकाता में आयोजित एक बैठक में इसी दिन हुई थी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक हिस्से के रूप में इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना था। इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2015 में, 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के हथकरघा कामगारों को सम्मानित करना तथा हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करना है। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। मैं आपका ध्यान 28 जुलाई 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के 'मन की बात' की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नए स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें हैशटैग #MyProductMyPride के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करने का भी आग्रह किया। पिछले कुछ वर्षों में, भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मना रहे हैं अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है। पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों।

आज की बात

गिरिराज सिंह
केंद्रीय वस्त्र मंत्री

हथकरघा क्षेत्र सस्टेनबिलिटी को बढ़ावा देने के अलावा, महिलाओं और हाशिए पर पहुंच चुके समुदायों को सशक्त बनाने, उनके लिए आर्थिक संभावनाएं प्रदान करने और अपनी शिल्पकला पर उन्हें गर्व करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों और विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। इसके अलावा, हथकरघा क्षेत्र में कई महिला-नेतृत्व वाली सहकारी समितियां और स्वयं सहायता समूह भी बने हुए हैं। ये संगठन न केवल प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, बल्कि एक सहायता नेटवर्क भी प्रदान करते हैं जो एकजुटता और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ावा देता है। महिला स्वयं सहायता समूह एकजुट होकर, अपने उत्पादों की बेहतर कीमतों के लिए सौदेबाजी कर सकती हैं, बड़े बाजारों तक पहुंच बना सकती हैं तथा उचित मजदूरी और कार्य करने संबंधी उचित परिस्थितियाँ की भी मांग कर सकती हैं। बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए शैक्षिक कार्यक्रम और पहलें महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नई तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके, महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाकर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं जो उनके शिल्प की सस्टेनबिलिटी को सुनिश्चित करेगी। एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नई जान आती है, तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। हथकरघा उद्योग में गुणवत्ता, निरंतरता और तकनीक को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। नवीन सामग्रियों एवं प्रक्रियाओं को अपनाकर हथकरघा बुनाई को और अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है।

आपकी बात

योगी के तंज में छुपी भविष्य की राजनीति

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। इसकी गूंज विधानसभा तक में सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने सदन में दो आरोपितों का नाम लिया, जिस पर जमकर राजनीति भी हो रही है। योगी ने जिन आरोपितों का नाम लिया उनमें एक मुस्लिम और एक यादव था, जिसका मकसद मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधना था। योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा, "यह सद्भावना वाले लोग हैं? यानी अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे? नहीं इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी।" सभी आरोपितों के नाम सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री योगी को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों का कहना है कि अपराधियों की न जाति होती है और न धर्म लेकिन योगी आदित्यनाथ ने सदन में उनकी धार्मिक और जातीय पहचान को रेखांकित किया जो निंदनीय है। सनद है कि मुस्लिम-यादव (एमवाई) फॉमूर्ले के सहारे समाजवादी पार्टी लंबे समय से सूबे में अपनी राजनीति कायम रखे हुए है। माना जाता है कि समाजवादी पार्टी का मुस्लिम और यादव पारंपरिक वोटर हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी यूपी में चार बार सरकार बना चुकी है। सपा ने एमवाई डी यानी दलित व दूसरी जातियों पर फोकस किया तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें 47 से बढ़कर 111 हो गईं। मतदान प्रतिशत भी अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और 2022 के चुनाव में सपा को उनका पूरा समर्थन 2017 के चुनाव की तुलना में इसके टैली में सुधार का एक महत्वपूर्ण कारक था। पिछले कुछ चुनावों में गैर-यादव ओबीसी के वोटों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुमान के अनुसार, ओबीसी उत्तर प्रदेश की आबादी का लगभग 40-50 प्रतिशत हिस्सा हैं। यादव राज्य की आबादी का लगभग 8-10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसलिए अखिलेश को अपनी पार्टी के आधार को अपने पारंपरिक मुख्य समर्थकों, यादवों से आगे बढ़ाकर अन्य ओबीसी समुदायों को भी शामिल करने की आवश्यकता थी। प्रदेश में दलितों की भी अच्छी खासी आबादी है, जो करीब 20 प्रतिशत है और परंपरागत रूप से बसपा के वफादार रहे हैं। अखिलेश दलितों के एक वर्ग तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जो लंबे समय से पार्टी की गिरावट से हतोत्साहित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरे। अखिलेश को लगा कि अल्पसंख्यक के नाम पर भाजपा मुसलमानों की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर सकती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

विदेश की बात

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्त्तन का असर सभी पर होगा

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में रविवार को देश भर में हुई हिंसक झड़पों, गोलीबारी और जवाबी हमलों में लगभग 100 लोग मारे गए। जैसी संभावना थी शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो ही गया। देश की कमान अब सेना के पास है और उसने अंतरिम सरकार का गठन करवाने की बात कही है। शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के लिए बांग्लादेश में जिस तरह का अभियान चलाया गया उसने दूसरे इस्लामिक देशों के सत्ताधारियों की नींद उड़ा दी है। शेख हसीना का सत्ता से बाहर होना कट्टरपंथियों की बहुत बड़ी जीत है। मुक्तिवाहिनी के माध्यम से भारत ने बांग्लादेश को 1971 में स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी जिस कारण पाकिस्तान अभी भी भारत के टुकड़े करने की बात करता है पर शेख हसीना भारत के प्रति सकारात्मक रहीं। पाकिस्तान के साथ चीन की भी बड़ी भूमिका बांग्लादेश के विद्रोह में बताई जाती है। जबकि बहाना 1972 में मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वंशजों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान था जिसे 2018 में सरकार ने समाप्त का दिया था। इस वर्ष जून में हाईकोर्ट ने इस आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के फैसले को गैर कानूनी बताते हुए इसे दोबारा लागू कर दिया जिसका व्यापक पैमाने पर विरोध हुआ। शेख हसीना सरकार ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की, जिसने हाईकोर्ट के आदेश को निलंबित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए दो प्रतिशत अल्पसंख्यकों और दिव्यांगों के लिए आरक्षित होगी। अब इस मामले में अगली सुनवाई सात अगस्त को होनी थी लेकिन, इससे पहले विरोध प्रदर्शन उग्र हो उठा। विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने खालिदा जिया के नेतृत्व में लाखों की भीड़ जुटाकर शेख हसीना की कुर्सी को हिला दिया। बांग्लादेश में चल रहे प्रदर्शनों में सेना ने भी सरकार का साथ देने से मना कर दिया। बांग्लादेश की सिविल सोसायटी ने पाकिस्तान उच्चायोग पर कट्टरपंथी छात्र प्रदर्शनकारियों को समर्थन देने का आरोप लगाया है। कुछ रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान 'मिशन पाकिस्तान' समर्थक जमात से जुड़े छात्र प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग के संपर्क में है, जो बांग्लादेश में प्रतिबंधित है।

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

फेसबुक वॉल से

X से

कायदा-कानून

भ्रष्टाचार के विरुद्ध कानून बनाने में केंद्र की हिचकिचाहट

विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लड़? वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा। हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्स-रे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



योगेन्द्र योगी

बोधि वृक्ष

इस संसार की सम्भावनाएं असीम हैं मनुष्य की सम्भावित प्रगतिशीलता भी असीम है। प्रत्येक मनुष्य उस महान असीम परमात्मा की एक अभिव्यक्ति है।

हमारी अनंत क्षमताएं

जब हम मानव के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को समझना प्रारम्भ करते हैं, तो हमें यह अनुभव होता है कि वह कोई साधारण भौतिक प्राणी नहीं है। उसके भीतर बहुत-सी शक्तियां हैं जिनकी क्षमताओं का वह स्वयं को इस संसार की परिस्थितियों के अनुकूल बनाने में न्यूनाधिक मात्रा में प्रयोग करता है। उनकी क्षमताएं एक साधारण व्यक्ति की सोच से कहीं अधिक विशाल हैं। प्रत्येक छोटे बल्ब में प्रकाश के पीछे एक प्रबल वेगवान विद्युत- धारा है; प्रत्येक छोटी लहर के नीचे विशाल सागर है, जो अनेक लहरें बन गया है। अतः ऐसा ही मनुष्यों के साथ भी है। ईश्वर ने प्रत्येक मनुष्य को अपने प्रतिबिंब के रूप में रचा है, तथा प्रत्येक को स्वतन्त्रता दी है। परन्तु आप अपने अस्तित्व के स्रोत को तथा ईश्वर की उस अतुल्य शक्ति को भूल गए हैं जो आपका एक अन्तर्निहित अंश है। इस संसार की सम्भावनाएं असीम हैं, मनुष्य की सम्भावित प्रगतिशीलता भी असीम है। प्रत्येक मनुष्य उस महान, असीम परमात्मा की एक अभिव्यक्ति है। चूँकि आप परमात्मा की अभिव्यक्ति हैं, अतः आपको अपनी असीम क्षमताओं को व्यक्त करने का प्रयास करना चाहिये। आप वास्तव में जो कुछ हैं उस प्रत्येक वस्तु या व्यक्ति से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हैं जिसकी कभी भी आपने उत्कट कामना की है। ईश्वर आपमें जिस तरह से अभिव्यक्त हैं वैसे किसी अन्य मनुष्य में व्यक्त नहीं हैं। आपका चेहरा किसी अन्य व्यक्ति के चेहरे जैसा नहीं है, आपकी आत्मा किसी अन्य व्यक्ति की आत्मा जैसी नहीं है। **(क्रमशः)**

श्री श्री परमहंस योगानंद

टेक की बात

सावधान! एआई कंटेंट चुराया, तो पकड़े जाएंगे

जबसे चैटजीपीटी आया तब से ज्यादातर इसका यूज कॉलेज और मीडिया हाउस में हो रहा है। सबसे ज्यादा इस्तेमाल इसका छात्रों के बीच हो रहा है। छात्र लोग भी इसका खूब यूज कर रहे हैं और अच्छे नंबर ला रहे हैं। ओपनएआई का चैटजीपीटी किसी भी टॉपिक पर लंबा लेख लिख सकते है, किसी भी लेख को छोटा लिख सकता है और उसे सजाकर प्वाइंटर में भी लिख सकते है। चैटजीपीटी का इस्तेमाल हर क्षेत्र में खूब हो रहा है। इसका प्रयोग कंटेंट मार्केट में काफी हो रहा है। लेकिन इस बीच खबर भी आ रही है कि ओपनएआई एक ऐसे टूल पर काम कर रहा है जिसके आने के बाद एआई टूल ही एआई कंटेंट की पहचान कर लेगा। दरअसल, चैटजीपीटी का प्रयोग कॉलेज और मीडिया हाउस में काफी हो रहा है। हमेशा यह विवाद रहा है छात्रों के इसके प्रयोग करने पर। छात्र लोग इसका इस्तेमाल खूब कर रहे हैं। गौरतलब है कि आजकल सभी चैटजीपीटी का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में ओपनएआई एक एंटी चीटिंग टूल पर काम कर रहा है, जो कुछ ही पल में एआई द्वारा लिखे गए कंटेंट को पहचान लेगा। तमाम कंपनियों और सरकार के बीच इस बात को लेकर लगातार बहस हो रही है कि एआई कंटेंट की पहचान कैसे करें। एक रिपोर्ट में ओपनएआई ने दावा किया है कि नया एंटी चीटिंग टूल अगले साल तक लॉन्च हो सकता है। इसके लिए कंपनी यूजर्स के बीच सर्वे भी कर रही है। बता दें कि इस बारे में ओपनएआई के प्रवक्ता ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को जानकारी दी है।

(ये इनके निजी विचार हैं)

दिव्यांशी भदौरिया

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com**
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

कांवरियों की मौत पर सीएम नीतीश ने जताया दुख

परिजनों को दी चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता

डीजे ट्रॉली में बांधकर ले जाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में माइक के आने से हादसा होने की आशंका है।

एजेंसी। हाजीपुर

बिहार के वैशाली जिले के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आने से नौ कांवरियों की मौत हो गई। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर दुख जताया है। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजे की राशि दे दी गई है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सुलतानपुर गांव की है। डीजे ट्रॉली में बांधकर ले जाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार में माइक के संपर्क में आने से घटना होने की आशंका है। इस दुर्घटना में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में पांच से छह लोग घायल हुए हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) ओम प्रकाश ने बताया कि सभी मृतक सुल्तानपुर गांव के ही रहने वाले थे। ये सावन महीने में प्रत्येक रविवार की रात करीब 12 बजे पहलेजा घाट से गंगाजल भरने और हरिहरनाथ मंदिर जलाभिषेक करने निकले थे। तभी यह घटना घटी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के बाद तत्काल बिजली कार्यालय को फोन किया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर, घटना के बाद लोग काफी आक्रोशित हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने के शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान भुगतान कर दिया गया है।

बिहार के कटिहार में चार कांवरियों की मौत

पटना/कटिहार। बिहार में सोमवार को कटिहार जिले के मनिहारी में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार कांवरियों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, यह सभी लोग मनिहारी गंगा घाट में जल भरने जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। हादसे में चारों घायल हो गए। इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। मृत कांवरियों की पहचान सूरज कुमार और कृष्ण राम के रूप में हुई है। यह दोनों मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उड़ामा रेखा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दो अन्य की पहचान पूर्णिया के सरसी इलाके के रहने वाले के रूप में हुई है।

तमिलनाडु के मंत्री के भगवान राम पर बयान से हमारा कोई लेना-देना नहीं : तेजस्वी यादव

तेजस्वी यादव पत्नी के साथ राजधानी पटना में पहली बार मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए

एजेंसी। पटना

तमिलनाडु सरकार में मंत्री एसएस शिवशंकर ने भगवान राम पर बीते दिनों विवादित बयान दिया था। राम पर दिए गए विवादित बयान पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि किसी को ठेस पहुंचे, ऐसे बयान नहीं देने चाहिए।

तमिलनाडु सरकार के मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे। कहा कि उनकी मौजूदगी से संबंधित कोई सबूत नहीं है। उनके इस बयान के बाद से देशभर में उनका विरोध किया जा रहा है। इस पर राजनीति भी तेज हो गई।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है। कौन क्या बयान देता है, इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। यह हमारी अपनी आस्था का मामला है। धर्म को लेकर जो बहस छिड़ती है, वह सभी का आंतरिक मामला है। लोगों को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए। तमिलनाडु सरकार में मंत्री द्वारा दिए गए विवादित बयान पर जेडीयू का बयान भी आया।



जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने मंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि किसी की आस्था पर चोट करने से अच्छा होगा कि विकास के मुद्दों पर काम किया जाए। जो जिस वंश को मानने वाले लोग हैं उनके लिए काम कीजिए।

1500 लोगों ने 10 मिनट तक डमरू बजाया, बना रिकॉर्ड

एजेंसी। उज्जैन/भोपाल

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की नगरी में आज सावन के तीसरे सोमवार को बाबा महाकाल की सवारी निकलने से पहले विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। यहां महाकाल लोक के पास शक्ति पथ पर 1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाया। इसके साथ ही उज्जैन का नाम सबसे अधिक लोगों के डमरू बजाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। गिनीज बुक से आए ऋषिनाथ ने इसका सर्टिफिकेट सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय और संतों को सौंपा।

अररिया में धार में डूबने से एक की मौत

अररिया। फारबिसगंज प्रखंड के सैफगंज वार्ड संख्या सात के निवासी 45 वर्षीय दिलीप साह की धार में डूबने से मौत हो गई। दिलीप साह धार को पारकर खेत से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में गहरे पानी में जाने के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सांसद प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंचे और पीड़ित परिजनों को सांत्वना दिया। भाजपा नेता दिलीप पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी सांसद प्रदीप कुमार सिंह को दूरभाष पर दी गई। सत्र चलने के कारण सांसद दिल्ली में है।

न्यूज बॉक्स

पटना में पंजाब नेशनल बैंक से दिनदहाड़े 21 लाख रुपये की लूट

पटना। बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। इस बीच, सोमवार को अपराधियों ने पटना के दुल्हिन बाजार स्थित एक बैंक को निशाना बनाया और करीब 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दुल्हिन बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक खुलने के कुछ ही देर के बाद चार-पांच की संख्या में अपराधी बैंक में घुस गए और हथियार के बल पर बैंक के कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद ये लोग वहां से करीब 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। पटना (वेस्ट) के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमन ने बताया कि बैंक मैनेजर से मिली सूचना के मुताबिक अब तक 21 लाख रुपए के लूट की जानकारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

किशनगंज से पूर्णिया जा रही यात्री बस में लगी आग

किशनगंज। सिलीगुड़ी से पूर्णिया जा रही समीर बस में अचानक आग लग गई। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। बस जैसे ही खगड़ा ओवरब्रिज पर पहुंची गियर बॉक्स से अचानक धुआं निकलने लगा। धीरे-धीरे बस में आग लगने लगी। यात्रियों ने बताया कि खिड़कियों से कूदकर लोगों ने अपनी जान बचाई। बच्चों को भी खिड़कियों से बाहर निकाला गया। मामला खगड़ा ओवरब्रिज एनएच-27 का है। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बस में आग की सूचना सदर थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह से खाक हो चुकी थी।

केंद्र सरकार इसी सप्ताह राज्यसभा में 'वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक' कर सकती है पेश

नई दिल्ली। देशभर में वक्फ बोर्ड के प्रस्तावित विधेयक को लेकर चल रही चचाओं के बीच यह खबर सामने आ रही है कि सरकार इससे संबंधित विधेयक को इसी सप्ताह सदन में पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार के रणनीतिकार इस विधेयक को पहले राज्यसभा में पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि वित्त विधेयक के पारित होने के बाद ही सरकार इस विधेयक को सदन में पेश कर सकती है। राज्यसभा में सांसदों का आंकड़ा भाजपा के पक्ष में नहीं है। लेकिन, सरकार के रणनीतिकारों को यह लगता है कि एनडीए के सहयोगी दलों के साथ ही अन्य विपक्षी दलों के सहयोग से वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को उच्च सदन से पारित करवाया जा सकता है। राज्यसभा में इस विधेयक को पेश करने की एक और बड़ी वजह यह भी मानी जा रही है कि राज्यसभा एक स्थायी सदन है, जो कभी भंग नहीं होता है और ना ही इसमें पेश किया गया विधेयक कभी लैप्स होता है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, वक्फ की संपत्ति को मुस्लिम समुदाय के लिए अधिक पारदर्शी और ज्यादा लाभदायक बनाने के साथ ही वक्फ बोर्ड को भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत लाने के लिए ये संशोधन विधेयक लाने का फैसला किया गया।

'मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगा नहीं', राज्यसभा में कांग्रेस पर भड़के शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली। राज्यसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को किसानों की आत्महत्या को लेकर कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष पर भड़कते हुए कहा कि मैंने कहा था कि मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगा नहीं। जब कांग्रेस अलग-अलग राज्यों में सत्ता में थी, तब किसान मारे गए थे। इनके सामने दिग्विजय सिंह बैठे हैं, इनके हाथ खून से सने हैं। 24-24 किसानों को मारा गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन में कांग्रेस शासन के दौरान हुए गोलीकांड को गनिाते हुए कहा कि साल 1986 में जब कांग्रेस की सरकार बिहार में थी, तब गोलीबारी में 23 किसान मारे गए थे। 1988 में दिल्ली में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर गोली चलाई गई थी, उसमें दो किसान मारे गए थे। 1988 में ही मेरठ में किसानों पर गोलीबारी हुई थी और 5 किसान मारे गए थे, 23 अगस्त 1995 में हरियाणा में इनकी सरकार ने गोली चलाई थी।

बांग्लादेश से कुछ ही दिनों में बंगाल आएंगे एक करोड़ शरणार्थी : सुवेंदु अधिकारी

एजेंसी। कोलकाता

बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बड़ा बयान दिया है। सुवेंदु अधिकारी ने कहा, कुछ ही दिनों में एक करोड़ हिंदू शरणार्थी पश्चिम बंगाल आने वाले हैं।

इसलिए आप तैयार रहें। सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार हो रहा है। रंगपुर में नगर परिषद के पार्षद हरधन नायक की हत्या कर दी गई। सिराजगंज के थाने में 13 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई। इनमें 9 हिंदू हैं। वहीं, नोआखली में हिंदुओं के घर जला दिए गए। मैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल से यही कहूंगा कि वे तुरंत इस मामले को लेकर भारत सरकार से बात करें। सुवेंदु अधिकारी ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा, सीएए में स्पष्ट है कि अगर किसी को धार्मिक उत्पीड़न के कारण पीटा जाता है, तो हमारा देश आगे आकर इन मामलों को देखेगा। मैं आपको बता रहा हूं कि अगर तीन दिनों के भीतर इस स्थिति पर काबू नहीं पाया गया तो बांग्लादेश जमात और कट्टरपंथियों के हाथों में जा रहा है। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में भड़की हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 101 हो गई है।

बिहार की लेडी 'सिंघम' एसपी काम्या मिश्रा ने दिया इस्तीफा

दरभंगा। ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। बिहार की तेजतर्रार आईपीएस काम्या मिश्रा फिलहाल दरभंगा में ग्रामीण एसपी के पद पर तैनात हैं काम्या मिश्रा ने अपने इस्तीफा को लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय को पत्र भेज दिया है अब पुलिस मुख्यालय से उनके इस्तीफे पर सहमति आने का इंतजार है काम्या मिश्रा ने निजी कारणों से इस्तीफा देने की बात कही है। बता दें, इन दिनों बिहार में जीतन सहनी हाई प्रोफाइल मर्डर के बाद लेडी सिंघम आईपीएस काम्या मिश्रा काफी चर्चा में थीं उन्हें ही इस केस को सॉल्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी बता दें, काम्या मिश्रा के आईपीएस बनने की कहानी काफी इंस्पायरिंग है ।

मौसम विभाग का अलर्ट: जम्मू-कश्मीर में अचानक बाढ़, बादल फटने भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना

एजेंसी। श्रीनगर

मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को एक ताजा अलर्ट में अगले तीन दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील हिस्सों में अचानक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना जताई है। साथ ही अगले तीन दिनों के दौरान क्षेत्र के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की भी चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने कहा कि 5 से 7 अगस्त तक कुछ स्थानों पर दिन के समय हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। यह भी कहा गया है कि 8 से 10 अगस्त तक कश्मीर संभाग के कुछ स्थानों पर दिन के समय हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है, जबकि जम्मू संभाग के कई स्थानों पर बारिश होगी। 11 से 13 अगस्त तक कश्मीर संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है, जबकि जम्मू संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

राज्य सरकार की शह पर हो रहा है अतिक्रमण और अवैध खनन : भूपेंद्र यादव

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने वायनाड भूस्खलन के लिए वहां अवैध खनन और अतिक्रमण को संरक्षण देने वाली राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि केरल की सरकार वायनाड में अवैध खनन और अवैध रूप से लोगों को बसाने के लिए पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन कर रही है, जिसका नतीजा सबके सामने है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में भूपेंद्र यादव ने कहा कि वायनाड ईकोसेंसिटिव जोन में आता है।

आज का राशिफल

मेष: योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करें। बिगड़ा कार्य बनेगा।

वृषभ: व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

मिथुन: लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

कर्क: सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

सिंह: अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

कन्या: बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।

तुला: कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक: व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

धनु: कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।

मकर: भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

कुम्भ: जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे।

मीन: मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

व्यापार/लाइफ व साइंस

भारत के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स शीर्ष तीन में पहुंचा, पीएम मोदी ने जताई खुशी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि युवा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की शक्ति है। पीएम मोदी की ओर से यह बयान ऐसे समय में दिया गया है, जब अप्रैल-जून तिमाही में भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात टॉप 10 में तीसरे स्थान पर रहा। वाणिज्य विभाग की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, पेट्रोलियम के बाद भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात तीसरे स्थान पर रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के लिए खुशी का क्षण है। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत की शक्ति युवा है। यह प्रमाण है कि हमारे सुधारों के कारण 'मेक इन इंडिया' को बूस्ट मिला है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के लिए खुशी का क्षण है। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत की शक्ति युवा है। यह प्रमाण है कि हमारे सुधारों के कारण 'मेक इन इंडिया' को बूस्ट मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत आगे इस गति को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी एंड आईएंडबी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात घटक है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में बड़ा हिस्सा एप्पल आईफोन निर्यात से आता है। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी कारण आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी का असर है कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर हो गया है।

इंडिगो एयरलाइन नवंबर में 12 घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी बिजनेस क्लास सर्विस

एजेंसी। नई दिल्ली

बजट विमानन सेवा कंपनी इंडिगो एयरलाइनंस नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर उड़ानों में ह्यबिजनेस क्लास सीट की सर्विस शुरू करेगी। इसकी बुकिंग मंगलवार से होगी।

इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने सोमवार को एयरलाइंस की उड़ान सेवा के 18 वर्ष पूरा होने मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास सीट की सर्विस व्यस्ततम मार्गों के साथ-साथ व्यावसायिक मार्गों पर भी उपलब्ध होंगी, जिनमें राजधानी दिल्ली से चुनिंदा उड़ानें भी शामिल हैं। एयरलाइन चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सात और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानें शुरू करेगी। फिलहाल टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा एयरलाइंस बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं मुहैया कराती हैं।

किआ के इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ी मांग

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया की कार निमार्ता कंपनी किआ की इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ है। जानकारी के अनुसार, अमेरिका में पिछले साल की तुलना में इस बार जनवरी से जुलाई के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दोगुनी हो गई है। सोमवार को जारी हुए आंकड़ों से पता चला है कि कंपनी की ईवी9 एसयूवी मॉडल की मजबूत मांग के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है। कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के आंकड़ों के हवाले से बताया कि वर्ष 2024 के पहले सात महीनों के दौरान अमेरिका में किआ ईवी की बिक्री कुल 33,957 यूनिट दर्ज की गई। जो पिछले साल 16,941 यूनिट थी।

शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपये डूबे

सेंसेक्स 2222 अंक लुढ़का

एजेंसी। मुंबई

भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र काफी नुकसान वाला रहा। अमेरिका में मंदी की आहट के चलते वैश्विक बाजारों के साथ भारतीय बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 2,222 अंक या 2.74 प्रतिशत गिरकर 78,759 और निफ्टी 662 अंक या 2.68 प्रतिशत गिरकर 24,055 पर बंद हुआ।

बाजार में गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मार्केट कैप कम होकर 441 लाख करोड़ रुपए रह गया, जो कि पिछले कारोबारी सत्र में 457 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को 16 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। छोटे और मझोले शेयरों में गिरावट का सबसे ज्यादा असर देखा गया। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 858 अंक या 4.57 प्रतिशत गिरकर 17,942 पर था और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2,056 अंक या 3.55 प्रतिशत गिरकर 55,857 पर बंद हुआ। सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। सबसे ज्यादा गिरावट पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, ऑटो और आईटी इंडेक्स में थी। सेंसेक्स में 30 में से 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एसबीआई, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एलएंडटी और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। एचयूएल और नेस्ले ही केवल हरे निशान में बंद हुए हैं।

बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका में मंदी की आहट और खराब जॉब डेटा एवं जापानी येन के बढ़ने के कारण बाजारों में अस्थिरता का माहौल है। इस कारण से भारतीय बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई है। हालांकि, निफ्टी 24,000 के करीब आकर बंद हुआ है।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च हेड संतोष मीणा का कहना है कि वैश्विक बाजारों से लगातार आ रही खराब खबरों के कारण गिरावट देखने को मिली है। जापान की ओर से ब्याज दरें बढ़ा दी गई है और जिसके कारण दुनियाभर में लगा जापान का पैसा वापस वहां की अर्थव्यवस्था में जाने की उम्मीद है।

‘माइंड ट्रेनिंग की कमी’ से हारे भारतीय खिलाड़ी : प्रकाश पादुकोण

एजेंसी

पेरिस। भारत के बैडमिंटन कोच प्रकाश पादुकोण ने ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के निराशाजनक अभियान पर कहा, माइंड ट्रेनिंग के कारण भारतीय खिलाड़ी कई मुकाबलों में हार गए। लक्ष्य सेन अच्छा खेले, लेकिन उन्हें हवा के साथ खेलने में हमेशा दिक्कत रही है। बैडमिंटन में आमतौर पर भारतीय खिलाड़ी हवा के खिलाफ खेलने में ज्यादा सहज रहते हैं। लक्ष्य के दिमाग में कहीं न कहीं हवा के साथ खेलने की बात हावी थी, जिसने विपक्षी खिलाड़ी को आत्मविश्वास दिया। हमें हवा के साथ खेलने के प्रति भारतीय खिलाड़ियों की असहजता पर काम करना होगा। प्रकाश पादुकोण ने ओलंपिक में खिलाड़ियों के ‘माइंडसेट’ को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है, जब ओलंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के लिए खेल मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा, बैडमिंटन में एक भी मेडल नहीं आने से निराश हूं। हम बैडमिंटन में तीन पदक के दावेदार थे, एक भी मेडल आता तो खुशी होती। ओलंपिक में खिलाड़ियों के लिए सरकार, साई, खेल मंत्रालय, आदि ने अपनी ओर से सब कुछ किया है। जो भी खिलाड़ियों की ओर से मांग और सपोर्ट की दरकार थी, वह पूरी की गई। अब खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा, हमें माइंड ट्रेनिंग पर ध्यान देना होगा। सिर्फ बैडमिंटन ही नहीं, बल्कि अन्य खेलों में भी माइंड ट्रेनिंग जरूरी है। ओलंपिक में खिलाड़ियों के ऊपर काफी दबाव होता है।

पेरिस ओलंपिक

कांस्य पदक मैच में लक्ष्य सेन को मिली हार

पेरिस। भारत के युवा बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन का कांस्य पदक जीतने का सपना टूट गया है। लक्ष्य को मलेशिया के विश्व नंबर 7 ली जी जिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 71 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में लक्ष्य 21-13, 16-21, 11-21 से हार गए। इससे पहले लक्ष्य को सेमीफाइनल में विक्टर एक्सेलसेन से हार मिली थी। कांस्य पदक मैच की शुरूआत लक्ष्य ने पूरे आत्मविश्वास के साथ की और ली जी जिया के खिलाफ उनका हेड टू हेड रिकॉर्ड भी बेहतर था। लक्ष्य ने ली जी जिया को पिछले पांच मुकाबलों में चार बार हराया था। पहले गेम में लक्ष्य ने शानदार शुरूआत की और 21-13 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में भी लक्ष्य ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन ली जिया ने बाद में शानदार वापसी की और 12-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, लक्ष्य ने लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। लेकिन एक गलती के कारण ली जिया ने 16-21 से गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे गेम में ली जिया ने शुरूआत से ही दबदबा बनाया और 9-2 की बढ़त ले ली। लक्ष्य ने वापसी की कोशिश की लेकिन ली जिया ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और अंततः 21-11 से गेम और मैच जीत लिया। इस हार के साथ भारत का कांस्य पदक जीतने का सपना भी टूट गया है। इससे पहले, लक्ष्य सेन पुरुष एकल में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले

भारतीय बन गए। पेरिस ओलंपिक में इससे पहले निशानेबाजों ने भारत को तीन पदक दिलाए थे। जिनमें मनु भाकर (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल), मनु-सरबजोत (मिक्स्ड टीम 10 मीटर एयर पिस्टल) और स्वप्निल कुसाले (पुरुषों की 25 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) शामिल हैं। सेन पेरिस में भारतीय बैडमिंटन दल की आखिरी उम्मीद थे। इससे पहले पीवी सिंधु, सात्विक-चिराग और एचएस प्रणॉय पहले ही बाहर हो चुके थे।

भारतीय हॉकी टीम को लगा बड़ा झटका अमित रोहिदास सेमीफाइनल मैच से बाहर

एजेंसी

पेरिस। भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में रेड कार्ड मिलने के कारण एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है और वह जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले ओलंपिक सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। इसका मतलब है कि इस महत्वपूर्ण मैच के लिए भारत के केवल 15 खिलाड़ी ही उपलब्ध रहेंगे जो आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए करारा झटका है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने आधिकारिक बयान ने कहा, ‘भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच चार अगस्त को खेले गए मैच के दौरान अमित रोहिदास को एफआईएच आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था।’ बयान के अनुसार, ‘निलंबन का असर मैच नंबर 35 (जर्मनी के खिलाफ भारत का सेमीफाइनल मैच) पर पड़ेगा, जिसमें अमित रोहिदास भाग नहीं लेंगे और भारत केवल 15 खिलाड़ियों की टीम के साथ खेलेगा।

रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में अंतिम हूटर बजने से लगभग 40 मिनट पहले मैदान से बाहर भेज दिया गया था क्योंकि उनकी स्टिक अनजाने में एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर लग गई थी। ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मैच के दूसरे क्वार्टर में 31 वर्षीय रोहिदास मैदान पर विल कैलनान से बहस में उलझ गए थे। मैदानी अंपायर ने भारतीय खिलाड़ी को पहले चेतावनी दी लेकिन टीवी अंपायर ने वीडियो रेफरल के बाद रोहिदास को रेड कार्ड दे दिया। यह मैच निर्धारित समय तक 1-1 से बराबर रहा। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। हॉकी इंडिया ने रोहिदास के निलंबन के खिलाफ पहले ही अपील दायर कर दी है जिस पर एफआईएच की एक जूरी फैसला करेगी। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, ‘‘टूर्नामेंट निदेशक ने अमित को एक मैच के लिए प्रतिबंधित/निलंबित कर दिया है। हॉकी इंडिया ने इस फैसले के खिलाफ अपील की है जिसे एफआईएच जूरी बेंच के समक्ष रखा जाएगा।

सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ी खिलाड़ी, बेल्जियम प्रतियोगिता से हटा

पेरिस। बेल्जियम की एक खिलाड़ी सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ गई जिस कारण उसकी टीम पेरिस ओलंपिक खेलों की मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हट गई। बेल्जियम ओलंपिक समिति ने बयान में कहा कि बुधवार को महिला ट्रायथलॉन में भाग लेने वाली उसकी खिलाड़ी क्लेयर मिशेल दुर्भाग्य से बीमार पड़ गई है जिसके कारण उनकी टीम को मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हटना होगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने मिशेल की बीमारी को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन कहा कि यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। बेल्जियम की ओलंपिक समिति ने भी उनकी बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर शुरू से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।

डूरंड कप हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है: खालिद

जमशेदपुर। स्टील सिटी जमशेदपुर में इंडियन ऑयल डूरंड कप के 133वें संस्करण की शुरुआत हो चुकी है, इस बार घरेलू टीम जमशेदपुर एफसी ने अपने शुरुआती दो मुकाबलों को जीतकर खुद को खिताब के दावेदारों में से एक घोषित कर दिया है। एआईएफएफ मेन्स कोच ऑफ द ईयर 2023-24 खालिद जमील की अगुआई में रेड माइनर्स ने अब तक पांच गोल किए हैं और सिर्फ एक गोल खाया है। अपनी टीम के अब तक के प्रदर्शन को लेकर कोच खालिद ने कहा, “ग्रुप स्टेज में अभी भी हमारा एक गेम बचा है और हम उस गेम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमें गेम जीतने और ग्रुप स्टेज को पूरे अंकों के साथ खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने ग्रुप स्टेज में जमशेदपुर एफसी के अंतिम प्रतिद्वंद्वी इंडियन आर्मी एफटी के खिलाफ मैच को लेकर कहा, “हम उनकी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करेंगे, वे बहुत फिट और शारीरिक रूप से मजबूत टीम हैं। हम उनके दोनों मैच देखेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे, खालिद जमील ने 2023-24 इंडियन सुपर लीग सीजन के मध्य में जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभाला और अपनी टीम को प्ले-ऑफ़ में जगह बनाने के बहुत करीब ले गए। क्लब ने पूर्व आई-लीग विजेता कोच पर अपना भरोसा जारी रखने का फैसला किया और अगले दो सीज़न के लिए उनका अनुबंध बढ़ा दिया।

उन्होंने कहा, “जमशेदपुर एफसी परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं वास्तव में खुश हूं कि प्रबंधन ने मुझे मौका दिया है। मुझे एक कोच के रूप में कड़ी मेहनत करनी होगी और खिलाड़ियों को भी जमशेदपुर एफसी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की मानसिकता प्रदान करनी होगी।

जमशेदपुर और शिलांग को डूरंड कप के 133वें संस्करण के लिए नए मेजबान के रूप में जोड़ा गया ताकि क्षेत्रों में नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत किया जा सके।

ओलंपिक पदक लेने के बाद ही सन्यास की सोचेंगी दीपिका

रांची। भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक में प्रभावित नहीं कर पाने के बाद बड़ा बयान दिया है। लगातार चार ओलंपिक में विफल रहीं दीपिका ने कहा कि वह जब तक ओलंपिक में पदक नहीं जीत लेतीं, तब तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी। कई बार की विश्व कप विजेता अनुभवी तीरंदाज दीपिका का मानना है कि वह 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहेंगी।

लगातार चौथे ओलंपिक में उतरी थीं दीपिका : भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद उन्होंने खेल में वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह प्रभावित नहीं कर सकीं। दीपिका को महिला व्यक्तिगत वर्ग में दावेदार माना जा रहा था और उन्होंने अच्छी शुरुआत करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन अंतिम आठ मुकाबले में बढ़त लेने के बावजूद दीपिका को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दीपिका, भजन कौर और अंकिता भकत की महिला जोड़ी भी प्रभावित नहीं कर सकी थी।

‘भविष्य में खेल जारी रखूंगी’: दीपिका ने कहा, निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नहीं छोड़ूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी।

वॉन, स्टोक्स, कुंबले समेत कई ने ग्राहम थोर्प को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नई दिल्ली। माइकल वॉन और बेन स्टोक्स समेत कई क्रिकेटरों ने

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और कोच ग्राहम थोर्प को श्रद्धांजलि दी, जिनका 55 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर पोस्ट में लिखा, “मेरे पूरे करियर में सभी सलाह के लिए धन्यवाद, आप एक महान खिलाड़ी और एक शानदार टीम साथी थे। आप बहुत कम उम्र में चले गए, लेकिन आप इंग्लैंड के क्रिकेट के दिग्गज के रूप में जा रहे हैं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके सभी दोस्तों और परिवार के साथ हैं। इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने ‘थोर्प 564’ वाली जर्सी पहनी हुई है और इसके साथ एक दिल वाली इमोजी भी शेयर की। थोर्प ने 1993 से 2005 के बीच इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 44.66 की औसत से 16 शतकों सहित 6,744 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 82 वनडे मैच भी खेले, जिसमें उन्होंने 37.18 की औसत से 2,380 रन बनाए, जिसमें 21 अर्धशतक शामिल हैं।

एजुकेशन/करियर

रजनीश। इंटरनेशनल इंगलिश लेंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम(आईईएलटीएस) आईईएलटीएस विदेश जाने के लिए अंग्रेजी भाषा टेस्ट है। अगर कोई उन देशों में जाकर काम करना चाहता या फिर पढ़ना चाहता है, जहां इंग्लिश कम्युनिकेशन की मुख्य भाषा है तो यह टेस्ट देना पड़ता है। जिन देशों की यूनिवर्सिटीज में दाखिले के लिए आईईएलटीएस को स्वीकार किया जाता है, इन देशों में यूके, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएसए और कनाडा अहम हैं। आईईएलटीएस इंडिया एग्जाम में आईईएलटीएस टेस्ट के दौरान कैंडिडेट की इंग्लिश पढ़ने की रीडिंग, स्पीकिंग, लिसनिंग, राइटिंग स्किल परखी जाती है।

विदेशी विश्वविद्यालयों में नामांकन के लिए आईईएलटीएस करना होता है क्वालिफाई

परीक्षा में क्या होता है

- सुनना
- लिखना
- पढ़ना
- बोलना

आईईएलटीएस एग्जाम कब होता है?

- अपने सभी सेंटर पर हर महीने में 4 बार एग्जाम लेती है और आईईएलटीएस द्वारा सभी टेस्ट में भाग लेने वाले लोगो को एक सर्टिफिकेट दिया जाता है, जो 2 वर्ष तक वैलिड होता है, अगर आप इससे पहले दोबारा परीक्षा नहीं देते है आईईएलटीएस एग्जाम में पार्टिसिपेंट के अंग्रेजी लिखने, पढ़ने, सुनने और बोलने की क्षमता को परखा जाता है।
- आईईएलटीएस गैर-देशी अंग्रेजी भाषा बोलने वालों के लिए अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता का मूल्यांकन करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मानक परीक्षण है, जो उस देश में अध्ययन करना या काम करना चाहते हैं जहां अंग्रेजी संचार की भाषा है। यह 1989 में स्थापित किया गया था। यह प्रोफिसिएंसी के स्तर को रिफ्लेक्ट करने के लिए नाइन-बैंड स्केल का उपयोग करता है, 5.5 की तरह हाफ स्कोर संभव हैं। यह ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, यूएसए, यूके और न्यूजीलैंड जैसे कई देशों के विश्वविद्यालयों और नियोक्ताओं द्वारा मान्यता प्राप्त है। आईईएलटीएस दुनिया के 2 मुख्य इंग्लिश टेस्ट में से एक है। दूसरा टोफल है।

आईईएलटीएस के लिए योग्यता

आईईएलटीएस एग्जाम देने के लिए आवेदक की उम्र सामान्यत 16 साल से ज्यादा होनी चाहिए। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, यूएसए, यूके और न्यूजीलैंड में स्टडी के लिए जो छात्र आवेदन करते हैं उनको ये एग्जाम देना पड़ता है। साथ जो लोग किसी अन्य व्यवसाय हेतु ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, यूएसए, यूके और न्यूजीलैंड में काम करना चाहते हैं, उनको भी टेस्ट देना जरूरी होता है, इसके अलावा जो लोग ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड में स्थायी रूप से बसना चाहते हैं, उनको भी यह टेस्ट देना होता है। इन देशों में जाने के लिए आईईएलटीएस एग्जाम में अलग-अलग बैंड सिस्टम होता है।

- **आईईएलटीएस एग्जाम फ़िस :** आईईएलटीएस देने के लिए इंडिया में दो इंस्टिट्यूट ब्रिटिश कॉउंसिल और आईडीपी है जहा आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते है रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आप इनकी ऑफिसियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते है। वहीं रजिस्ट्रेशन फीस 14,700 रुपए है।
- **आईईएलटीएस टेस्ट का पेपर फॉर्मेट क्या है :** टेस्टिंग इंस्टिट्यूट अवधि या समय आईईएलटीएस की परीक्षा के लिए उम्मीदवार व्यक्ति की अंग्रेजी भाषा के बोलने की तकनीक, बोलने का तरीका और व्यक्ति को इंटरेस्ट करने का तरीका सब कुछ जानने के लिए उसका इंग्लिश सीखना का तरीका पढ़ने का तरीका लिखने का तरीका बातचीत करने का तरीका इसी प्रकार की कई अलग-अलग तरीकों को छोड़कर चार भागों में अलग-अलग बांटा जाता है। इस परीक्षा के लिए लगभग 3 घंटों का दिया जाता है।

आईईएलटीएस सिलेबस : आईईएलटीएस का उपयोग दुनिया भर के विश्वविद्यालयों और कंपनियों द्वारा उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा की दक्षता का आकलन करने के लिए किया जाता है। इसका कारण यह है कि अधिकारियों का परीक्षण और परीक्षण करना है कि विश्वविद्यालय और कंपनियां क्या देख रही हैं, जो “अंग्रेजी भाषा प्रवीणता” है। इस परीक्षा में एक निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है।

आईईएलटीएस का रिज़ल्ट कैसे चेक करें : आईईएलटीएस का रिज़ल्ट चेक करने के लिए आपको इसके ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर अपने आईडी, पासवर्ड, पासपोर्ट नंबर और टेस्ट की तारीख की जानकारी दर्ज कर लोग इन करना होगा। इसका रिज़ल्ट जारी होने के बाद ये 28 दिनों तक ऑनलाइन उपलब्ध रहता है। आईईएलटीएस का रिज़ल्ट 2 साल तक वैलिड रहता है। आप यहाँ से रिजल्ट चेक कर सकते हैं।



आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे करें

आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे करें जानने के लिए स्टेप बाय स्टेप गाइड नीचे दी गई हैं:

- **चरण 1-** अपने निकटतम आईईएलटीएस एग्जाम सेंटर स्थान का पता लगाएं।140 से अधिक देशों में 1,600 से अधिक आईईएलटीएस एग्जाम सेंटर हैं। यदि आप अपने घर से परीक्षा देना चाहते हैं, तो आप ऑनलाइन आईईएलटीएस शैक्षणिक परीक्षण को चुन सकते हैं।
- **चरण 2-** अपने आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन करें, इसके लिए आप ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और भुगतान कर सकते हैं या अपने चुने हुए परीक्षा केंद्रपर हार्डकॉपी जमा करा कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।
- **चरण 3-** आपको अपने पहचान दस्तावेज की एक कॉपी जमा करनी होगी। परीक्षा के दिन आपको अपना पहचान पत्र साथ ले जाना होगा।
- **चरण 4-** यदि आपने पेपर या कंप्यूटर पर आईईएलटीएस बुक किया है, तो आपका आवेदन जमा होने के बाद आपका परीक्षण केंद्र आपको एक ईमेल भेजेगा जिसमें आपके परीक्षण की तिथि और समय की पुष्टि होगी। आपका बोलने का परीक्षण एक अलग दिन के लिए निर्धारित किया जा सकता है, और आपका परीक्षा केंद्र भी इसकी पुष्टि करेगा। यदि आपने आईईएलटीएस ऑनलाइन बुक किया है, तो आपको अपनी टेस्ट बुकिंग की पुष्टि करने वाला एक ईमेल प्राप्त होगा, और आपका स्पीकिंग टेस्ट आमतौर पर आपके दूसरे टेस्ट से पहले होगा।

आईईएलटीएस की तैयारी कैसे करें

आईईएलटीएस एग्जाम में जानिए कि कैसे की जाए आईईएलटीएस की तैयारी जिससे आपको इसके पास करने में ज्यादा परेशानी न हो।

1. परीक्षण में प्रयुक्त प्रारूप को समझें और समझें
2. परीक्षण अंकन योजना की पहचान करें, विशेष रूप से जो आईईएलटीएस ऑनलाइन एग्जाम लेने की तैयारी कर रहे हैं।
3. अंग्रेजी वार्तालाप में अधिक व्यस्त रहें।
4. मॉक टेस्ट के लिए आईईएलटीएस की नियुक्ति बुक करें। यह मुख्य परीक्षा के लिए किसी की तत्परता का परीक्षण करने में मदद करता है।
5. इसके अलावा, दोनों ऑनलाइन और शारीरिक आईईएलटीएस प्रारंभिक कक्षाओं के साथ पहचानें।
6. जैसा कि हमने पहले कहा था, तैयारी सामग्री और पिछले प्रश्नों के साथ अभ्यास करने का प्रयास करें।
7. इसके अतिरिक्त, आईईएलटीएस परीक्षक द्वारा आपकी प्रगति को एक्सेस करने की अनुमति दें।

8. आगे बढ़ें और आईईएलटीएस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया करें।

एक नजर

13 आरोपी साक्ष्य के आभाव में बरी

रांची। रांची सिविल कोर्ट ने जमीन विवाद से जुड़े मारपीट की घटना के तीन अलग-अलग मामलों में 13 आरोपियों को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया है। तीनों मामलो में मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास 15 राज कुमार पांडेय की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। पहले मामले में भानु प्रताप सिंह ने चक्रधर सिंह, रमेश सिंह, दुबराज सिंह, अखिलेश सिंह, गंदरू सिंह दूसरे मामले में गीता सिंह ने दुबराज सिंह, रमेश सिंह, गंदरू सिंह और चक्रधर सिंह और तीसरे मामले में श्याम चंद्र सिंह ने दुबराज सिंह, गंदरू सिंह, चक्रधर सिंह और रमेश सिंह पर जमीन विवाद और मारपीट का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। सभी मामले वर्ष 2015 में दर्ज करवाए गए थे।

झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक संपन्न

जेलों में आजीवन सजा काट रहे 39 कैदी होंगे रिहा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों के रिहाई से संबंधित समीक्षा की गई। बैठक में हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों के कारामुक्ति हेतु अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श एवं समीक्षा के उपरान्त 39 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर अपनी स्वीकृति दी। समीक्षा के क्रम में न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर बिंदुवार विचार-विमर्श करने के पश्चात 39 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी।

रिहा हुए कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ें : सीएम

बैठक में सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काटकर रिहा हुए कैदियों का फैमिली बैकग्राउंड, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का वेरीफिकेशन अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों के जीवन यापन हेतु आय सृजन के लिए विशेष कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जोड़ें। रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें डेयरी फार्म, मुर्गी फार्म, पशुपालन आदि योजनाओं का लाभ दिलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागार से रिहा होने के बाद इन कैदियों को जीवनयापन में सामाजिक रूप से कोई समस्या उत्पन्न न हो तथा आर्थिक तंगी का सामना नही करना पड़े इस निमित्त एक बेहतर प्लान तैयार कर इन्हें स्वरोजगार से जोड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा होने वाले वैसे कैदी जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है, उनकी पारिवारिक स्थिति की जानकारी भी लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। बैठक में मुख्यमंत्री के अविनाश कुमार, नलिन कुमार, प्रधान सचिव गृह, वंदना दादेल, न्यायायिक आयुक्त दिवाकर पांडेय, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने अग्रिम जमानत अर्जी वापस लेने के लिए दायर की याचिका

रांची। लैंड स्कैम केस के आरोपित और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने सोमवार को अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर की है। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी अग्रिम जमानत अर्जी वापस मांगी है। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दायर की है, जिसमें विनोद सिंह को भी अभियुक्त बनाया गया है। ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है। इस केस के प्रमुख आरोपित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं और बड़गाईं अंचल का हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 02/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 27.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331034 द्वारा प्रकाशित किया गया था, में आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 16.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 331827 Rural Work Department(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 04/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 27.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331042 द्वारा प्रकाशित किया गया था, में आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 16.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।
3. आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या RWD/GARHWA/14/2024-25 के स्थान पर RWD/GARHWA/STPKG-01/ 2024-25 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 331823 Rural Work Department(24-25).D

पृष्ठ एक का शेष

सोन नदी में फंसे 17 ग्रामीणों...
लोहरगड़ा गांव के सामने सोन पार कर मथकुपिया के लिए निकली। उसके पहले जिला प्रशासन ने बिहार और झारखंड के स्थानीय नाविकों को बचाव कार्य के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरी रात होने व सोन नदी के तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिली। बिहार के सामाजिक कार्यकर्ता चांद चौबे ने स्थानीय नाविकों के साथ रात में ही कई बार प्रयास किया, लेकिन फंसे लोगों तक नहीं पहुंच पाए। करीब डेढ़ बजे रात तक सोन नदी के जल स्तर बढ़ रही थी। जिससे पूरी अफरा तफरी व दहशत व्याप्त था। उसके बाद बंशीधर नगर डीएसपी सत्येंद्र सिंह ने कनहर के खोले गए सभी 16 फाटक को बंद कराया। उसके बाद धीरे धीरे जल स्तर कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली। वर्ष 2016 में भी सोन नदी में अचानक बाढ़ आने के बाद कुछ लोग फंस गए थे। जिसे काफी मसक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से निकाला गया था।

स्वच्छ, त्रुटिरहित मतदाता सूची...
पुराने लेमिनेटेड, ब्लैक एंड वाइट मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, मतदाता पहचान पत्रों के वितरण, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने आदि बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पुनरीक्षण संबंधी कार्यों में गति लाने एवं इससे संबंधित लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इसके लिए अभी से सामूहिक प्रयास आवश्यक पर बल दिया। स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सभी की प्राथमिकता के साथ स्वच्छ मतदाता सूची से ही मतदान प्रतिशत में वृद्धि होने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत होने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी पदाधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रेस एवं मीडियाकर्मियों तथा जागरूक आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। 18 वर्ष पूर्ण हुए नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम का गलत विलोपन एवं एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग मतदान केन्द्रों के मतदाता सूची में नाम नहीं रहने देने तथा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में रिपीटेशन रहने की दिशा में विशेष ध्यान देते हुए त्रुटिरहीत मतदाता सूची का निर्माण के दिशा में सक्रियता से कार्य करने का निदेश दिया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिया।

राज्य में मादक पदार्थों की...
रांची है ना कि मुंबई या गोवा है, यहां के बार एवं रेस्टोरेंट को नियंत्रित ढंग से काम करना होगा ताकि सामाजिक दायित्व का समुचित निर्वहन हो सके। देर रात तक बार एवं रेस्टोरेंट खुला रहने से अप्रिय घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है, पुलिस की पीसीआर वैन रात में शराबियों एवं आपराधिक तत्वों पर नजर रखें. मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी।

स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के...
प्राथमिक स्वास्थ्य का जिला अस्पतालों से संपर्क सिस्टम बनाएं : मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों का जिला अस्पतालों से 24 घंटे संपर्क स्थापित करने की व्यवस्था बनाएं। ताकि, अगर कोई मरीज स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आता है और उसे बेहतर इलाज की जरूरत हो तो उसे जिला अस्पताल तक लाने की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र से लेकर जिला अस्पताल में जो मानव संसाधन उपलब्ध हैं, उसकी शत -प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्चित होनी चाहिए। अस्पतालों की जरूरत के हिसाब से मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। अगर किसी एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में चिकित्सा और चिकित्साकर्मियों की सेवा लेने की जरूरत हो तो उस दिशा में भी उचित कदम उठाए जाने चाहिए। लेकिन इसमें इस बात का ध्यान रखें की जिस अस्पताल से चिकित्सकों की सेवा दूसरे अस्पताल में ली जा रही है, वहां की चिकित्सीय व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए : मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर शिकायतें मिलती है कि स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में चिकित्सक ड्यूटी के दौरान भी उपलब्ध नहीं होते हैं । ऐसे में मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की तरह सरकारी अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम, सीसीटीवी और वाई-फाई की व्यवस्था और जिला तथा मुख्यालय स्तर पर इसकी निरंतर निगरानी की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की...
है। सोरेन ने कहा है कि सभी बहनों को यह बताना चाहता हूं कि यह हमेशा चलने वाली योजना है। योजना का लाभ लेने के लिए कोई समय सीमा नहीं है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी जरूरतमंद बहनें कभी भी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले, इसलिए 10 अगस्त तक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसे और पांछ दिन बढ़ाने का निर्देश दिया है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी आप जब भी चाहें, अपनी सुविधानुसार योजना का लाभ ले सकती हैं। सोरेन ने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी मिली है कि योजना में बहनों को मिल रहे लाभ को देखते हुए कहीं-कहीं कुछ बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी को बताना चाहते हैं कि इस योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उनपर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह बहनों की योजना है। राज्य की लाखों बहनों को हर साल 12 हजार रुपये मिलेगा। यही झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) का लक्ष्य है और उनका भी लक्ष्य है।

इस्तीफा दे दिल्ली पहुंची शेख...
आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा है कि स्थिति को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से बात की जाएगी। इसके साथ ही बांग्लादेश में सेना ने सभी तरह की हिंसा को तुरंत रोकने की सार्वजनिक अपील की है।

रविवार को मारे गए थे एक सौ प्रदर्शनकारी : मालूम हो कि इससे पहले रविवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में लगभग 100 लोग मारे गए और 1000 से अधिक घायल हो गए थे। सरकार विरोधी प्रदर्शनों में मरने वालों की कुल संख्या केवल तीन हफ्तों में 300 को पार कर गई, जिससे यह बांग्लादेश के नागरिक आंदोलन के इतिहास में सबसे खूनी दौर बन गया। छात्र 1971 में खूनी गृहयुद्ध में पाकिस्तान से बांग्लादेश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। ढाका के अधिकारियों के अनुसार, इस युद्ध में पाकिस्तानी सैनिकों और उनके समर्थकों द्वारा किए गए नरसंहार में 30 लाख लोग मारे गए थे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण को घटाकर पांच प्रतिशत करने के बाद छात्र नेताओं ने विरोध प्रदर्शन रोक दिया था, लेकिन छात्रों ने कहा कि सरकार ने उनके सभी नेताओं को रिहा करने की उनकी मांग को नजरअंदाज कर दिया है, जिसके कारण प्रदर्शन फिर से शुरू हो गए।

बांग्लादेश में आंदोलन-हिंसा...
22 जून को पीएम मोदी से मुलाकात भी की थी। इस दौरान कई सारे समझौतों पर भी मुहर लगाई गई थी। इसमें दोनों देशों के बीच में रुपयों में व्यापार करना भी शामिल था। लेकिन अब बांग्लादेश में आरक्षण के मामले को लेकर छात्रों शेख हसीना के विरुद्ध जो आंदोलन छेड़ा जो विकराल बना तो हसीना को पद से इस्तीफा देकर भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी है। ऐसे में बंगला देश पर अब सेना का राज है। यह यदि लंबे समय तक चला तो भारत को व्यापारिक रूप से बहुत नुकसान होगा।और यदि बांग्लादेश पर कट्टरपंथियों का शासन हो गया, तब तो भारत को और भी ज्यादा नुकसान होगा।पाकिस्तान,चीन जैसे पड़ोसी तो पहले से ही हैं, बंगलादेश भी दुश्मन हो जाएगा।

मलेरिया पीड़ित बच्ची की...
पीड़ित मनोहर मुंडा (40), सोनी देवी (35) (दोनो पति पत्नी) व दो बेटियां उर्मिला कुमारी (11) व प्रमिला कुमारी (9 वर्ष) में से दो की स्थिति गंभीर थी। जिसका इलाज चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था। सोनी देवी को हीमोग्लोबिन की काफी कमी है। इस कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था।

46 लोगों की हुई जांच,सभी निगेटिव : मलेरिया का मामला सामने आने के बाद सोमवार को गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष मलेरिया जांच कैंप भी लगाया गया। वहां 46 ग्रामीणों की मलेरिया जांच की गई। सभी का रिर्पोट निगेटिव आया है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,
जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार।

पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिला के पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या– 17 रा० (वि०) दिनांक– 16.07.2024 के द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक पशुपालकगण अपना आवेदन पत्र दिनांक– 30.08.2024 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में समर्पित किया जाय।

प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है :–

(क) वित्तीय वर्ष– 2024–25 में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित एक वर्ष का DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (DDT) पाठ्यक्रम। **प्रशिक्षणार्थी की योग्यता कम से कम 10+2 उत्तीर्ण हो।**

(ख) वित्तीय वर्ष– 2024–25 में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम। **प्रशिक्षणार्थी की योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो।**

(ग) राज्य के बाहर प्रशिक्षण सह परिदर्शन– **प्रगतिशील पशुपालकों (जिनके पास कम से कम 05 या उससे अधिक दुधारू पशु हो)।**

इच्छुक पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक– 30.08.2024 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में समर्पित करेगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड का छायाप्रति), एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में आवश्यक रूप से संलग्न करेगें।

नोटः– प्रशिक्षण हेतु आवेदन प्रपत्र या विशेश जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में सर्म्पक कर सकते है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 331830 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–03.08.2024

1. कार्य का नाम :

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
1	EE/RWD/ DALTONGANJ /18/2024-25	आर0ई0ओ0 रोड से दडटुट्टा तक पथ निर्माण कार्य । 4.49कि0मी0	573.308	पांच करोड़ तिहत्तर लाख तीस हजार आठ सौ रू0 मात्र	15 माह	प्रथम
2	EE/RWD/ DALTONGANJ /19/2024-25	कोकरो मुख्य पथ से अकवनीया भाया मध्य विद्यालय तक पथ निर्माण । 3.38कि0मी0	379.193	तीन करोड़ उन्नासी लाख उन्नीस हजार तीन सौ रू0 मात्र	12 माह	प्रथम
3	EE/RWD/ DALTONGANJ /20/2024-25	डुमरी मध्य विद्यालय से मुंगाड़ाथान भाया जगरनाथ पाल के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.905कि0मी0	178.846	एक करोड़ अठत्तर लाख चौरासी हजार छः सौ रू0 मात्र	09 माह	प्रथम
4	EE/RWD/ DALTONGANJ /21/2024-25	मुख्य पथ से जमालपुर होते हुए मायापुर सिवाना तक पथ निर्माण कार्य । 2. 29कि0मी0	266.887	दो करोड़ छियासठ लाख अठासी हजार सात सौ रू0 मात्र	12 माह	प्रथम

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 09.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 29.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 331824 Rural Development(24-25)#D

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Medininagar Municipal Corporation

e-Procurment Short Tender Notice

S.I.	Tender id	Name of work	Estimate	Earnest Money	Tender Fee	Completion of Work
		Part – A				
1	UDHD/MMC/12/2024-25	Construction of R.C.C Drain and paver block road from manayver show room to kamlesh sinha house in ward no. 16 Under Medininagar Municipal Corporation.	**2372360**	**47500**	**5000**	4 माह
2	UDHD/MMC/13/2024-25	Construction of R.C.C Drain and PCC road from Garhwa main road (rahimiya Masjid) to Sabir alam house in ward no. 31 Under Medininagar Municipal Corporation.	**1500330**	**30100**	**5000**	4 माह
		Part – B				
1		Date Of Publication Of Tender	06/08/2024 At 10:00 AM			
2		Date Of Publication Of Tender On Website	06/08/2024AT 10:00 AM			
3		Mode Of Submission Of Bids	E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In			
4		Date Start Of Submission Of Bids	06/08/2024 AT 10:00 AM			
5		Last Date/Time Of Submission Of Bids	20/08/2024 AT 02:00 PM			
6		Date Of Bid Opening	21/08/2024 AT 04:00 PM			
7		Name & Address Of Office Inviting Tender	Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation			
8		Contact No. Of Procurement Officer	9430783582, 8409756635 & 9386849354			
9		Helpline Number Of E-Procurement Cell	9430783582, 8409756635 & 9386849354			

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

Part - C नियम एवं शर्तें

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 331861 (District)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 03/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 27.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331036 द्वारा प्रकाशित किया गया था, में आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 16.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 331826 Rural Work Department (24-25)_D

समाहरणालय, चतरा
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Gmail - sport.chatra@gmail.com

Notice Inviting
Expression of Interest (EoI)
Selection of Agency for "Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra District"

Ref No. 325/Sports **Date 05.08.2024**

Office of District Sports Office, Chatra, Govt. of Jharkhand intends to Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra. The Line department intends to select reputed agencies to participate in the bidding process. The details are as follows:-

S.No.	Particular	Details
a.	Name of the work	Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra
b.	Availability of EoI document	Digital Copy from Gem Portal
c.	Last date & time for submission of Hard copies of the bid along with Sample.	Date - 17-08-2024 & Time - 05:00 pm
d.	Technical Proposal Opening Date	Date - 22-08-2024 & Time - 12:00 am
e.	EMD Details.	EMD – Rs.5,00,000 (Five Lakhs Rupees Only/-) Refundable. DD will be in favor of "District Sports Officer, Chatra" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Chatra MSME of Jharkhand is exempted of EMD fee.
f.	Address at which the tenders are to be submitted and opening of proposal	District Sports Office, 2nd floor, Collectorate Chatra, Jharkhand
g.	Mode of submission	Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other moderate submission of bids will be rejected.

Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: -https://chatra.nic.in/

District Sports Officer, Chatra

PR.NO.331919 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25):D

झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय
गृह, कारा एवं आपदा पबंधन विभाग, झारखंड
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा
E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com
Phone No. 06561-222104

अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना

HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-4/2024/1098

01	कारा का नाम	मंडल कारा, गढ़वा
02	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) चतुर्थ त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.10.2024 से 31.12.2024 तक।
03	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र।
04	बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय।	दिनांक–14.08.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–20.08.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
05	निविदा Online Upload करने की तिथि।	दिनांक–14.08.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–20.08.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
06	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि।	दिनांक–21.08.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–23.08.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
07	अग्रधन राशि (EMD)(₹ 2500/–से अधिक होने पर जमा करने की तिथि)	दिनांक–21.08.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–23.08.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
08	निविदा खुलने की तिथि/समय/ स्थान	दिनांक–24.08.2024, समय–पूर्वाह्न 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में।

नोट :–

1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह/0
काराधीक्षक,
मंडल कारा, गढ़वा

PR 331868 Prison (24-25)_D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

बांग्लादेश में सत्ता पलट

शेख हसीना ने भारत से मांगी मदद, दिल्ली ने तत्काल दी स्वीकृति

गृह मंत्री के आवास में लगाई आग बंग बंधु शेख मुजीबुर की मूर्ति तोड़ी

अवामी लीग के कार्यालय में लगाई आग : *बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों की वजह से देशभर में दंगे जैसे हालात हो गए हैं। बताया जा रहा है कि अवामी लीग के राजधानी ढाका के धानमोंडी इलाके में स्थित कार्यालय में आग लगाई गई है। वे हसीना के खिलाफ नारे लगा रहे थे।*

एजेंसी

ढाका। शेख हसीना के बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर सुरक्षित स्थान के लिए निकल जाने की खबर के बाद छात्रों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 'गणबंधन' पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका में बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति और शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को भी तोड़ दिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ढाका की सड़कों पर करीब चार लाख प्रदर्शनकारी हैं। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार को प्रदर्शनकारियों का कब्जा है। स्थिति नियंत्रण से बाहर होता देख प्रधानमंत्री ने इस्तीफे दे दिया और तत्काल भारत से मदद मांगी। भारत सरकार ने उन्हें भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने के लिए सुरक्षित रास्ता देने को मंजूरी दे दी। शेख हसीना देश को संबोधित करना चाहती थीं लेकिन उन्हें ऐसा करने का मौका ही नहीं मिल पाया और देश छोड़कर निकलना पड़ा।

इसके बाद शेख हसीना अपने परिवार के साथ सुरक्षित भारत पहुंच गए। इसबीच उग्र प्रदर्शनकारियों ने ढाका के पॉश इलाके धानमंडी में देश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के आवास में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। असदुज्जमां खान ने देश में चल रहे छात्रों के प्रदर्शनों में जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा जमात-शिबिर और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की भूमिका होने का हवाला देते हुए उन पर पाबंदी लगा दी थी।

शेख हसीना का भारत से रिश्ता



शेख हसीना बांग्लादेश के बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं। 1975 में परिवार के ज्यादातर सदस्यों के साथ एक सैन्य तख्तापलट में उनकी मौत हो गई थी। लेकिन शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना उस वक्त जर्मनी में थी। इसलिए जिंदा बच गई थी। तब इंदिरा गांधी ने शेख हसीना और उनकी बहन को भारत बुलाया था।

शेख हसीना के दुख के दिनों के साथी

प्रणब मुखर्जी की सलाह पर ही प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शेख हसीना को सपरिवार भारत में शरण दी थी। दिल्ली में सरकार ने शेख हसीना को पंडारा पार्क में सरकारी आवास दिया था। वह कुछ समय तक 56 लाजपत नगर-पार्ट थ्री में भी रही थीं। शेख हसीना,उनके पति और बच्चों के लिए प्रणब मुखर्जी और उनकी पत्नी शुभ्रा मुखर्जी दिल्ली में एक तरह से संरक्षक की भूमिका में रहते थे। शेख हसीना का परिवार हफ्ते में कम से दो दिन- तीन बार प्रणब

1981 में अपने देश वापस चली गईं

दिल्ली में शेख हसीना के दोनों बच्चे सजीब वाजेद 'जॉय' और साइमा वाजेद हुसैन पुतुल और प्रणब दा के पुत्र अभिजीत, इंद्रजीत और पुत्री शर्मिष्ठा एक साथ बड़े हुए थे। ये सब बीच-बीच में इंडिया गेट में खेलने के लिए चले जाते थे। शेख हसीना 1981 में अपने देश वापस चली गईं पर उनका प्रणब कुमार मुखर्जी के परिवार से गहरा संबंध बना रहा। प्रणब कुमार मुखर्जी और शुभ्रा ने उस रिश्ते को बनाए रखा।

शेख हसीना के जाते ही ढाका एयरपोर्ट बंद : शेख हसीना के देश छोड़कर जाते ही बांग्लादेश की राजधानी ढाका का एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। सभी उड़ानों को रद कर दिया गया है। इस सूचना की एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जब हमें सूचना मिलेगी, हम आपको इसकी जानकारी दे देंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि कब यह उड़ानें शुरू होंगी।

बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था से भड़की हिंसा

- बांग्लादेश में 30 फीसदी नौकरियां 1971 में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बच्चों और पौत्र-पौत्रियों के लिए।
- प्रशासनिक जिलों के लिए 10 प्रतिशत, महिलाओं के लिए 10 प्रतिशत, जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए 5 प्रतिशत और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए 1 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रही हैं।
- इस रिजर्वेशन सिस्टम को 2018 में निलंबित कर दिया गया था, जिससे उस समय इसी तरह के विरोध प्रदर्शन रुक गए थे।
- पांच जून 2024 को ढाका हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के लिए आरक्षण की व्यवस्था को फिर से लागू करने का आदेश दिया था।
- बांग्लादेश में स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों को दिए गए आरक्षण के विरोध में एक जुलाई से प्रदर्शन की शुरूआत हुई। ओदोलन उग्र होता गया इसमें डेढ़ सौ से ज्यादा प्रदर्शनकारी मारे गए।
- आंदोलन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश टीवी पर एक ब्यान दिया कि आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों को नहीं मिलेगा तो क्या रजाकारों (बांग्लादेश में इस शब्द को 1971 मुक्ति संग्राम में पूर्वी पाकिस्तान का साथ देने वालों के लिए इस्तेमाल किया जाता है) को मिलेगा, इससे आंदोलन और तेज हो गई।
- 22 जुलाई 2024 को बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में 56% आरक्षण देने के ढाका हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। आरक्षण को 56% से घटाकर 7% कर दिया। इसमें से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को 5% कोटा और एथनिक माइनॉरिटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग को 2% कोटा दिया गया।
- इसके बाद आंदोलन कुछ समय के लिए नरम रुक गया। आंदोलनरत विभिन्न संगठनों के लोग अपने नेताओं की रिहाई की मांग की अनदेखी पर फिर आंदोलन करने लगे।
- रविवार को हुए आंदोलन का विरोध सत्तारूढ़ दल से जुड़े संगठनों ने सड़क पर उतर कर किया। इसमें एक सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने के बाद सोमवार को स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ाना पड़ा।

अंतरिम सरकार का होगा गठन : सेना प्रमुख वकार

इधर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने घोषणा की कि शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और देश को चलाने के लिए जल्द ही अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। जनरल वाकर-उज-जमान ने नागरिकों से बांग्लादेश की सेना पर भरोसा बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि सुरक्षा बल आने वाले दिनों में देश में शांति सुनिश्चित करेंगे। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि वह जल्द ही राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से मुलाकात करेंगे। अधिकारियों ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस स्टेशनों, सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों और उनके नेताओं के आवासों पर हमला किया और कई वाहनों को जला दिया।

विपक्षी खालिदा जिया के बेटे ने हसीना पर कसा तंज

विपक्षी नेता खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान ने शेख हसीना पर तीखा तंज कसा है। तारिक ने कहा कि शेख हसीना का इस्तीफा लोगों की ताकत का सबूत है। यह आने वाली कई पीढ़ियों के लिए उदाहरण होगा। यह दशार्ता है कि कैसे लोगों का साहस तानाशाही सत्ता को उखाड़कर फेंक सकता है। उन्होंने कहा कि हम मिलकर बांग्लादेश को एक लोकतांत्रिक देश बनाएंगे।

भारतीय रेल ने किया बांग्लादेश के लिए सभी ट्रेनों का परिचालन स्थगित

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने बांग्लादेश में चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सोमवार को पड़ोसी देश जाने वाली सभी ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया। प्रभावित ट्रेनों में कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस (13109/13110), कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस (13107/13108), कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस और ढाका-न्यू जलपाईगुड़ी-ढाका मिताली एक्सप्रेस शामिल हैं।

बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ाई चौकसी

गुवाहाटी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर चौकसी बढ़ा दी है। बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत चौधारी भी कोलकाता पहुंच चुके हैं। बीएसएफ सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया। स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए बीएसएफ के महानिदेशक भी कोलकाता पहुंच गए। दरअसल, पश्चिम बंगाल के अलावा, असम, मेघालय और त्रिपुरा के दो हजार 500 किलोमीटर की सीमा बांग्लादेश से लगी हैं। यह सीमा कई स्थानों पर अभी भी सीमा खुली हुई है। सीमा पर कई स्थानों पर घनी आबादी है, तो कई स्थानों पर घने जंगल हैं। बांग्लादेश में उत्पन्न अराजक स्थिति के बीच खुली सीमा का फायदा उठाकर उपद्रवी तत्व भारत में घुसने की आशंका के चलते भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ा दी है।

सरकार की चेतावनी: बांग्लादेश की यात्रा ना करें भारतीय नागरिक

भारत के विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को चेतावनी दी है कि वे हिंसा और प्रदर्शन को देखते हुए बांग्लादेश की यात्रा नहीं करें। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश के हालात को देखते हुए भारतीय नागरिकों को चेतावनी दी जाती है कि वे अगले नोटिस तक बांग्लादेश की यात्रा नहीं करें। वहीं बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अत्यधिक सतर्कता बरतें और बाहर कम निकलें। साथ ही ढाका में भारतीय उच्चायोग के साथ लगातार संपर्क में बने रहें।

कोलकाता में बांग्लादेश के हालात का असर हाई कमीशन के सामने बढ़ाई गई सुरक्षा

कोलकाता। कोलकाता में स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के कार्यालय के सामने सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लालबाजार पुलिस मुख्यालय ने हाई कमीशन के सामने पुलिसकर्मियों की संख्या में इजाफा किया है। अब, सामान्य दिनों की तुलना में वहां अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। लालबाजार के लगभग 15 से 20 पुलिस अधिकारी हाई कमीशन की सुरक्षा में तैनात हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हाई कमीशन के सामने विरोध प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए यह सुरक्षा बढ़ाई गई है।